# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

भोपाल, सोमवार 26 जनवरी 2026







# मप्र की चार हस्तियों को पद्मश्री... नागर, रैकवार, पंत और व्यास होंगे राष्ट्रीय सम्मान से विभूषित

भारत सरकार की ओर से दिए जाने वाले पद्म पुरुस्कारों की घोषणा हो गई। इसमें 2026 के पुरस्कारों में मप्र की 4 हस्तियों को पद्मश्री से सम्मानित किया जाएगा। इनमें भोपाल के प्रख्यात लेखक व हिंदी सेवी कैलाशचंद्र पंत, सागर के मार्शल आर्ट कलाकार भगवानदास रैकवार मप्र जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर और पुरातत्वविद डॉ. नारायण व्यास को पद्मश्री से सम्मानित किया जाएगा।

## 1 मोहन नागर, बैतूल

### बैतूल की सोना घाटी में प्राकृतिक जल चक्र को पुनर्जीवित कर दिया



**नागर ने प्रारंभ किया 'गंगा अवतरण अभियान'**

जमीनी स्तर पर कार्यरत पर्यावरण कार्यकर्ता मोहन नागर ने जल संरक्षण, भू-जल संवर्धन और समग्र पर्यावरण जागरूकता के क्षेत्र में उनके दशकों लंबे योगदान ने न केवल प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को मजबूती दी है, बल्कि समाज को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाने में भी अहम शेष पेज 14 पर

## 2 कैलाशचंद्र पंत, भोपाल

### भाषा और साहित्य समाज को कैसे एकजुट करता है, उन्होंने यह बताया



**वे राष्ट्रभाषा प्रचार समिति वर्धा के राष्ट्रीय संयोजक**

शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में कैलाश चंद्र पंत (90) को इस सम्मान के लिए चुना गया है। उन्होंने कहा कि पद्मश्री मिलने पर उन्हें गर्व है। उनके परिवार में खुशियों का माहौल है। उनका पूरा जीवन शिक्षा और साहित्य के लिए समर्पित है। वे हिंदी साहित्यकार, पत्रकार और प्रमुख शेष पेज 14 पर

## 3 भगवानदास रैकवार, सागर

### युवाओं को पारंपरिक युद्ध कला सिखाई विलुप्तप्राय: लोक कलाएं जीवित कीं




**बुंदेली युद्ध कला के संरक्षण, प्रशिक्षण और प्रचार के लिए मिला सम्मान**

पद्म श्री 2026 की सूची में सागर के रहने वाले भगवानदास रैकवार का भी नाम शामिल है, जिन्हें बुंदेली युद्ध कला के संरक्षण, प्रशिक्षण और प्रचार के लिए सम्मानित किया गया है। रैकवार का कहना है उन्होंने क्षेत्र के सैकड़ों युवाओं को लाठी, भाला, तलवार, ढाल, त्रिशूल, फरसा और कबड्डी शेष पेज 14 पर

## 4 डॉ. नारायण व्यास, भोपाल

### प्रागैतिहासिक औजारों और शैलचित्रों की दुनिया खोजी



**मध्य प्रदेश के पुरातत्व क्षेत्र में 'ग्रैंड ओल्ड मैन'**

प्रमुख पुरातत्वविद् डॉ. नारायण व्यास को पद्म श्री से सम्मानित किया गया है। यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों भीमबेटका, सांची स्तूपों और रानी की वाव के संरक्षण में उनके असाधारण योगदान को मान्यता दी गई है। डॉ. व्यास ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में सीनियर आर्कियोलॉजिस्ट के रूप में शेष पेज 14 पर

**नई पीढ़ी को यह तथ्य जानना चाहिए**

**1950 में ऐसा था भोपाल :** जब शहर दरवाजों के बाहर निकला तो राष्ट्रीय आयोजन भी बड़े स्तर पर होने लगे

# 1950 से पहले भोपाल 7 दरवाजों में बंद था गणतंत्र दिवस से यह खुलता और खिलता गया

*26 जनवरी 1950, गणतंत्र दिवस भारत गणराज्य का एक राष्ट्रीय पर्व है, पर उस वक्त भोपाल कैसा था, उसके जीवन का मिजाज और ढंग कैसा था, हरिभूमि इस गणतंत्र दिवस पर यह जानकारी आपसे साझा कर रहा है*

एमएम सिद्दीकी ▸▸ भोपाल

76 साल पहले राजधानी भोपाल सात दरवाजों के भीतर बसती थी। इन दरवाजों के बाहर बसाहट नहीं थी। सूरज ढलते ही दरवाजे बंद हो जाते थे। जब नवाबी शासनकाल खत्म हुआ उसके बाद कई सालों तक गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस समारोह शहर के भीतर हुआ करते थे। जब शहर दरवाजों के बाहर निकला तो राष्ट्रीय आयोजन भी बड़े स्तर पर होने लगे। यह कहना है कि शहर के इतिहासकार एसएम हुसैन का।



एसएम हुसैन

उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे शहर की बसाहट हुई और दायरा बढ़ना शुरू हुआ तो यह आयोजन की भव्यता भी बढती गई। हुसैन ने बताया कि नवाबी दौर में शहर सात दरवाजों के भीतर हुआ करता था। सभी दरवाजे सूरज ढलते ही बंद हो जाते थे। बुधवारा, गिन्नौरी, बारा महल आदि इलाकों में नवाबी शासनकाल के कर्मचारी रहा करते थे। सभी दरवाजों पर पहरा रहता था। धीरे-धीरे शहर दरवाजों से बाहर निकलना शुरू हुआ। अलग-अलग नवाबों शेष पेज 14 पर

**शहर दरवाजों से बाहर निकला तो जहांगीराबाद श्यामला हिल्स, संत नगर अस्तिव में आए**

**अलग खबर**




मिंटो हॉल का दृश्य

**बाग उमराव दूल्हा, बाग फरहत अफ्जा बैरसिया रोड, महामाई का बाग, ईंटखेड़ी और काजी कैंप तक बागीचे थे, जहां अब धनी आबादी**

**बुधवारा, गिन्नौरी, बारा महल आदि इलाकों में नवाबी शासनकाल के कर्मचारी रहा करते थे**

### बेनजीर मैदान पर महात्मा गांधी की हुई थी सभा

*पुराने शहर के बेनजीर मैदान पर 1929 में आजादी के पहले महात्मा गांधी भोपाल आए थे और यहां एक बड़ी जनसभा को संबोधित किया था। इस दौरान उनके ठहरने की व्यवस्था राहत मंजिल में की गई थी। उनकी यात्रा की खास बात यह रही कि राहत मंजिल से बेनजीर मैदान तक के रास्ते और सभा स्थल को खादी के कपड़ों से सजाया गया था।*

### 1950 से पहले शहर तन्हा यानि चहारदीवारी में था



ताहा पाशा

सेवानिवृत वाणिज्य कर अधिकारी ताहा पाशा कहते हैं कि 1950 से पहले शहर तन्हा यानि चहारदीवारी में हुआ करता था। जहांगीराबाद और शाहजहांनाद क्षेत्र की बसाहट बाद में हुई। नवाबी शासनकाल में कार्यक्रम न्यू सैफिया कॉलेज में होते थे। जुमेराती, इब्राहिमपुरा आदि स्थानों पर सभाएं होती थीं।

**पद्म पुरस्कार 2026 के विजेताओं का ऐलान**

*राष्ट्रपति ने 131 पद्म पुरस्कार देने की मंजूरी दी, इसमें पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार*

# इन 'नायकों' ने बढ़ाया राष्ट्र का 'मान'



*इस साल देश ने उन असाधारण नायकों को सम्मानित करने का फैसला किया है जो चुपचाप समाज की सेवा में लगे रहे। ये वो गुमनाम हीरो हैं जिन्होंने साहित्य, शिक्षा, चिकित्सा, कला, समाजसेवा और जनकल्याण जैसे क्षेत्रों में अपना जीवन समर्पित कर दिया*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार द्वारा जारी सूची में कुल 45 ऐसे नायकों के नाम शामिल हैं, जिन्हें पद्म श्री से नवाजा जा रहा है। इनमें पूर्व बस कंडक्टर से लेकर लोक कलाकार, चिकित्सक, शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता तक शामिल हैं।

ये पुरस्कार गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिए जाते हैं। इनमें साहित्य, शिक्षा, समाजसेवा, चिकित्सा, कला और जनकल्याण जैसे क्षेत्रों से जुड़े कई नाम शामिल हैं। इनमें साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए अंके गौड़ा के अलावा बृज लाल भट्ट, बुधरी ताती, भगवानदास रायकवार, धर्मिक लाल चुन्नी लाल पांड्या, डॉ श्याम शेष पेज 14 पर



### धर्मेंद्र को पद्म विभूषण, पूर्व सीएम शिबू सोरेन को पद्म भूषण सम्मान

दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र सिंह देओल (मरणोपरांत) को कला के क्षेत्र में पद्म विभूषण, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन (मरणोपरांत) को सार्वजनिक संबंध के क्षेत्र में पद्म भूषण से सम्मानित किया जाएगा। वहीं भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा और हरमनप्रीत कौर को खेल के क्षेत्र में पद्म श्री से सम्मानित किया जाएगा।

पढ़ें पेज 09 भी

### इन 13 हस्तियों को पद्म भूषण सम्मान

अलका याग्निक कला (महाराष्ट्र), भगत सिंह कोश्यारी- लोक कार्य (उत्तराखंड), डॉ. कालीपट्टी रामासामी पलानीस्वामी- चिकित्सा (तमिलनाडु), मम्मूटी- कला (केरल) डॉ. नोरी दत्तात्रेयुडु- चिकित्सा (संयुक्त राज्य अमेरिका), पीयूष पांडे (मरणोपरांत)- कला (महाराष्ट्र), एसकेएम माइलानंदन- सामाजिक कार्य (तमिलनाडु), शतावधानी आर. गणेश- कला (कर्नाटक), शिबू शेष पेज 14 पर







MSN माता श्री नेत्रालय

मल्टीस्पेशलिटी नेत्र संस्थान

माताश्री नेत्रालय विगत 42 वर्षों से नेत्र सेवा में तन्मयता से सेवारत ...

नेत्र सेवा में विश्वास

डॉ. पी.एस. बिन्द्रा M.B.B.S., M.D., D.O.M.S.

डॉ. प्रीति बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FCRS लेजर विशेषज्ञ

डॉ. चाहवीर बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FRVS रेटिना विशेषज्ञ

जी-2, मनोरा होम्स के पास (ओरा मॉल के पीछे) गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल

समय : सुबह 10.30-3 बजे तक शाम 4.30-6.30 बजे (रविवार अवकाश)

फोन : 0755-2562222, 2562233 मो.: 9826084896



inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

*गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुधि पाठकों, एजेंसियों विज्ञापनदाताओं और हॉकर बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।*

### अवकाश

*इस अवसर पर 26 जनवरी सोमवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। 28 जनवरी बुधवार को आपका यह प्रिय अखबार आपके हाथों में होगा।*

*प्रधान संपादक*

**आज गणतंत्र दिवस पर होंगे सम्मानित, 17 अधिकारियों को सराहनीय सेवा पदक मिलेगा**

कुल 21 पदक मध्य प्रदेश के खाते में आए

# इंदौर पुलिस कमिश्नर सहित 4 पुलिस अफसरों को राष्ट्रपति पदक



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर केंद्र सरकार ने पुलिस, फायर, होमगार्ड व अन्य सेवाओं के लिए पदकों की घोषणा कर दी है। इसमें मध्य प्रदेश के लिए यह उपलब्धि खास रही है। इंदौर को ट्रैफिक से मुक्त अधिकांश जगहों पर बनाने के लिए पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह को अवार्ड दिया जाएगा। भोपाल में कानून व्यवस्था पर बेहतर पकड़ बनाने और साथ ही क्राइम कंट्रोल के मामले में अवधेश गोस्वामी को पुरस्कार दिया जाएगा। नर्मदा पुरम क्षेत्र के आईजी मिथिलेश शुक्ला को इलाके में एक गहन अपराध के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता के लिए सम्मानित किया जाएगा।

जारी आधिकारिक सूची के अनुसार, मध्य प्रदेश पुलिस के 21 अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रपति पदक और सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया जाएगा।

### सराहनीय सेवा पदक इन्हें दिए जाएंगे



कृष्णावेणी देसावतु



मिथिलेश शुक्ला




संतोष सिंह

सराहनीय सेवा के लिए पुलिस महानिरीक्षक एवं सचिव गृह विभाग कृष्णावेणी देसावतु, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय, जोनल पुलिस अधीक्षक ग्वालियर गितेश कुमार गर्ग, पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त भोपाल दुर्गेश कुमार राठौर, निरीक्षक/एमआरएमआर प्रवीण सिंह, निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, निरीक्षक/निधि श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक संजय सिंह ठाकुर, शेफाली टाकलकर, प्रधान आरक्षक श्रीराम मिश्रा, आरक्षक सुशील कुमार चौबे, उप निरीक्षक प्रेम किशोर व्यास, उप निरीक्षक उमराव प्रसाद जाटव, सहायक उप निरीक्षक महेंद्र सिंह नेगी, सहायक उप निरीक्षक संतोष मेहरा, आरक्षक रविंद्र मिश्रा तथा निरीक्षक राजू गुराने को पदक दिया जाएगा।

### चार अफसरों को राष्ट्रपति पदक

राज्यवार जारी आंकड़ों के मुताबिक 4 अफसरों को राष्ट्रपति पदक दिए जाएंगे। मध्यप्रदेश के चार पुलिस अफसरों को प्रेसिडेंट्स मेडल फॉर डिस्टिंग्विशड सर्विस यानी राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया जाएगा। मप्र के 17 पुलिस अफसरों को सराहनीय सेवा पदक यानी मेडल फॉर मेरिटॉरियस सर्विस से सम्मानित किया जाएगा। इस तरह कुल 21 पदक मध्य प्रदेश के खाते में आए हैं, जो राज्य पुलिस के अनुशासन, कार्यक्षमता और निरंतर सेवा के लिए ये सम्मान प्रदान किए जाएंगे।


नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
मध्यप्रदेश शासन
77वें गणतंत्र दिवस की
प्रदेशवासियों को अनेक मंगलकामनाएं
'भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। आज राष्ट्र के हर नागरिक के हृदय में देशभक्ति और देश के लिए गर्व का भाव सशक्त हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की नेतृत्व क्षमता के फलस्वरूप यह सब संभव हो पाया है। आज भारत वैश्विक शक्ति बनकर उभर रहा है।'
-डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश
मध्यप्रदेश की उन्नति के मुख्य स्तंभ
अन्नदाता की समृद्धि से प्रगति की ओर मध्यप्रदेश
वर्ष 2026 को 'किसान कल्याण वर्ष' के रूप में घोषित किया गया है, इसका उद्देश्य अन्नदाता को समृद्ध और सशक्त बनाना है।
युवा शक्ति से राष्ट्र निर्माण
मध्यप्रदेश के युवा सक्षम और कौशलवान बनकर अपने सपनों को साकार करें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।
गरीब एवं जनजातीय वर्ग की तरक्की का संकल्प
गरीब और जनजातीय वर्ग के उत्थान के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार और समस्त मूलभूत सुविधाओं के लिए हमारी सरकार संकल्पित है।
सशक्त नारी - सशक्त मध्यप्रदेश
नारी परिवार और समाज का दर्पण होती है। महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके पोषण, स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा एवं रोज़गार तक का ख्याल प्रदेश सरकार रख रही है।
अतुल्य विरासत से वैभवशाली मध्यप्रदेश
मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विरासत अत्यंत अद्भुत एवं समृद्ध है। यहां नैसर्गिक सुंदरता के साथ-साथ कला और संस्कृति भी बहुआयामी है।
औद्योगिक विकास का नया अध्याय
मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास का एक उभरता केंद्र बन चुका है। गांवों को शहरों से जोड़ना हो या नए उद्योग स्थापित करने हों, प्रदेश आज चौतरफा विकास की ओर लगातार आगे बढ़ रहा है।
D-11193/25
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP

भोपाल
सोमवार, 26 जनवरी 2026
माघ मास शुक्ल पक्ष-08
वर्ष : 12, अंक : 297
पृष्ठ : 20 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 22
न्यून. 13



# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




पीएम मोदी राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर देंगे श्रद्धांजलि, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी

# 77वें गणतंत्र दिवस परेड के साक्षी बनेंगे 10,000 मेहमान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इस साल 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली परेड को देखने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 10,000 विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है।

आमंत्रित अतिथियों में आय और रोजगार सृजन में अनुकरणीय कार्य करने वाले, सर्वश्रेष्ठ नवप्रवर्तक, शोधकर्ता और स्टार्टअप, स्वयं सहायता समूह और प्रमुख सरकारी पहलों के तहत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले लोग शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान के अनुसार राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को सम्मानित करने और

**इनमें आय और रोजगार सृजन में अनुकरणीय कार्य करने वाले सर्वश्रेष्ठ नवप्रवर्तक, शोधकर्ता और स्टार्टअप, स्वयं सहायता समूह और प्रमुख सरकारी पहलों के तहत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले लोग शामिल**

राष्ट्रीय महत्व के आयोजनों में जन भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से उन्हें आमंत्रित किया गया है।


कर्तव्य पथ

सुबह 10:30 बजे परेड शुरू होगी, लगभग 90 मिनट तक चलेगी

इन विशेष अतिथियों को कर्तव्य पथ पर प्रमुख स्थान पर बैठाया जाएगा। समारोहों के अतिरिक्त, विशेष अतिथियों के लिए राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, प्रधानमंत्री संग्रहालय और दिल्ली के अन्य प्रमुख स्थानों के भ्रमण की व्यवस्था की गई है। उन्हें संबंधित मंत्रियों से बातचीत करने का अवसर भी मिलेगा। हर साल की तरह इस वर्ष भी नई दिल्ली के इंडिया गेट के पास कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की परेड होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि देंगे। साथ ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रीय ध्वज फहराकर इस खास दिन की शुरुआत करेंगी।

**वंदे मातरम की थीम पर कर्तव्य पथ पर, 1923 में तेजेंद्र कुमार मित्रा की ओर से बनाई गई चित्रों की एक श्रृंखला को प्रदर्शित किया जाएगा**

वंदे मातरम की थीम पर कर्तव्य पथ पर, 1923 में तेजेंद्र कुमार मित्रा की ओर से बनाई गई चित्रों की एक श्रृंखला को प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही राष्ट्रगान 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ का जश्न मनाएगा। जो गीत की पंक्तियों को दर्शाते ▸▸ शेष पेज 14 पर

### परेड में निकलेंगी 30 झांकियां

कर्तव्य पथ पर परेड के दौरान कुल 30 झांकियां निकलेंगी। इसमें से 17 राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों की और 13 मंत्रालयों या विभागों या सेवाओं की होंगी। यह भारत की विविधता, प्रगति और विरासत का प्रतिनिधित्व करेंगी। कर्तव्य पथ पर लगभग 2,500 सांस्कृतिक कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। प्रदर्शन का विषय 'स्वतंत्रता का मंत्र- वंदे मातरम' और 'समृद्धि का मंत्र- आत्मनिर्भर भारत' होगा। परेड के अंत में 'वंदे मातरम' लिखे बैनर का अनावरण किया जाएगा और साथ ही रबर के गुब्बारे भी छोड़े जाएंगे। हवाई करतब परेड में प्रमुख आकर्षण होंगे। लड़ाकू और सहायक विमानों की फ्लाईपास्ट के जरिए भारतीय वायु सेना की क्षमताओं का प्रदर्शन करेगा। सशस्त्र बलों के कुल 29 विमान शामिल होंगे। परेड में पशु दल और औपचारिक इकाइयां भी शामिल होंगी।

## खबर संक्षेप

### भागीरथपुरा में 28 वीं मौत, चल रहा था इलाज

**इंदौर।** भागीरथपुरा दूषित पानी कांड से मौतों का सिलसिला रुकने का काम नहीं ले रहा है। इंदौर में



एक माह में 28 वीं मौत हो चुकी है। सेवानिवृत शिक्षक राजाराम बौरासी (75) की रविवार सुबह मौत हो गई। बौरासी कांग्रेस के वार्ड अध्यक्ष भी थे। उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों का कहना है कि डायरिया नहीं वे अन्य बीमारियों से भी पीड़ित थे।

### बुजुर्ग को बाइक में बांधकर घसीटा, गंभीर


**रीवा।** जिले में बदमाशों ने एक बुजुर्ग साइकिल सवार को रस्सी से बांधकर घसीटा है। बुजुर्ग को



अस्पताल में भर्ती किया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं, इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दो अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। बताया गया है कि बदमाशों ने बाइक पर बुजुर्ग को बांधकर करीब 3 किमी तक घसीटा था। घटना सेमारिया थाना क्षेत्र के पड़रिया इलाके की है।

### राम मंदिर में बम ब्लास्ट की सूचना से सनसनी

**अयोध्या।** यूपी के अयोध्या स्थित राम मंदिर में बम ब्लास्ट की सूचना से सनसनी फैल गई। सूचना के



बाद सक्रिय हुई पुलिस ने रामनगरी की सुरक्षा बढ़ा दी है। कॉलर को हिरासत में ले लिया गया है। युवक गोंडा का रहने वाला बताया जा रहा है। आरोपी युवक दिमागी रूप से असंतुलित है। शनिवार रात 10:30 बजे 112 पर फोन करके पुलिस को राम मंदिर में ब्लॉस्ट होने की सूचना दी गई। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है।

नृशंसता की सारी सीमाएं लांघी...बांग्लादेश में एक और हिंदू की हत्या

# दुकान में सोते हुए 23 साल के चंचल भौमिक को गैरेज में जिंदा जला डाला

*बांग्लादेश में चुनाव होने वाले हैं लेकिन उससे पहले कट्टरपंथियों द्वारा लगातार हिंदुओं और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बांग्लादेश में चुनाव होने वाले हैं लेकिन उससे पहले कट्टरपंथियों द्वारा लगातार हिंदुओं और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। अब एक बार फिर वहां से एक हिंदू युवक की नृशंस हत्या की खबर सामने आई है। हत्या करने वालों ने क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं और जिस गैराज में युवक सो रहा था उसमें ही पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। युवक अपनी जान बचाने के लिए बाहर न आ सके इसलिए गैराज का शटर गिरा दिया। इसके चलते आग में झुलसकर शख्स की मौत हो गई है।

दरअसल, ये मामला शुक्रवार की रात है। बांग्लादेश के नरसिंदी में 23 साल के चंचल भौमिक अपनी दुकान में सो रहे थे। ऐसे में हमलावरों ने पहले दुकान का शटर गिराया और फिर दुकान पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। इसके चलते चंचल नींद से उठने के बाद भी दुकान से बाहर न आ सका। चंचल भौमिक से पहले दीपू चंद्र दास से लेकर खोकोन चंद्र दास जैसे हिंदुओं की हत्या हो चुकी है।

**हमलावरों ने पेट्रोल छिड़का और आग लगा दी**


चंचल भौमिक (मृतक)




***युवक अपनी जान बचाने के लिए बाहर न आ सके इसलिए गैरेज का शटर गिरा दिया***

***ये धार्मिक विद्वेष से प्रेरित एक सोची समझी साजिश से की गई निर्मम हत्या***

### आखिरी सांस थमने तक खड़े रहे हत्यारे

धू-धू कर जलती दुकान का शटर बंद होने और भीषण आग में झुलसने के चलते चंचल भौमिक की दर्दनाक मौत हो गई। इस दौरान वह लगातार चीख रहा था लेकिन इसके बावजूद हमलावरों का क्रूर हृदय नहीं पसीजा। जब तक चंचल की आग के चलते मौत नहीं हो गई, तब तक हमलावर वहीं मौजूद रहे।

### घर का सहारा था चंचल भौमिक

*मृतक चंचल के सिर पर पूरे परिवार की जिम्मेदारी थी। उसकी मां बीमार रहती हैं, और भाई दिव्यांग है। उसके पड़ोसियों ने बताया कि वह एक बेहद ही शांत स्वभाव का मेहनती शख्स था। परिवार का आरोप है कि ये धार्मिक विद्वेष से प्रेरित एक सोची-समझी साजिश से की गई निर्मम हत्या है।*

### स्थानीय हिंदू नेताओं में आक्रोश

पुलिस का कहना है कि घटनास्थल से साक्ष्य इकट्ठा किए गए हैं। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। वहीं स्थानीय हिंदू समुदाय के नेताओं ने इस निर्मम हत्या की कड़ी निंदा की है। उन्होंने दोषियों की तुरंत पहचान और गिरफ्तारी की मांग करते हुए प्रशासन से इलाके में अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने की अपील की है।

### उस्मान हादी की हत्या के बाद से हिंदू अल्पसंख्यकों को बनाया जा रहा निशाना

पिछले कुछ महीनों में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर हिंसा की कई घटनाएं सामने आई हैं। यह सिलसिला छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद तेज हुआ। बीते हफ्ते हिंदू व्यापारी लिटन चंद्र दास की भीड़ ने हत्या कर दी। एक अन्य मामले में पेट्रोल पंप पर काम करने वाले रिपन साहा को एक वाहन ने कुचल दिया। वाहन बिना भुगतान किए भाग रहा था और साहा ने उसे रोकने की कोशिश की थी। बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं।

सतना में एंबुलेंस ने ही ले ली 'जान'

## अस्पताल के बाहर जाम हो गया दरवाजा, हार्ट पेशेंट ने तोड़ा दम

**जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की भयावह तस्वीर सामने आई**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सतना

जिला अस्पताल में एक 108 एंबुलेंस की तकनीकी खराबी के कारण एक हृदय रोगी की जान चली गई।

सोमवार को रामनगर क्षेत्र से राम प्रसाद नामक मरीज को लेकर एंबुलेंस जिला अस्पताल पहुंची थी, लेकिन अस्पताल के गेट पर ही एंबुलेंस का पिछला दरवाजा


एंबुलेंस का दरवाजा खोलते लोग

जाम हो गया। काफी कोशिशों के बावजूद दरवाजा नहीं खुलने पर मरीज और उसके परिजन अंदर ही फंसे रह गए। एंबुलेंस चालक ने खिड़की से घुसकर लॉक तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन इस प्रक्रिया में ▸▸ शेष पेज 14 पर

सिंगरौली में बड़ा हादसा

## असुरक्षित मिट्टी खदान धंसने से तीन लोगों की मौत, दो घायल

**मृतकों में दो नाबालिग बच्चियां भी शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिंगरौली

जिले के ग्रामीण इलाके में दो नाबालिगों सहित तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। जियावन थाना क्षेत्र के परसोहर गांव में छुई (पोतने वाली मिट्टी) निकालने के दौरान अचानक मिट्टी धंस गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही जान चली गई,


मिट्टी हटाते लोग

जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। मृतकों में दो नाबालिग बच्चियां भी शामिल हैं। रविवार दोपहर करीब 1:20 बजे गांव की कुछ महिलाएं और बच्चियां रोजमर्रा की जरूरत के लिए खुरपी ▸▸ शेष पेज 14 पर

मुरैना में मासूम से हैवानियत

### कुत्ते का डर दिखाकर अंदर बुलाया, की वारदात


**मुरैना।** जिले के एक गांव में 5 साल की मासूम के साथ रेप का मामला सामने आया है। बच्ची अपने पिता के लिए पड़ोस की दुकान पर गुटखा लेने गई थी वहां दुकान पर बैठे 17 वर्षीय नाबालिग लड़के ने उसे अपनी हवस का शिकार बनाया। वारदात के बाद पीड़िता ने घर जाकर माता-पिता को आपबीती बताई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रेप और पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। महुआ थाना पुलिस ▸▸ शेष पेज 14 पर


■ आरोपी पुलिस हिरासत में पूछताछ जारी

दिल्ली में ली अंतिम सांस

### मशहूर पत्रकार और लेखक मार्क टली का निधन हुआ

**नई दिल्ली।** जाने माने लेखक और वरिष्ठ पत्रकार मार्क टली का रविवार को नई दिल्ली के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। अपनी पत्रकारिता के लिए कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाले मार्क टली कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और पिछले एक सप्ताह से साउथ दिल्ली के साकेत स्थित मैक्स अस्पताल में भर्ती थे। मैक्स हॉस्पिटल ने बयान जारी करके कहा कि विलियम मार्क टली ▸▸ शेष पेज 14 पर


■ स्ट्रोक के बाद मल्टी-ऑर्गन फेलियर बनी वजह

27 राज्यों के अध्यक्ष भी रहे मौजूद

### आरजेडी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने तेजस्वी यादव

**पटना।** आरजेडी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में तेजस्वी यादव को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। पटना के होटल मौर्या में यह बैठक हुई, जिसमें लालू प्रसाद, राबड़ी देवी, मीसा भारती, संजय यादव समेत पार्टी के कई नेता मौजूद रहे। भोला यादव ने तेजस्वी यादव को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा, जिस पर सभी नेताओं ने सहमति जताई। तेजस्वी यादव को यह जिम्मेदारी दिए जाने पर उनकी ▸▸ शेष पेज 14 पर


■ रोहिणी ने कहा कठपुतली की ताजपोशी मुबारक

टी20 मुकाबला: भारत ने न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराया

## 10 ओवर में ही जीता मुकाबला 'सीरीज' पर भी जमाया कब्जा

**अभिषेक और सूर्यकुमार का धमाका अभिषेक ने 20 गेंदों में नाबाद 68 रन बनाए**

एजेंसी ▸▸ गुवाहाटी

गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में अभिषेक शर्मा के तूफान के सामने न्यूजीलैंड के गेंदबाज टिक नहीं पाए और भारत ने 154 के लक्ष्य को 10 ओवर में हासिल किया और 8 विकेट से मैच अपने नाम किया।

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने महज 14 गेंद में पांच चौके और चार छक्के से धमाकेदार अर्धशतक जड़ा। जबकि कप्तान



अभिषेक और सूर्यकुमार

सूर्यकुमार यादव ने एक और आक्रामक पचासा लगाकर शानदार फॉर्म जारी रखी। ▸▸ पढ़ें पेज 17 भी

### अभिषेक सबसे तेज अर्धशतक जड़ने वाले दूसरे खिलाड़ी बने

अभिषेक अपनी धमाकेदार बल्लेबाजी से भारत की ओर से दूसरे सबसे तेज अर्धशतक जड़ने वाले खिलाड़ी बन गए। भारतीयों में युवराज सिंह के नाम 12 गेंद में अर्धशतक जड़ने का रिकॉर्ड है और अभिषेक अपने मेंटॉर से महज दो गेंद पीछे रहे गए।

77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर वीरता पुरस्कारों की घोषणा

**कर्नल सोफिया कुरैशी को विशिष्ट सेवा पदक**

## शुभांशु शुक्ला को अशोक चक्र बहादुर जवानों को कीर्ति चक्र


शुभांशु शुक्ला


सोफिया कुरैशी

**नायब सूबेदार डोलेश्वर सुब्बा, मेजर अर्शदीप सिंह और ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर को कीर्ति चक्र**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर वीरता पुरस्कार के नामों की भी घोषणा हो चुकी है। अंतरिक्ष यात्री और ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अशोक चक्र से सम्मानित किया जाएगा। इसी के साथ सेना के तीन जवानों को कीर्ति चक्र से सम्मानित किया जाएगा। वहीं कर्नल सोफिया कुरैशी को विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जाएगा। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, जिन्होंने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) का दौरा करने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रचा था, उन्हें भारत के सर्वोच्च शांतिकाल का वीरता पुरस्कार अशोक चक्र से सम्मानित किया गया है। शुभांशु शुक्ला पिछले साल जून में एक्सिओम-4 मिशन के हिस्से के रूप में अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय और आईएसएस पर कदम रखने वाले पहले भारतीय बने थे। शुक्ला की 18 दिन की अंतरिक्ष यात्रा 1984 में अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा के रूसी सोयुज में ▸▸ शेष पेज 14 पर

उज्जैन बन गया उमंग, उत्साह, जोश और आनंद की सांस्कृतिक राजधानी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राहगीरी-2026 किसानों को किया समर्पित, राहगीरी के मंच से किसानों को किया सम्मानित

## मुख्यमंत्री यादव ने की बैलगाड़ी की सवारी, बजाया शंख, सुनाया भजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन उमंग, उत्साह, जोश और आनंद की नगरी बन गया है। हर क्षण यहां मेले, उत्सव, त्यौहार मनाए जाते हैं। उज्जैन उत्सवों की राजधानी बन गया है।

वे रविवार को राहगीरी आनंद उत्सव में सम्मिलित हुए। आनंद, मौज मस्ती, योगा, पारंपरिक खेलकूद के साथ सुबह के भ्रमण का आनंद उठाने के लिए कई लोग भी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने बैलगाड़ी की सवारी करते हुए लोगों का ▸▸ शेष पेज 14 पर

**पुलिस और सशस्त्र बल के जवानों ने दी सलामी, 70 से अधिक संस्थाओं ने मंचों से किया मुख्यमंत्री का स्वागत**


शंख बजाते हुए सीएम


बैलगाड़ी में सवारी करते हुए मुख्यमंत्री

**सीएम का स्वागत 101 किलो फूलों से बनी माला से प्रेस क्लब अध्यक्ष ने किया**

कोठी रोड पर स्थित सोसाइटी फॉर प्रेस क्लब के मंच पर मुख्यमंत्री का स्वागत प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव ने 101 किलो फूलों से बनी माला से किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब की ओर से केसरिया दूध और जलेबी का निशुल्क वितरण किया गया।

### मुख्यमंत्री ने मंच पर गदा लहराई

आनंद उत्सव राहगीरी में मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर लोगों में उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान सुबह की सैर पर आए बच्चे, बूढ़ें, जवान और बहनों, सभी में मुख्यमंत्री के साथ फोटो क्लिक कराने का उत्साह दिखाई दिया। कार्यक्रम के शुरूआत में मुख्यमंत्री को ▸▸ शेष पेज 14




## जगमग हुआ लोक भवन...



राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या से ही शासकीय भवनों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया जाता है। इसी श्रृंखला में लोकभवन जो पहले राजभवन कहलाता था, पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है, जिसे देखने बड़ी संख्या में शहरवासी पहुंच रहे हैं।

## आज घर से निकलने के पहले देख लें ट्रैफिक पुलिस का प्लान, वर्ना हो सकते हैं परेशान...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर लाल परेड मैदान पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके चलते इस क्षेत्र सहित शहर के विभिन्न मार्गो की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। यह यातायात व्यवस्था सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक लागू रहेगी। इसलिए वाहन चालक रविवार को घर से निकलने से पहले राजधानी की यातायात व्यवस्था देख लें। नहीं तो परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार इस दौरान लाल परेड ग्राउण्ड के आसपास भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है। शहर में भारी वाहनों का प्रवेश सुबह 7 बजे से बंद रहेगा।

**गणतंत्र दिवस पर आज बदली रहेगी राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था**

### यहां रहेगा यातायात में परिवर्तन

- रोशनपुरा से भारत टॉकीज की ओर जाने वाले दो व चार पहिया वाहन बाणगंगा, पॉलीटेक्निक चौराहा, मोती मस्जिद होते हुए भारत टॉकीज की ओर जा सकेंगे।
- भारत टाकीज से रोशनपुरा, टीटी नगर की ओर जाने वाले वाहन, लिली टाकीज से पीएचक्यू तिराहा खटलापुरा, मछलीघर, बाणगंगा होते हुए रोशनपुरा की ओर जावेंगे। बस स्टेंड,रेलवे स्टेशन से टीटी नगर,न्यूमार्केट की ओर जाने वाली मिनी बसें एवं बड़ी बसें भारत टॉकीज से होते हुए ऐशबाग फाटक, पुल बोगदा ,मैदा मिल, बोर्ड ऑफिस चौराहे से होते हुए अपने गंतव्य स्थान तक जाएंगी। इसी तरह आम यातायात लिली टॉकीज, चिकलौद रोड. जिंसी धर्मकांटा होते हुए टीटी नगर की ओर जा सकेंगी।

### पीएचक्यू से कंट्रोल रूम तक नहीं कर सकेंगे प्रवेश

सुबह 7:30 बजे के बाद कोई भी वाहन पुलिस मुख्यालय तिराहे तथा कंट्रोल रूम तिराहे के बीच प्रवेश नहीं करेंगे। पुराने एसपी ऑफिस कार्यालय तिराहे और शब्बन चौराहे के बीच वाहन पार्किंग प्रतिबंधित रहेंगी।

## दुल्हन की तरह सजाया पार्क

*गणतंत्र दिवस पर तिरंगा फहराने के साथ पार्क का 15वां जन्मदिन भी मनाएंगे*



जनसहयोग से विकसित सम्राट पार्क का एक दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सम्राट पार्क का मुख्य द्वार बेहद साफ-सुथरा है।

**हरियाली के बीच बच्चों के लिए झूले, बैठने के लिए बैंच, फाउंटेन, हाईमास्ट लाइट और ट्रैक से सुसज्जित है यह पार्क**

शहर के अस्सी फीट रोड स्थित सम्राट कॉलोनी में गणतंत्र दिवस के मौके पर ध्वाजारोहण के बाद पार्क का जन्म दिन भी मनाया जाएगा। दरअसल, यह पार्क जन सहयोग से विकसित किया गया है। 26 जनवरी को इसके 15 साल पूरे हो रहे हैं। मोहल्ला महासमिति ने पार्क को इस उपलक्ष्य में दुल्हन की तरह सजाया है। यहां गणतंत्र दिवस और पार्क का जन्म दिन मनाने के लिए जोरदार तैयारियां की गई हैं।

सम्राट कॉलोनी में जिस जगह पार्क बना है वहां पंद्रह साल पहले गहरा गंदगी से घिरा गड्ढा था। तब यहां बेहद कम परिवार थे। गंदगी और बदबू के बीच लोगों का घरों में रहना मुश्किल था। यहां रहने वाले दो लोगों ने उक्त स्थल को पार्क बनाने का संकल्प लिया और गंदगी से घिरे 10 हजार 10 हजार स्क्वायर फीट एरिया की सफाई करवाने और उसका भराव करवाने में छह माह लगे। इस काम के लिए लोगों से सहयोग राशि जुटाई गई। जब काम गति पकड़ने लगा तो लोग स्वयं जुटना शुरू हो गए और महासमिति का गठन किया गया।

### 12 से ज्यादा कॉलोनियों को मिलाकर बनाई महासमिति

*समिति के अध्यक्ष अजीज मो. खान ने बताया कि महासमिति बनाकर पार्क को सुंदर बनाने की दिशा में कदम उठाया गया गया। धीरे-धीरे जनप्रतिनिधियों, नगर निगम का सहयोग मिला। अब यह पार्क बेहद सुंदर विकसित हो गया है।*

### सभी मिलकर करते हैं सुरक्षा

*पार्क की सुरक्षा और देखरेख रहवासी खुद करते हैं। यहां कलर चेंजिंग फाउंटेन लगा है। हाईमास्ट लाइट लगाई गई है। विभिन्न प्रजातियों के फूलदार,छायादार पौधे लगे हैं। बैठने के लिए बैंच और सुंदर पाथ ट्रैक है।*

### जन्मदिन पर पौधे लगाए, देखरेख की, इसलिए हरियाली बरकरार

*मोहल्ले में पार्क की देखभाल बड़े, बच्चे और बुजुर्ग सभी करते हैं। मोहल्ले में बच्चे अपने जन्म दिन के मौके पर पार्क में पौधरोपण करते हैं और उसकी देखरेख का संकल्प लेते हैं। इसलिए पार्क में लगे सभी पौधे जीवित हैं और हरियाली बरकरार है।*


## गोमांस तस्करी: असलम चमड़ा को गोपनीय तरीके से जेल भेजा

**भोपाल।** नगर निगम के स्लॉटर हाउस से गोमांस की अवैध सप्लाई करने के आरोपी असलम चमड़ा को रविवार दोपहर गोपनीय तरीके से कोर्ट में पेश कर दिया गया। वहां से आरोपी को जेल भेज दिया है। असलम तीन दिन की रिमांड पर था। एसआईटी कोई खास जानकारी नहीं जुटा सकी। एसआईटी के सवालों पर वह गोमांस तस्करी से इंकार करता रहा। उसने बताया कि केवल पैकेजिंग उसके स्लॉटर में हुई है। आगरा की कंपनी ने मांस उसे दिया था। असलम से मिली जानकारी के आधार पर अब पुलिस उसके करीबियों, बिजनेस पाट्र्नर्स और कर्मचारियों से पूछताछ करेगी। एसआईटी ने कोर्ट में रिमांड बढ़ाने की मांग नहीं की।

## मध्यप्रदेश में 87 कैदी होंगे रिहा, जेल विभाग ने जारी किया आदेश

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने 77वें गणतंत्र दिवस से पहले एक अहम फैसला लिया है। राज्य सरकार ने प्रदेश की विभिन्न जेलों में सजा काट रहे 87 आजीवन कारावास भुगत रहे कैदियों को समय से पहले रिहा करने की अनुमति प्रदान की है।

जेल विभाग द्वारा 27 मई 2025 को जारी दिशा-निर्देशों के तहत कुल 481 मामलों की गहन समीक्षा की गई, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया। जेल के आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, जिला स्तर पर गठित समितियों ने प्रत्येक मामले की कानूनी स्थिति, अपराध की प्रकृति, पृष्ठभूमि और अन्य जरूरी तथ्यों का बारीकी से मूल्यांकन किया।



### राज्य स्तरीय शुभारंभ समारोह को लेकर मंत्री सारंग ने किया कार्यक्रम स्थल का

# खेलो एमपी यूथ गेम्सः सुप्रसिद्ध गायक कैलाश खेर के साथ कैलासा बैंड की होगी विशेष प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेलो एमपी यूथ गेम्स के राज्य स्तरीय शुभारंभ समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 27 जनवरी को शाम 6:30 बजे राजधानी के तात्या टोपे स्टेडियम में आयोजित होने जा रहे भव्य आयोजन को लेकर सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने रविवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मंत्री सारंग ने बैठक व्यवस्था, प्रवेश–निकास, सुरक्षा, यातायात, प्रकाश एवं ध्वनि व्यवस्था सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समयबद्ध और सुव्यवस्थित रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शुभारंभ समारोह में हजारों की संख्या में खेलप्रेमी, युवा एवं नागरिकों के आने की संभावना है, इसलिए दर्शकों की सुविधा, सुरक्षा और सुगम आवागमन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। किसी भी स्तर पर अव्यवस्था न हो और आयोजन



गरिमामय, भव्य एवं स्मरणीय रूप में संपन्न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। मंत्री सारंग ने बताया कि शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उपस्थित रहेंगे, जबकि समारोह की अध्यक्षता केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया करेंगे। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध गायक कैलाश खेर अपनी विशेष प्रस्तुति देंगे।

**एक लाख खिलाड़ियों ने की सहभागिता**

मंत्री सारंग ने बताया कि खेलो एमपी यूथ गेम्स में प्रदेश के ग्रामीण, शहरी और आदिवासी अंचलों सहित पूरे प्रदेश से एक लाख से अधिक खिलाड़ियों ने सहभागिता की है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक, जिला एवं संभाग स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन चरणों से चयनित होकर अब 28 खेलों के खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा, अनुशासन और खेल भावना का प्रदर्शन करेंगे।

## बुंदेली मार्शल आर्ट को संरक्षित करने और इससे युवाओं को जोड़ने के ठोस प्रयास होंगे

**भोपाल।** बुंदेली मार्शल आर्ट मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण अंग है। इसे संरक्षित करने और युवाओं से जोड़ने की दिशा में ठोस प्रयास किए जाएंगे तथा इसे प्रदेश के खेल विभाग के अंतर्गत शामिल करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। यह बात सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने वीडियो कॉल पर बुंदेली मार्शल आर्ट के संरक्षक एवं सागर निवासी 83 वर्षीय भगवानदास रैकवार को पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किए जाने पर उनसे संवाद कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहीं। इस अवसर पर मंत्री सारंग ने कहा कि भगवानदास रैकवार जैसे साधकों ने वर्षों तक बिना किसी शासकीय सहयोग के पारंपरिक खेलों और सांस्कृतिक विधाओं को जीवंत बनाए रखा। उनका समर्पण, साधना और तपस्या समाज तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

### मंत्री सारंग ने किया खेल प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ

# अन्ना यूनिवर्सिटी और एमजीयू कोट्टायम का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय अंतर-विव रोलर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन 1000 मीटर स्प्रिंट रेस में देशभर के विश्वविद्यालयों के खिलाड़ियों ने अपना दम दिखाया। पुरुष वर्ग में अन्ना यूनिवर्सिटी और महिला वर्ग में महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी कोट्टायम ने स्वर्ण पदक



अपने नाम किए। महिला वर्ग में 1000 मीटर रेस में महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी, कोट्टायम की ए.ए. अबना ने पहला स्थान प्राप्त किया। तमिलनाडु की डॉ. एम.जी.आर. मेडिकल यूनिवर्सिटी की कार्तिका जे. ने रजत पदक हासिल किया। दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री विश्वास सारंग और विशिष्ट अतिथि मप्र स्केटिंग एसो. अध्यक्ष अशोक भारूखा ने किया। इस अवसर पर इंटरनेशनल रेफरी पुष्पेंद्र सिंह सहित कुलगुरु डॉ. ए. एस. यादव, रजिस्ट्रार डॉ. पुष्पेंद्र तिवारी सहित कार्य समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।




### एमवाय मेमोरियल ट्रॉफी सीनियर बॉयज इंटर डिवीज़नल मल्टी डे क्रिकेट टूर्नामेंट

## पहली पारी में बढ़त के आधार पर उज्जैन डिवीजन की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपीसीए द्वारा आयोजित एमवाय मेमोरियल ट्रॉफी सीनियर बॉयज इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंटउज्जैन के एमपीसीए क्रिकेट मैदान पर (चार दिवसीय) उज्जैन डिवीजन और भोपाल डिवीजन के मध्य खेले जा रहे मैच के चौथे चौथे दिन उज्जैन ने अपने शनिवार के स्कोर 3/163 रन से आगे खेलते हुए 83 ओवर में 9 विकेट पर 313 रन बनाकर पारी घोषित की और भोपाल डिविजन को 356 रनों का लक्ष्य दिया, जिसमें शांतनु रघुवंशी 136 और अंकुर सिंह ने 46 रन पर आउट हुए। वहीं अर्पित पटेल 21 रनों पर नाबाद रहे। भोपाल डिवीजन से प्रारब्ध मिश्रा और सार्थक सोनी ने 3-3 विकेट, पृथ्वीराज तोमर ने 2 विकेट लिए। भोपाल डिवीजन ने अपनी दूसरी पारी खेलते हुए चौथे दिन का खेल खत्म होने तक 25.5 ओवर में 3 विकेट पर 147 रन बना लिए थे, जिसमें अरहम अकील ने 61, पृथ्वीराज तोमर ने 58 रन बनाए। उज्जैन से गेंदबाजी में अमोल कस्तूरे ने 2 विकेट लिए। इस तरह उज्जैन डिविजन पहली पारी में बढ़त के आधार पर विजयी हुई।

- उज्जैन ने भोपाल को दिया था 356 रन का लक्ष्य, भोपाल ने बनाए 147 रन

### वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट 2025–26

## सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी के लिए राजकोट रवाना हुई आरएनटीयू की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय(आरएनटीयू) की पुरुष क्रिकेट टीम वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट 2025–26 में सहभागिता के लिए सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी, राजकोट (गुजरात) के लिए रवाना हो गई है। यह



प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 27 जनवरी से 8 फरवरी तक सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी, राजकोट में आयोजित किया जाएगा। टीम के कोच नितिन धवन एवं मैनेजर राहुल शिंदे के कुशल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय की टीम सशक्त प्रदर्शन और खिताबी दावेदारी के इरादे से प्रतियोगिता में उतर रही है। टीम में कप्तान प्रभांशु शुक्ला, उपकप्तान दिपांशु सिंह सोलंकी, विकेटकीपर वंश बजाज, संजय मानिक , मयंक पांचाल, वैभव सिंह परिहार , मोहम्मद तासीन आजाद, देवेंद्र पांचाल, गीतांश राठौर, अनुराग मालवीय , कुणाल भरथरे, गुरु प्रसाद मरावी, रितांशु राजपूत, अमित शर्मा, भरत चौधरी, आर्यन खत्री शामिल हैं। खिलाड़ियों को इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भागीदारी हेतु विश्वविद्यालय की प्रो-चांसलर डॉ अदिती चतुर्वेदी वत्स, कुलपति डॉ रवि प्रकाश दुबे, आईक्यूएसी के निदेशक डॉ नितिन वत्स, प्रति-कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता, कुलसचिव डॉ संगीता जौहरी, सीएफएओ डॉ विनीत शुक्ला और रायसेन जिला खेल अधिकारी जलज चतुर्वेदी ने शुभकामनाएं दीं।

## हमीदिया स्पोर्ट्स दूसरी जीत के साथ फाइनल में, आज भोपाल क्रिकेट क्लब से होगी खिताबी भिड़ंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पीयूष राज सक्सेना के आक्रामक अर्धशतक की मदद से हमीदिया स्पोर्ट्स ने एलीट वारियर्स को 9 विकेट से हराकर 31वें इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 के कार्पोरेट ग्रुप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जहां सोमवार को उसका सामना भोपाल क्रिकेट क्लब से होगा। इधर, एक अन्य मैच में मीडिया इलेवन ने यूज लोकेटर को सात विकेट से हराया। ओल्ड कैंपियन मैदान पर रविवार को यूज लोकेटर ने 18 ओवर में 142 रन बनाए। जवाब में मीडिया इलेवन ने 17.4 ओवर में तीन विकेट पर जरूरी रन बना लिए। प्लेयर ऑफ द मैच मोस्ट वेल्युएबल प्लेयर का पुरस्कार वितरण मप्र प्रजापति समाज के अध्यक्ष राधेश्याम कुंभकार और मप्र कयाकिंग–केनोइंग एसोसिएशन के अध्यक्ष पीएस बुंदेला ने किया। दूसरे मैच में एलीट वारियर्स ने 78 रन बनाए। जवाब में हमीदिया ने मात्र छह ओवर में एक विकेट पर जरूरी रन बना लिए।

- 31वां इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट 2026





सुजलां सुफलाम् मलयजशीतलाम् शस्यश्यामलाम् मातरम् ।
26
आप सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
हमारा गणतंत्र दिनों दिन मजबूत होता रहे, ऐसा हम सब संकल्प करते हैं।
भोजपुर क्षेत्र
जे.पी.शर्मा


जय धरणीधर
जय धाकड़
धाकड़ (नागर) समाज
मुख्य कार्यकारिणी समिति
भोपाल क्षेत्र ( औबेदुल्लागंज )
स्वागत, वंदन, अभिनंदन
अध्यक्ष
चन्द्रसिंह नागर (इटायाकलाँ)



समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
26 जनवरी
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
नरेन्द्र शर्मा



वतन पर जो फिदा होगा, अमर वो हर नौजवान होगा, रहेगी जब तक दुनिया ये, अफसाना उसका बयां होगा।
26 जनवरी
समस्त देशवासियों को
भारतीय लोकतंत्र के महापर्व
गणतंत्र दिवस
Happy Republic Day
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
संजय सिंह


वतन पर जो फिदा होगा, अमर वो हर नौजवान होगा, रहेगी जब तक दुनिया ये, अफसाना उसका बयां होगा।
26 जनवरी
समस्त देशवासियों को
भारतीय लोकतंत्र के महापर्व
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सारे जहां से अच्छा हिंदोस्ता हमारा
आप सभी को
भारतीय लोकतंत्र का महापर्व
26 जनवरी
महेश जैन


MODERN CONVENT SCHOOL
26th JANUARY
HAPPY REPUBLIC DAY


भारतीय लोकतंत्र के महापर्व
गणतंत्र दिवस
की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
26 JANUARY
चाणक्य पब्लिक इंग्लिश मीडियम
हाई सेकेण्ड्री स्कूल औबेदुल्लागंज


26 January Republic Day
सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा, हम बुलबुले हैं उसके ये गुलसितां हमारा,
भारतीय संविधान की महानता एवं देश की एकता और अखंडता को समर्पित
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जितेन्द्र उपाध्याय


26 JANUARY
आप सभी समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
जय श्रीराम
अशोक जायसवाल
कार्यकारी अध्यक्ष श्री हिन्दू उत्सव समिति औबेदुल्लागंज


सुजलां सुफलाम् मलयजशीतलाम् शस्यश्यामलाम् मातरम् ।
26
सभी नगर वासियो को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
हमारा गणतंत्र दिनों दिन मजबूत होता रहे, ऐसा हम सब संकल्प करते हैं।
सोनू चौकसे
अध्यक्ष
श्री हिन्दू उत्सव समिति औबेदुल्लागंज
लक्ष्मी सोनू चौकसे
अध्यक्ष
नगर परिषद औबेदुल्लागंज


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
सूरजपाल गौर
किसान कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष
इमरतसिंह दांगी
अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस


भारतीय संविधान की महानता, लोकतंत्र की अजेयता एवं देश की एकता और अखंडता को समर्पित
गणतंत्र दिवस
की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना


वाकणकर रातापानी अभ्यारण
वन मंडल औबेदुल्लागंज
सामान्य वन मण्डल औबेदुल्लागंज
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
रातापानी जंगल सफारी अपने आप में अनेक विविधताओ समेटें हुए एक अद्वितिय जंगल सफारी हैं इस जंगल दुर्लभ वन्य प्राणियो के दीदार होते है
देश में जाग्रति लाना हें वन्य प्राणियो को बचाना हैं
वनो को अवैध कटाई से बचाए, एवं वन्य प्रणियो का शिकार न होने दें
बाघ, भालू, भेडिया, तेंदुआ, गिद् कई दुर्लभ पक्षिओ की मोजूदगी दर्ज की जा चुकी हैं
प्रदेश का सबसे विकसित अभ्यारण
हेमन्त कुमार रैकवार भा.व.से.
वन मंडलाधिकारी
वन मंडल औबेदुल्लागंज
मयंक राज
अधीक्षक सिंघोरी
रातापानी अभ्यारण
निकुंज पाण्डे
उप वनमंडलाधिकारी
वन मंडल औबेदुल्लागंज
दाहोद
कार्तिकेय शुक्ला
देलावाडी
प्रशांत खरे
चिकलोद
अंचल भारद्वाज
गौहरगंज
नीलेश पंवार
बरखेड़ा
मयंक पाण्डे
बिनेका
शिवकुमार गुर्जर
बाड़ी
जितेन्द्र तोमर
बम्होरी
राहुल ठाकुर
चिल्वाहा
प्रशांत तिवारी
सुल्तानपुर
आकाश ऋषिश्वर

# चौधरी मित्रसेन आर्य : वेद, पुरुषार्थ और संस्कार से गढ़ा जीवन

||
इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जिनकी स्मृति केवल अतीत नहीं होती, बल्कि वर्तमान के दर्शन और भविष्य को दिशा देने का कार्य करती है। इतिहास कुछ लोगों को जन्म देता है और कुछ लोग इतिहास को दिशा देते हैं। चौधरी मित्रसेन आर्य जी ऐसे ही व्यक्तित्व हैं। 27 जनवरी 2011 को उन्होंने 79 वर्ष की आयु में भौतिक शरीर का परित्याग किया, किंतु वेद जिस कीर्तिमय शरीर की बात करते हैं वह आज भी जीवित है, प्रेरक है। चौधरी मित्रसेन जी की पुण्यतिथि केवल एक तिथि नहीं, बल्कि आत्मचिंतन का अवसर है। आज, उनकी पुण्यतिथि पर यह कहना उचित होगा कि चौधरी मित्रसेन जी हमारे बीच शरीर से अनुपस्थित हैं, परंतु विचारों से हर जगह उपस्थित हैं।
||

**न जायते म्रियते वा कदाचित्‌ (भगवद्गीता)**
अर्थात आत्मा न जन्म लेती है, न मरती है।

यह श्लोक केवल आध्यात्मिक सत्य नहीं, बल्कि चौधरी मित्रसेन जी के जीवन का यथार्थ है। उनका शरीर भले ही नश्वर था, पर उनका कर्म, उनका विचार और उनका पुरुषार्थ अमर है। इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जिनकी स्मृति केवल अतीत नहीं होती, बल्कि वर्तमान के दर्शन और भविष्य को दिशा देने का कार्य करती है। इतिहास कुछ लोगों को जन्म देता है और कुछ लोग इतिहास को दिशा देते हैं। चौधरी मित्रसेन आर्य जी ऐसे ही व्यक्तित्व हैं। भले ही 27 जनवरी 2011 को उन्होंने 79 वर्ष की आयु में भौतिक शरीर का परित्याग किया, किंतु वेद जिस कीर्तिमय शरीर की बात करते हैं, वह आज भी जीवित है, प्रेरक है। चौधरी मित्रसेन जी की पुण्यतिथि केवल एक तिथि नहीं, बल्कि आत्मचिंतन का अवसर है। आज, उनकी पुण्यतिथि पर यह कहना उचित होगा कि चौधरी साहब हमारे बीच शरीर से अनुपस्थित हैं, परंतु विचारों से हर जगह उपस्थित हैं। 15 दिसंबर 1931 को हिसार जिले के खांडाखेड़ी गांव में जन्मा यह बालक उस कालखंड की उपज था, जब देश स्वतंत्रता की पीड़ा और स्वप्न दोनों को एक साथ जी रहा था। भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत के बाद देश की आत्मा जाग चुकी थी। गांव-गांव, घर-घर स्वतंत्रता का स्वर गूंज रहा था। ऐसे वातावरण में जन्मे मित्रसेन जी को देशभक्ति विरासत में मिली। उनके पिता चौधरी शीशराम किसान होने के साथ-साथ आर्य समाज की विचारधारा के संवाहक थे। महर्षि दयानंद सरस्वती के 'विचार, आर्य समाज की मर्यादाएं व राष्ट्रप्रेम' इन तीनों का गहरा संस्कार बालक मित्रसेन के व्यक्तित्व में आरंभ से ही रच-बस गया।

## विपत्ति ने छीना बचपन, पर नहीं छीन सकी संकल्प

जीवन ने बहुत जल्दी मित्रसेन की परीक्षा ले ली। मात्र दस वर्ष की आयु में पिता की आंखों की रोशनी चली गई। इसके बाद परिवार से चाचाओं की छत्रछाया भी उठ गई। यह ऐसा समय था जब अधिकांश बच्चे खेल रहे होते थे, लेकिन मित्रसेन जी को इस उम्र में खेत संभालने पड़े। यहां से शुरू होती है वह कहानी, जो बताती है कि संकट यदि इच्छाशक्ति से टकराए, तो इतिहास बनता है। कम उम्र में ही मित्रसेन जी यह समझ चुके थे कि केवल परंपरागत खेती पर निर्भर रहकर भविष्य सुरक्षित नहीं किया जा सकता। इसे देखते हुए उन्होंने संकल्प लिया और तकनीकी ज्ञान को अपनाया। उन्होंने रोहतक में लेथ और इंजन बोरिंग मशीन का काम सीखा। ये उनकी दूरदर्शिता ही थी कि एटलस साइकिल, सोनीपत से लेकर रोहतक बिजलीघर और उदयपुर के कारखानों तक, हर जगह उन्होंने केवल नौकरी नहीं की, बल्कि अनुभव संजोया। 1955 में जब रोहतक में उन्होंने अपना लेथ एंड इंजन बोरिंग मशीन का कारखाना स्थापित किया, तब यह केवल एक उद्योग नहीं था, बल्कि यह आत्मनिर्भरता की घोषणा थी।

## राष्ट्रप्रेमः हिंदी सत्याग्रह में जेल गए

आमतौर पर देखा जाता है कि जैसे-जैसे उद्योग बढ़ता है, सामाजिक सरोकार घटते जाते हैं। लेकिन चौधरी मित्रसेन इस प्रवृत्ति के अपवाद थे। एक ओर उनका औद्योगिक विस्तार उड़ीसा के बड़विल से होते हुए देश-विदेश तक पहुंचा, तो दूसरी ओर वे समाजसेवा में भी उतने ही सक्रिय रहे। 1957 के हिंदी सत्याग्रह में वे जेल गए जो यह दर्शाता है कि उनके लिए राष्ट्रप्रेम केवल भाषण नहीं, व्यवहार था।

## परिवार में लक्ष्मी और सरस्वती दोनों का समन्वय

चौधरी मित्रसेन का जीवन इस मिथक को तोड़ता है कि उद्योग



चौधरी मित्रसेन आर्य जी

**जन्म :** 15 दिसंबर 1931, खांडाखेड़ी (हिसार)
**प्रेरणा स्रोत :** वेद, महर्षि दयानंद सरस्वती
**पहचान :** समाजसेवी, वेदानुगामी व उद्योगपति
**विशेष योगदानः** आदिवासी-वनवासी क्षेत्रों में शिक्षा व संस्कार का रोपण, वैदिक साहित्य प्रकाशन
**निर्वाण :** 27 जनवरी 2011

सकते। उनके परिवार में लक्ष्मी और सरस्वती दोनों का समन्वय दिखता है। पंच महायज्ञ, ईश्वर उपासना, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना यह सब आज भी उनके परिवार की पहचान है। चौधरी मित्रसेन जी ने आर्य मर्यादाओं के अनुरूप अपने गृहस्थ आश्रम का निर्वाह किया। उन्होंने अपने घर में जिन मर्यादाओं और संस्कारों की प्रतिष्ठा की, वे आज भी उनके परिवार की जीवनशैली में जीवंत रूप से विद्यमान हैं। उनका घर केवल निवास स्थान नहीं, बल्कि एक जीवंत इतिहास है जहां आर्यावर्त की गौरवगाथा दीवारों पर अंकित है।

**कृण्वन्तो विश्वमार्यम्‌ ।(ऋग्वेद)**
*अर्थात-संपूर्ण विश्व को श्रेष्ठ और उदात्त बनाना ही मानव का कर्तव्य है।*

चौधरी मित्रसेन जी का जीवन इस वैदिक भाव का सजीव उदाहरण था। उन्होंने समाजहित को अपने जीवन का उद्देश्य मानते हुए समय, पुरुषार्थ और धन तीनों का समर्पण निरंतर भाव से किया। उनके चिंतन और आचरण में बुद्धिमत्ता, पुरुषार्थ, साहस तथा उदारता का ऐसा समन्वय दृष्टिगोचर होता है, जिसने समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अनुकरणीय मानदंड स्थापित किए। यद्यपि चौधरी मित्रसेन जी की नश्वर देह को इस संसार से विदा हुए 15 स्थापित औद्योगिक उपक्रम, शिक्षण संस्थान, गुरुकुल तथा विविध सामाजिक न्यास आज भी सक्रिय हैं और यह अहसास करवाते हैं कि चौधरी साहब हमारे आसपास ही हैं। वे अपने कीर्तिमय जीवन से सतत मार्गदर्शन करते हैं। उनके विचार आज भी इन अमृतवचनों के रूप में समाज को दिशा देते हैं कि सफलता का मूलमंत्र आस्तिक भाव से ईश्वरीय सत्ता को स्वीकार करते हुए, नेक इरादों और हंसते-हंसते पुरुषार्थ करना है।

## शिक्षा संस्थान और उद्योग

चौधरी मित्रसेन द्वारा अनेक गुरुकुल विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों की स्थापना की गई। शिक्षा को समाज निर्माण का आधार मानते हुए उन्होंने इन संस्थानों के माध्यम से संस्कारयुक्त और आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा दिया। वर्तमान में चौधरी मित्रसेन का व्यावसायिक साम्राज्य देश के विभिन्न राज्यों में फैला हुआ है। उनके द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में विविध प्रकार के व्यवसाय संचालित किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड में कोल वॉशरी, खनिज खनन तथा ट्रांसपोर्ट के क्षेत्र में उनका प्रभावशाली कार्य है। इसके साथ-साथ थर्मल पावर प्लांट व अन्य उद्योग भी प्रारंभ होकर सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। वित्तीय क्षेत्र में भी उनके व्यवसाय सक्रिय हैं। होटल व्यवसाय और वित्तीय कंपनियों के अतिरिक्त मीडिया क्षेत्र में भी उन्होंने अपनी मजबूत पहचान स्थापित की है। उनके द्वारा लगाया गया पौधा दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र हरियाणा, दिल्ली और छत्तीसगढ़ के बाद अब मध्य प्रदेश में भी अपनी विशेष पहचान बना चुका है। 'हरिभूमि' देश के दस सर्वाधिक पाठक संख्या वाले हिंदी दैनिक समाचार पत्रों में सम्मिलित रहा है।

## परममित्र मानव निर्माण संस्थान के माध्यम से समाजसेवा की मिसाल

पिछले कई वर्षों से चौधरी मित्रसेन ने अपना जीवन समाजसेवा को समर्पित करते हुए परममित्र मानव निर्माण संस्थान के माध्यम से मानव कल्याण का एक सशक्त अभियान खड़ा किया है। उनका मानना है कि सच्ची सेवा वही है, जो समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। इसी सोच के साथ यह संस्थान वंचित, गरीब और जरूरतमंद वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। परममित्र मानव निर्माण संस्थान के जरिए न केवल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक जागरूकता और मानवीय मूल्यों के संरक्षण जैसे क्षेत्रों में भी सक्रिय योगदान दिया जा रहा है। समाजसेवा में जुटे विभिन्न संगठनों और संस्थानों को आवश्यक संसाधन, मार्गदर्शन और सहयोग देकर उनकी कार्यक्षमता को मजबूत किया जा रहा है, ताकि समाज में सकारात्मक और स्थायी बदलाव लाया जा सके। चौधरी मित्रसेन के नेतृत्व में परममित्र मानव निर्माण संस्थान आज केवल एक संस्था नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक बन चुका है। यह संस्थान समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणा है कि यदि संकल्प मजबूत हो, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना संभव है।

## मित्र स्मृति स्तंभ सांस्कृतिक धरोहर

**"यं पूर्वे ऋषयो विदुः।"(ऋग्वेद)**
*अर्थात—जिस पथ पर पूर्वज ऋषि चले, वही लोकमंगल का मार्ग है।*

प्रायः यह देखा जाता है कि जहां लक्ष्मी का निवास होता है, वहां सरस्वती का अभाव रहता है, किंतु चौधरी मित्रसेन जी के परिवार में लक्ष्मी और सरस्वती दोनों का समन्वित वास है।

यह उनकी और उनके परिवार की सारस्वत अभिरुचि का ही परिणाम है कि उनके आश्रम तुल्य गृह की चारदीवारी पर सृष्टि के प्रारंभ से लेकर आज तक के आर्यावर्त के इतिहास की गौरवमयी झलकियां अंकित हैं, जो सभी को रोमांच और आत्मगौरव से भर देती हैं। खांडाखेड़ी गांव में बनाए गए मित्र स्मृति स्तंभ में प्रदर्शित ऐतिहासिक और सांस्कृतिक झलकियां यह स्पष्ट करती हैं कि उनका परिवार न केवल उनकी आर्थिक विरासत का, बल्कि सामाजिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर का भी पूर्ण निष्ठा से संरक्षण कर रहा है।

## भोपाल

### कलाकारों की प्रस्तुति और लघु फिल्मों का होगा तीन दिवसीय प्रदर्शन

# राज्यपाल ने किया केंद्रीय संचार ब्यूरो और जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनियों का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने जनसंपर्क विभाग की ओर से लोकभवन के जनजातीय प्रकोष्ठ परिसर में राजभवन से लोकभवन विषय पर लगाई गई आकर्षक प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने लोकभवन के ऐतिहासिक, लोकतांत्रिक और प्रशासनिक सफर की रचनात्मक प्रस्तुति के लिए विभाग की सराहना की। इस प्रदर्शनी में मप्र के स्थापना से अब तक के सभी राज्यपालों के चित्र, उनके कार्यकाल और शपथ हस्ताक्षर पत्र दिखाए गए है। राज्यपाल पटेल ने मप्र जनसंपर्क और केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से रविवार को लोकभवन में तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनियों का फीता खोलकर शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदर्शनियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अवलोकन किया और सराहना की।

प्रदर्शनी में लगाए गए सेल्फी पाइंट में फोटो भी खिंचवाई। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, जनसंपर्क विभाग के आयुक्त दीपक कुमार सक्सेना भी मौजूद थे। राज्यपाल का आयुक्त जनसंपर्क सक्सेना ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। कार्यक्रम में राज्यपाल के अपर सचिव उमाशंकर भार्गव, केन्द्रीय संचार ब्यूरो के निदेशक मनीष गौतम, उप निदेशक शारिक नूर, सहायक निदेशक पराग मांदले, अजय प्रकाश उपाध्याय और लोकभवन, दूरदर्शन,



प्रदर्शनी का शुभारंभ करते राज्यपाल।

आकाशवाणी एवं केन्द्रीय संचार ब्यूरो के अन्य अधिकारी मौजूद थे। भगवान बिरसा मुण्डा, आत्मनिर्भर भारत और वंदे मातरम थीम पर आधारित प्रदर्शनी राज्यपाल पटेल ने शुभारंभ अवसर पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो भोपाल की ओर से आयोजित केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का अवलोकन किया। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो भोपाल ने भगवान बिरसा मुण्डा के व्यक्तित्व एवं कृतत्व पर आधारित चित्र प्रदर्शनी लगाई है। विकास प्रदर्शनी के तहत समृद्धि का मंत्र : आत्मनिर्भर भारत के तहत "वीबी-जी रामजी योजना" थीम पर आधारित आकर्षक एवं सूचनात्मक प्रदर्शनी लगाई गई है, जो नागरिकों को राष्ट्र निर्माण की विकास यात्रा से परिचित कराएगी।

### 836 नए पुलिस आवास सहित न्यू स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स भी बनेगा

### हरिफाटक पुल का होगा चौड़ीकरण, बनेगा 6 लेन आरओबी

# सीएम डॉ. यादव ने उज्जैन में किया 8 सौ करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण

विशेष प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि बीते एक साल में 7.50 करोड़ से अधिक श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन आए। श्रद्धालुओं की यह तादाद तेजी से बढ़ रही है। सिंहस्थ आने वाला है, इसलिए दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक मेले के लिए उज्जैन भी पूरी तत्परता और तेजी से तैयार हो रहा है। डॉ यादव रविवार को उज्जैन शहर में हरिफाटक पुल के चौड़ीकरण के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने लगभग 8 सौ करोड़ रुपए की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इन विकास कार्यों में हरिफाटक पुल तक 371.11 करोड़ रुपए की लागत से 6 लेन रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण, उज्जैन शहर में 389.67 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न श्रेणी के निर्माण सहित 232.73 करोड़ रुपए की लागत से पुलिस अधिकारी कर्मचारियों के लिए 836 नए पुलिस आवास और 36 करोड़ रुपए की लागत से न्यू स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निर्माण शामिल है।



लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

### उज्जैन में बन रहा मेडिसिटी, मेट्रो सिटी, आईटी पार्क

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि उज्जैन में मेडिसिटी, मेट्रो सिटी, साइंस सिटी, आईटी पार्क बन रहा है। यहां 140 करोड़ रुपए से शनिलोक का निर्माण सहित मंगलनाथ और अन्य धार्मिक स्थलों का विकास भी किया जा रहा है। हमारी सरकार उज्जैन में विभिन्न समाजों को धर्मशाला आदि बनाने के लिए भूमि सहित अन्य सुविधाएं भी प्रदान करेगी। इससे सभी समाजों की गतिविधियों को समान अवसर मिल सकेगा। डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश में जनकल्याण के काम हमेशा जारी रहेंगे। वर्तमान व्यवस्थाओं को और भी बेहतर स्वरूप देकर सिटीजन फ्रेंडली बनाया जाएगा।

### नवजात बच्चों के लिए मिशन की शुरुआत

*मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कार्यक्रम में राज्य स्तरीय मिशन कोमल स्पर्श का शुभारंभ किया। इस मिशन की शुरूआत उज्जैन संभाग से की गई है। मिशन में नवजात, छोटे बच्चों के तलवों की जांच कर यह पता लगाया जाएगा कि उनमें कोई आनुवांशिक कमी, विकृति या बीमारी के लक्षण तो नहीं है। यदि ऐसा कुछ मिलता है, तो उस चिन्हित बच्चे का 18 साल की आयु तक निःशुल्क उपचार किया जाएगा। यह मिशन मध्यप्रदेश सरकार और अरविंदो हास्पिटल इंदौर द्वारा संयुक्त रूप से चलाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान एचडीएफसी बैंक द्वारा अपने सीएसआर फंड से उज्जैन जिले के 51 शासकीय स्कूलों में स्मार्ट क्लासेस निर्माण करने का एक संकल्प-पत्र सौंपा गया। इससे पहले इसी बैंक द्वारा उज्जैन जिले के ही 8 शासकीय स्कूलों की 20 कक्षाओं को मॉडल क्लास रूम बनाया गया है। यह काम उन्होंने सिर्फ 6 महीने में पूरा कर लिया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि सिंहस्थ उज्जैन की पहचान है। बाबा महाकाल का आशीष पाने से हम किसी को वंचित नहीं रहने देंगे। बाबा महाकाल की नगरी में श्रद्धालुओं के लिए सभी इंतजाम किए जा रहे हैं। महाकाल लोक के विकास और विस्तार के लिए केंद्र सरकार भी मदद कर रही है। जावरा से उज्जैन की ओर एक नया 4 लेन रोड बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी दिशाओं से उज्जैन की ओर आने वाले सड़क मार्गों को यथा आवश्यकतानुसार 4 लेन और 6 लेन हाई-वे रोड में परिवर्तित किया जाएगा।*

### सिन्हा ने अपने पुत्र से वचन लिया था, यह बात सार्वजनिक न की जाए, संविधान-जबलपुर के बीच जुड़ा है न्यायिक संबंध

# जबलपुर के कलाकार ब्यौहार राममनोहर सिन्हा ने किया था संविधान के मुख्य मुखपृष्ठ का अलंकरण

अनुरोध पटेरिया ▶▶| जबलपुर


गणतंत्र दिवस पर विशेष

हर वर्ष 26 जनवरी को देश गणतंत्र दिवस मनाता है, क्योंकि इसी दिन 1950 में भारत का संविधान लागू हुआ था। इस संविधान को तैयार करने में 2 वर्ष 11 माह 18 दिन का समय लगा। डॉ. भीमराव अंबेडकर इसके प्रमुख शिल्पकार थे, लेकिन यह संविधान केवल शब्दों की रचना नहीं था, बल्कि इसे कला के माध्यम से भी जीवंत किया गया। भारत का संविधान केवल कानून की किताब नहीं है, बल्कि यह संघर्ष, कला, विचार और आत्मसम्मान का जीवंत दस्तावेज़ है और इस ऐतिहासिक दस्तावेज़ के सौंदर्य में मध्य प्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर का योगदान स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। भारत के संविधान के मुख्य मुखपृष्ठ का अलंकरण जबलपुर के कलाकार ब्यौहार राममनोहर सिन्हा ने किया था। संविधान के कलात्मक रूप की ज़िम्मेदारी विश्वविख्यात कलाकार नंदलाल बोस को सौंपी गई थी, जो उस समय शांतिनिकेतन में कार्यरत थे। नंदलाल बोस ने इस कार्य के लिए अपने सबसे प्रतिभाशाली शिष्य ब्यौहार राममनोहर सिन्हा को चुना। राममनोहर सिन्हा ने संविधान के पहले पृष्ठ को ऐसा स्वरूप दिया, जिसमें भारत की संस्कृति, परंपरा, विविधता और राष्ट्रीय चेतना झलकती है। उन्होंने इसमें दिन-रात मेहनत कर भारतीय सभ्यता की आत्मा को चित्रों में पिरो दिया।

### संविधान और जबलपुर इतिहास में दर्ज एक गौरवपूर्ण अध्याय

#### 26 जनवरी के बाद भी चलता रहा काम

संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हो गया था, लेकिन उसका कलात्मक अलंकरण मई 1950 तक पूरा हुआ। यानी गणतंत्र बन जाने के बाद भी संविधान को सजाने-संवारने का कार्य चलता रहा।







**ठाकुर चेदीलाल बैरिस्टर**

जबलपुर से जुड़े वरिष्ठ अधिवक्ता ठाकुर चेदीलाल बैरिस्टर संविधान सभा के सदस्य थे। उन्होंने संविधान सभा में मौलिक अधिकार, संघीय ढांचा, सामाजिक न्याय, जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण विचार रखे। संविधान को प्रेम बिहारी नारायण रायज़ादा ने हाथ से लिखा। मूल प्रति संसद भवन में हीलियम गैस से भरे बॉक्स में सुरक्षित है। 26 जनवरी इसलिए चुनी गई, क्योंकि 26 जनवरी 1930 को पूर्ण स्वराज की घोषणा हुई थी।

**इरविन स्टेडियम में हुई थी पहली गणतंत्र दिवस परेड**

पहली गणतंत्र दिवस परेड इरविन स्टेडियम में हुई थी। तिरंगा 1947 वाला ही 1950 में भी रखा गया। 1952 में राजा जॉर्ज की मृत्यु के कारण औपचारिक समारोह नहीं हुआ। बीटिंग रिट्रीट की परंपरा ब्रिटिश दौर से आई, जिसे भारतीय धुनों से अपनाया गया।

एडीएम जबलपुर केस (1976)

#### संविधान और जबलपुर न्यायिक योगदान

संविधान और जबलपुर का सबसे ऐतिहासिक न्यायिक संबंध जुड़ा है। एडीएम जबलपुर बनाम शिवकांत शुक्ल केस से, जिसे हैबियस कॉर्पस केस कहा जाता है। आपातकाल के दौरान जब नागरिकों की स्वतंत्रता छीनी गई, तब जबलपुर हाईकोर्ट ने साहसिक निर्णय देते हुए कहा था। आपातकाल में भी व्यक्ति के जीवन और स्वतंत्रता को पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इसे पलट दिया था, लेकिन 2017 में स्वयं सुप्रीम कोर्ट ने माना कि जबलपुर हाईकोर्ट का फैसला नैतिक रूप से सही था।

#### बिना नाम के योगदान

*सबसे प्रेरणादायक बात यह है कि राममनोहर सिन्हा ने जीवन भर कभी यह प्रचार नहीं किया कि संविधान का मुख्य पृष्ठ उन्होंने बनाया है। उन्होंने अपने बेटे से भी वचन लिया था कि यह बात सार्वजनिक न की जाए। वर्ष 2007 में उनके निधन के बाद यह तथ्य सामने आया। जब उन्होंने यह पृष्ठ अपने गुरु नंदलाल बोस को दिखाया, तो बोस ने कहा कला तो अद्भुत है, लेकिन कलाकार का हस्ताक्षर नहीं है। सिन्हा ने उत्तर दिया यह मेरे लिए कला नहीं, देश के लिए योगदान है। नाम जरूरी नहीं। लेकिन गुरु के आग्रह पर उन्होंने बेहद अनोखे ढंग से राम शब्द को डिजाइन में ही छिपाकर दाहिने निचले कोने में हस्ताक्षर कर दिए।*

## चिंतन

# संविधान, संप्रभुता, लोकतांत्रिक शक्ति का उत्सव है गणतंत्र दिवस

भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में 26 जनवरी वह स्वर्णिम दिन है, जब देश ने औपनिवेशिक अतीत से पूरी तरह बाहर निकलकर स्वयं को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया। वर्ष 2026 में भारत अपना 77वां गणतंत्र दिवस पूरे गौरव और भव्यता के साथ मना रहा है, जो न केवल संविधान की दीर्घायु का उत्सव है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता और निरंतर सुदृढ़ होती संस्थाओं का भी प्रमाण है। यह दिन केवल एक राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक क्षण की याद दिलाता है जब 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ और देश ने स्वयं को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित किया। यह संविधान ही भारत की आत्मा है, जिसने विविधताओं से भरे इस विशाल देश को एकता के सूत्र में बांधे रखा। गणतंत्र दिवस भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं, नागरिक अधिकारों और कर्तव्यों का प्रतीक है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि सत्ता का वास्तविक स्रोत जनता है और शासन संविधान के दायरे में रहकर ही चलाया जाना चाहिए। इस वर्ष का गणतंत्र दिवस समारोह और भी विशेष है क्योंकि भारत न केवल आंतरिक रूप से मजबूत लोकतंत्र के रूप में उभरा है, बल्कि वैश्विक मंच पर भी उसकी भूमिका लगातार सशक्त होती जा रही है। गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि को आमंत्रित करने की परंपरा भी भारत की अंतरराष्ट्रीय सोच और कूटनीतिक दृष्टि को दर्शाती है। यह परंपरा उतनी ही पुरानी है, जितना गणतंत्र स्वयं है। 1950 में, जब पहली बार गणतंत्र दिवस मनाया गया, तब इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकर्णो भारत के पहले मुख्य अतिथि थे। यह स्पष्ट संकेत था कि भारत अपनी आज़ादी को केवल घरेलू उत्सव नहीं, बल्कि वैश्विक सहयोग और मित्रता के अवसर के रूप में देखता है। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि पहली गणतंत्र दिवस परेड कर्तव्य पथ (तत्कालीन राजपथ) पर नहीं, बल्कि इरविन स्टेडियम में आयोजित हुई थी, जिसे आज नेशनल स्टेडियम के नाम से जाना जाता है। वर्ष 1955 में परेड को राजपथ स्थानांतरित किया गया, जिसे आज कर्तव्य पथ कहा जाता है। 77वें गणतंत्र दिवस पर भारत एक बार फिर अपने उन सच्चे नायकों को सम्मानित कर रहा है, जो देश की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर परिस्थिति में डटे रहते हैं। इस वर्ष 982 पुलिस, फायर ब्रिगेड, होम गार्ड, सिविल डिफेंस और करेक्शनल सर्विस से जुड़े कर्मियों को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया जाएगा। यह संख्या अपने आप में बताती है कि राष्ट्र अपने रक्षकों के योगदान को कितनी गंभीरता से स्वीकार करता है। इसके अतिरिक्त, नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों से जुड़े 35 कर्मियों और पूर्वोत्तर भारत में तैनात 5 कर्मियों को भी वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किया जा रहा है। यह दिखाता है कि देश के हर कोने में तैनात सुरक्षाबल समान साहस और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। कुल मिलाकर, इस बार का गणतंत्र दिवस भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं, संवैधानिक मूल्यों और सुरक्षा बलों की वीरता का भव्य संगम है। यह दिन हमें गर्व करने का अवसर देता है, साथ ही यह जिम्मेदारी भी याद दिलाता है कि एक नागरिक के रूप में हम संविधान, राष्ट्र और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाएं। गणतंत्र दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन और राष्ट्रनिर्माण का प्रेरक अवसर है।

## गर्व

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी



# भारत गणतंत्र तुम्हारी जय हो!

हम भारत के लोग 26 जनवरी 2026 की सुबह अपने 77वें गणतंत्र का उत्सव मना रहे हैं। यह समय हमें आंकलन करने की अपेक्षा करता है कि इतने दीर्घावधि वाले भारत गणतंत्र का 'जन-गन-मन' आज किन अनुभूतियों के साथ जी रहा है। यह देश का सौभाग्य है कि हमारे पास सबसे बड़ी युवा आबादी है। इस देश की महिलाएं विगत 77 वर्षों में पितृसत्तात्मक व्यवस्थाओं से लड़कर मुख्यधारा में सम्मिलित हो चुकी हैं। पहले की अपेक्षा बाल शिशु मृत्यु दर कम हुई है। कौशलयुक्त शिक्षा व्यवस्था अपना आकार ले चुकी है और स्टार्टअप के माध्यम से अनेक युवा अपने रोजगार सृजित कर दूसरों को रोजगार देने में सक्षम हुए हैं। यह इस देश की और भारतीय गणतंत्र की खूबसूरती है कि सामाजिक न्याय पहले की अपेक्षा अब ज्यादा दिखने लगा है। एलजीबीटीक्यू ग्रुप, वृद्धजन, दिव्यांगजन, अल्पसंख्यक, आदिवासी लोग और घुमंतू जातियों के लोगों में आत्मसम्मान बढ़ा है। जागरूकता बढ़ी है। शिक्षा का स्तर बढ़ा है। मानव विकास के सूचकांकों में वृद्धि हुई है। जीवन स्तर ऊंचा हुआ है। अब किसान की आय में वृद्धि हुई है। हमारे आयत-निर्यात और वहस्विक स्तर पर राजनयिक संबंधों में कभी असहजता जो बढ़ रही थी, उसमें अब सुगमता से डिप्लोमेटिक लेवल पर पॉलिसीज तैयार हुई है। देश ने द्विपक्षीय संबंधों और बहुपक्षीय संबंधों में विश्वास को जीता है और बहुत से देशों के साथ मधुर संबंध स्थापित हुए हैं। भारतीय संविधान की यह ताकत है कि भारत गणतंत्र इतना सशक्त व समृद्ध तरीके से अपने 77 वर्ष का समय पूर्ण करके कई नई पहल करने के लिए सक्षम बन सका है। देश में विशेष सन्देश सबके मन के भीतर है कि हम भारतीय गणतांत्रिक व्यवस्था के साथ जीकर 2047 तक विकसित भारतीय गणतंत्र की ओर अग्रसर हों और हमारे भारतीय नागरिकों में स्वबोध, गौरवबोध की स्थापना हो। हमारे देश के महान स्वाधीनता सेनानियों, संविधान निर्माताओं और भारत के निर्माणकर्ताओं को इस पावन अवसर पर हमें स्मरण करना है। उन स्त्रियों को स्मरण करना है जिन्होंने उन दिनों गांधी, सुभाष, पटेल, सी. राजगोपालाचारी, राजेंद्र प्रसाद, नेहरू आदि के साथ भारतीय अस्मिता के लिए संघर्ष किया और भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, बिस्मिल, चंद्रशेखर आज़ाद जैसे त्यागी, आत्मबलिदानी व साहसी लोगों के प्राणों के आहुति से प्रेरित होकर देश की स्वाधीनता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हममें से अधिकांश लोग अजीजन बाई के बारे में नहीं जानते, जो 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की बहादुर नायिका थीं। पेशे से नर्तकी-तवायफ होने के बावजूद उन्होंने देशभक्ति में जीवन लगा दिया। उन्होंने लगभग 400 महिलाओं का गुप्त समूह, जो अंग्रेज़ों से जानकारी जुटाता और क्रांतिकारियों तक पहुंचाता। इसके अलावा वे हथियार चलाने और सैनिकों की मदद में भी माहिर थीं। विद्रोह के दौरान उन्हें ब्रिटिशों ने पकड़ लिया। उन्होंने अपने साथियों का राज़ नहीं खोला और शर्तें अस्वीकार की। जनरल हैवलॉक ने उन्हें तोप से उड़ा दिया। उनके इस साहस और योगदान के कारण नानासाहेब ने उन्हें बहन समान सम्मान दिया था। उनका साहस आज भी महिलाओं की वीरता और स्वतंत्रता प्रेम की मिसाल है। ऐसी वीरांगनाओं को इस गणतंत्र पर हमें स्मरण करना है। हमारी आने वाली पीढ़ी की मांग के मुताबिक उनके सपनों के हिसाब का भारत बनाना ज़रूरी होगा लेकिन यह फिक्र तभी कम होगी, जब हमारी इच्छाशक्ति, विजन-प्लान व लीडरशिप सशक्त, पारदर्शी व गंभीर पहल करेगी। वास्तव में मुख्यधारा से लेकर हाशिये के समाज तक योजनाओं का पूर्णतया नियोजन व प्रतिभागिता व लाभार्थी बनाने की चेष्ठा होगी। इस गणतंत्र पर हम अपने पड़ोसियों के दुःख-सुख में सहभागी होने की शपथ लें। सरकार अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए तत्पर हो और वैश्विक स्तर पर ख्याति व उपलब्धियों के शानदार प्रदर्शन के लिए हर भारतीय मन तैयार हो तो देश अपने गणतंत्र की जयघोष खुद करने या प्रचारित करने के लिए नहीं सोचेगा अपितु पूरी दुनिया भारतीय गणतंत्र की जय-जयकार करेगी। सबसे अच्छी बात यह है कि भारत निराश नहीं है। भारत निरंतर अपने विकास के कीर्तिमान स्थापित भी कर रहा है। स्पेस, टेक्नोलॉजी, डिजिटल क्रांति के लिए भारत को संपूर्ण विश्व में सम्मान प्राप्त है। अब तक की भारतीय संवैधानिक यात्रा दुनिया के अनेक देशों की लोकतांत्रिक व्यवस्था में उत्तम मानी जा रही है, इसलिए आज आशावादी देश भारत अपने देश के गणतांत्रिक मूल्यों के साथ हिमालय सा मस्तक ऊंचाकर आगे बढ़ने को तैयार है। देश के नागरिकों को अपने कर्त्तव्य का वैयक्तिक व सामूहिक स्तर ज्यादा समझने की आवश्यकता है। हम सब कामना करें कि इस 77वें गणतंत्र पर भारत गणतंत्र तुम्हारी जय हो! यह देश निर्भय हो। इस भावना के साथ ही हम अपने गणतांत्रिक स्वबोध को भी बचा सकेंगे।

(लेखक पंजाब विवि में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हमारे 'कर्तव्य' का गणतंत्र



गणतंत्र दिवस

शिवप्रकाश

सरकारों की सफलता का आधार विकास एवं समाज की खुशहाली बने, न कि उनका मूल्यांकन जाति एवं क्षेत्र के आधार पर हो। इसके कारण समाज का आंतरिक वातावरण परस्पर सद्भाव एवं बंधुता से युक्त बनेगा। गणतंत्र दिवस के इस अवसर पर संवैधानिक मूल्यों का पालन कर, चुनौतियों के प्रति जागरूक रहते हुए हम अपने कर्तव्यों का पालन करें, यही हम सब भारतवासियों का कर्तव्य है।

26 जनवरी को भारत अपने गणतंत्र का 76 वां वर्ष हर्षोल्लास से मना रहा है। 26 जनवरी 1950 को भारत ने अपने संविधान को लागू किया था। 75 वर्षों की भारत की यह यात्रा चुनौतियों से भरी हुई, लेकिन एक सफल लोकतंत्र की कहानी है। हमारी इस सफलता में भारत के संविधान का महत्वपूर्ण योगदान है। संविधान सभा द्वारा अपना यह संविधान 26 नवंबर 1949 को राष्ट्र को समर्पित किया गया था। हमने उस समय यह संकल्प दोहराया था कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय देने के प्रति हम प्रतिबद्ध हैं। हम अपनी-अपनी श्रद्धा एवं आस्थाओं का पालन करते हुए बंधुभाव के साथ राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण रखेंगे। हमारे संविधान की विशेषताओके संदर्भ में अफ्रीकी नेता नेल्सन मंडेला ने कहा था कि भारत का संविधान दक्षिण अफ्रीकासहित कई अन्य उभरते लोकतंत्रों के लिए प्रेरणा बना है, क्योंकि इसने विविधता में सम्मान सिखाया है। गणतंत्र दिवस के इस उत्सव के अवसर पर हम भारत के लोगों को भविष्य की चुनौतियों के प्रति सजग रहते हुए उन चुनौतियों पर विजय प्राप्त कर प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पंचप्रण के आह्वान में भारतवासियों से सभी प्रकार की गुलामी से मुक्ति का आह्वान किया है। कुछ विदेशी विद्वानोंद्वारा योजनाबद्ध पद्धति से भारतीय समाज में हमारी व्यवस्थाओं, इतिहास, महापुरुषों एवं संस्कृति के प्रति हीनता का भाव उत्पन्न किया गया, इसका परिणाम हुआ कि हमारा समाज आत्महीनता के भाव से ग्रसित हुआ है। हमारे राष्ट्र का आधार क्या है, किन मूल्यों के आधार पर हम आगे बढ़ेंगे ऐसे विषयों पर संपूर्ण राष्ट्र संभ्रम में है। भारत ही दुनिया का ऐसा देश है जिसके नाम भी भारत / इंडिया दो है। यह स्थिति ही भारत के अनेक विवादों का कारण है। डॉ. एस राधाकृष्णन का संविधान सभा का भाषण- राष्ट्रीयता निर्भर करती है, उस जीवन पद्धति पर जिसे चिरकाल से हम बरतते चले आ रहे हैं। यह जीवन पद्धति तो इस देश की निजी वस्तु है। महात्मा विदुरने कहा था कि संभ्रम की स्थिति में राजा, प्रजा सहित संपूर्ण राष्ट्र समाप्त हो जाता है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारत के गौरव का स्मरण कर संभ्रमरहित अपने सांस्कृतिक मूल्यों के आधार पर समाज के जागरण का संकल्प लें।

15 अगस्त को लाल किले से अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में बदलते जनसांख्यिकी परिवर्तन पर चिंता व्यक्त की थी। जनसंख्या के इस असंतुलन के कारण भारत का विभाजन हम देख चुके हैं। योजनाबद्ध पद्धति से अनेकों माध्यमों से भारत में धार्मिक आधार पर जनसंख्या परिवर्तन को पुनः आकार देने का कार्य हो रहा है। घटती हिंदु जनसंख्या एवं उसके परिणाम पाकिस्तान एवं बांग्लादेश में हम प्रतिदिन होने वाली घटनाओं से अनुभव कर सकते हैं। मिस्र, तुर्की, ईरान, लेबनान, कोसोवो भी बढ़ती जनसंख्या के कारण समाप्त हुई अपनी प्राचीन संस्कृति के साक्षी है।

अनेक देशों द्वारा प्रशंसित विश्व में अपना विशिष्ट महत्व रखने वाले भारतीय चुनाव आयोग एवं ईवीएम पर आरोप लगाना, सीएए का आधार लेकर भ्रम निर्माण करते हुए समाज में संघर्ष खड़ा करना, संविधान बदलने



एवं आरक्षण हटाने जैसे आरोप लगाना, किसान आंदोलन के नाम पर होने वाली घटनाएं यह सब इसी के जीवंत प्रमाण है। श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल में प्रारंभ हुए आंदोलनो द्वारा चुनी हुई सरकारों को बदलने में भी इन्ही शक्तियों का हाथ बताया जाता है। जेनजेड के नाम पर भारत में भी वह यह स्वप्न संजोए हैं। 26 नवंबर 1949 को बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर ने अपने संविधान सभा के अंतिम भाषण में कहा था कि यह अराजकता का व्याकरण है। उन्होंने कहा कि यह तथाकथित जनआंदोलन लोकतांत्रिक व्यवस्था के विरुद्ध प्रचार को हथियार के रूप में प्रयोग करने का प्रयास था। भारत में विदेशी सहायता प्राप्त अनेक स्वयं सेवी संगठन इस अराजकता के पीछे सक्रिय है।

पश्चिमी एवं साम्यवादी विचारों से प्रेरणा प्राप्त अनेक विद्वान भारत को राष्ट्र नहीं अनेक राष्ट्रों के समूह के रूप में देखते हैं। उत्तर-दक्षिण, आर्य-द्रविड़ आदिवासी-शहरी, दलित हिंदू आदि के आधार पर भेदभाव को सैद्धांतिक मान्यता प्रदान करना यह उन समूहों का प्रयास रहा है। अर्बन नक्सलवादियों एवं सशस्त्र विद्रोहियों के आधार पर तथाकथित समानता लाने वाले लोग भारत के विभाजन के स्वप्न ही सदैव से देखते रहे हैं। भारत सदैव से एक राष्ट्र है,उसकी संस्कृति एक है, विविधता में ही हमने एकता के दर्शन किए हैं। आसेतु हिमाचल हम एक है। इस सत्य की अनुभूति न होने के कारण स्वार्थवश अल्पज्ञानी सत्तालोलुप राजनीतिक नेतृत्व विभाजनकारी वक्तव्य देने का कार्य कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किया गया प्रकल्प एक भारत -श्रेष्ठ भारत इसी एकत्व की अनुभूति हम भारतवासियों को कराता है। काशी - तमिल संगमम इसका जीवंत उदाहरण है। हम भारत के लोगों ने करोड़ों भारतवासियों को इस सत्य की अनुभूति कराने का सफल प्रयास करना है।

भारत की सरकार ने 31 मार्च 2026 तक भारत को नक्सलवाद से मुक्ति दिलाने का संकल्प लिया है। 2014 से अब तक लगभग 2000 से अधिक नक्सली मारे गए हैं एवं लगभग 7000 से अधिक नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर संविधान में आस्था व्यक्त की है। हम सभी भारतवासियों को नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र में होने वाले विकास एवं पुनर्वास में सहायक बनकर नक्सल मुक्त भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प में सहायक बनना होगा।

कट्टरवादी ताकतें सभी स्थानों पर अपने को पीड़ित दिखाकर अपनी पहचान बचाने के नाम पर अनेक षड़यंत्र कर रही हैं। बांग्लादेश में मकर संक्रांति का विरोध,अमेरिका के टैक्सास में अलग भूमि की मांग, मतांतरण एवं लव जेहाद के षड़यंत्र भारत सहित सभी स्थानों पर हम देख रहे हैं। घटना के विरोध में बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन द्वारा समाज में भय निर्माण करने का प्रयास हो रहा है। कानून व्यवस्था एवं न्याय प्रणाली को चुनौती देना कुछ समूहों का स्वभाव ही बनता जा रहा है। राष्ट्र के हित में विचार करने वाले सभी राष्ट्र हितैषियों के लिए यह चिंता का विषय है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में सामान्य व्यक्ति की भागीदारी के लिए परिवारवाद से मुक्ति, आर्थिक योजना के क्रियान्वयन में प्रमाणिकता यह हमारे व्यवहार एवं निर्णयों का विषय बनना चाहिए। सरकारों की सफलता का आधार विकास एवं समाज की खुशहाली बने, न कि उनका मूल्यांकन जाति एवं क्षेत्र के आधार पर हो। इसके कारण समाज का आंतरिक वातावरण परस्पर सद्भाव एवं बंधुता से युक्त बनेगा। गणतंत्र दिवस के इस अवसर पर संवैधानिक मूल्यों का पालन कर, चुनौतियों के प्रति जागरूक रहते हुए हम अपने कर्तव्यों का पालन करे, यही हम सब भारतवासियों का कर्तव्य है।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# दृष्टिकोण को बनाएं व्यापक




संकलित

दर्शन

हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे सब कुछ अच्छा करें। परीक्षाओं और प्रतियोगिताओं में लगातार जीतने की इच्छा उनके लिए जीवन से भी बड़ी हो जाती है। वे विश्वास करने लगते हैं कि हर कीमत पर जीतना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जब उन्हें अस्वीकृति मिलती है, तब वे नहीं समझ पाते कि उन्हें क्या करना चाहिए। दरअसल, हम उन्हें विशाल दृष्टिकोण नहीं देते, तब जीवन में क्या सबसे महत्वपूर्ण है, इसके विषय में उनकी समझ असंतुलित हो जाती है। विशाल दृष्टिकोण यह है कि जीवन स्वयं में एक बहुत बड़ी परीक्षा है, जिससे होकर आप गुजर रहे हैं। ऐसा मत सोचिए कि परीक्षा में सफल या असफल हो जाने से पूरे जीवन की दिशा निर्धारित हो जाएगी। जो मूल्य एक दूसरे के विपरीत प्रतीत होते हैं, जैसे जीत या हार, सफलता या असफलता, ऊंचा या नीचा, वे वास्तव में एक दूसरे के पूरक हैं। एक मूल्य दूसरे मूल्य के महत्व को बढ़ाता है। एक विशाल आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ ही युवा बिना अपनी मुस्कान और उत्साह को खोए हुए, जीवन के इन विपरीत मूल्यों की प्रशंसा करना सीख सकते हैं। ऐसी शक्ति, ऐसी मुस्कान, जिसे कोई छीन न सके और ऐसा साहस, जो विपरीत परिस्थितियों का सामना करने में भी समाप्त ना हो, वह सफलता है। युवाओं को स्वयं और समाज के लिए बड़े लक्ष्य और विशाल दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए और सेवा को जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए। ऐसी प्रतिबद्धता आपको बाधाओं के पार ले जा सकती है।

# शनिदेव को पिप्पलाद मुनि ने दिया शाप



संकलित

प्रेरणा

पुराने समय में वृत्तासुर नाम के एक असुर का आतंक बढ़ गया था। इस असुर को सभी देवता पराजित नहीं कर पा रहे थे। उस समय दधिचि ऋषि ने देवताओं से कहा कि मेरे शरीर की हड्डियों से आप वज्र नाम का शस्त्र बनाइए और उस वज्र से वृत्तासुर का अंत हो जाएगा। देवताओं की भलाई के लिए दधिचि ऋषि ने अपनी देह त्याग दी और बाद में देवताओं ने ऋषि की हड्डियों से वज्र बनाया। देवराज इंद्र ने इस वज्र से असुरों को पराजित कर दिया। दधिचि मुनि के पुत्र का नाम पिप्पलाद था। दधिचि के पुत्र का जन्म पीपल के नीचे हुआ था, इस कारण इस बच्चे का नाम पिप्पलाद रखा गया। बच्चे के जन्म से पहले ही दधिचि की मृत्यु हो गई थी। जब पिप्पलाद बड़े हुए तो उन्होंने देवताओं से पूछा कि मेरे पिता की इतनी जल्दी मृत्यु कैसे हो गई। उस समय उन्हें मालूम हुआ कि शनि की अशुभ दृष्टि की वजह से दधिचि मुनि की मृत्यु का योग बना है। वे बड़े तपस्वी थे। जब उन्हें मालूम हुआ कि शनि के कारण उनके पिता की जल्दी मृत्यु हुई तो उन्होंने शनि को ग्रह मंडल से हटने का शाप दे दिया। शाप के असर से शनि ग्रह मंडल से हटने लगे तो सभी देवताओं ने पिप्पलाद मुनि से अपना शाप वापस लेने की प्रार्थना की। देवताओं की प्रार्थना से पिप्पलाद मुनि ने शनि को क्षमा कर दिया, लेकिन उन्होंने से शनि से कहा कि अब से किसी बच्चे को 16 वर्ष की उम्र तक शनि दोष का सामना न करना पड़े, शनि बच्चों पर अशुभ दृष्टि नहीं डालेंगे।

## छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस जगमगाया



मुंबई। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस तिरंगे की रोशनी से जगमगा उठा।

## आज की पाती

### मारपीट-हत्याओं के बढ़ते मामले

देश में मारपीट और हत्या के मामलों में इजाफा हो रहा है। ऐसे ही मामले काफी समय से राजधानी रायपुर व प्रदेश के कई ग्रामीण इलाकों में बढ़े हैं। इन मामलों के बढने का सबसे बड़ा कारण लोगों का सहनशीलता लेवल कम होना है। जहां भी हमारा आपा खो जाता है, वहां हम मारपीट में फंस जाते हैं। मारपीट और हत्या के मामलों से बचने के लिए एक ही चारा है कि हमें कोई भी विवाद हो, उसे बातचीत से सुलझा देना चाहिए। वहीं एक सुझाव यह भी है कि महिलाओं को समाज में सशक्त होना चाहिए, ताकि कोई भी विवाद हो वह उसे अच्छे से सुलझा लें। महिलाएं सशक्त होंगी तो बहुत सारे विवाद जो घर से बाहर निकलते हैं, वे सुलझ सकते हैं।

*-रमेश यदु, भाटापारा*

## ट्रेंड

### जनभागीदारी की मिसाल



उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से गुजरने वाली तमसा नदी का पुनरोद्धार जनभागीदारी की सफलता की अद्भुत मिसाल है। यहां के लोगों ने अपनी सामूहिक शक्ति से ना केवल एक नदी, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत की धारा को एक नया जीवन दिया है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### 'श्री अन्न' की स्वीकार्यता



'श्री अन्न' की बढ़ती स्वीकार्यता देश के खानपान में आ रहे सकारात्मक परिवर्तन को दर्शाती है, जिसका उल्लेख प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में किया है। 'श्री अन्न' आज पोषण, नवाचार और किसान आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बना है।

**- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### वायु प्रदूषण



हम वायु प्रदूषण की बहुत भारी कीमत चुका रहे हैं -अपने स्वास्थ्य से भी और अर्थव्यवस्था से भी। करोड़ों आम भारतीय हर दिन इसका बोझ झेल रहे हैं। बच्चे और बुज़ुर्ग सबसे ज़्यादा इसके कारण पीड़ा सहते हैं।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### सोरेन ने परंपरा तोड़ी



झारखंड की उप राजधानी दुमका में मुख्यमंत्री द्वारा गणतंत्र दिवस के दिन झंडोत्तोलन किए जाने की परंपरा रही है, लेकिन हेमंत सोरेन ने लंदन में शॉपिंग करने के लिए इस परंपरा को भी तोड़ दिया। वे विदेशी दौरे पर जनता की गाढ़ी कमाई लुटा रहे हैं।

**-बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# क्लाइम्बर एलेक्स बिना रस्सी ताइपे 101 पर चढ़े

अमेरिकी रॉक क्लाइम्बर एलेक्स होनोल्ड ने रविवार को बिना किसी रस्सी या सुरक्षा उपकरण के गगनचुंबी इमारत 'ताइपे 101' पर चढ़ाई की। एलेक्स ने रविवार को सुबह जब 508 मीटर (1,667 फुट) ऊंची इस इमारत पर चढ़ना शुरू किया, तो वहां जमा भीड़ ने खुशी से तालियां बजाईं। उन्होंने धातु की बीमों का सहारा लेकर सिर्फ हाथों के जरिये चढ़ाई की। जब वह एक जगह रुके और पीछे मुड़कर दर्शकों की ओर देखने लगे, तो वहां खड़े लोगों ने फिर से उनका उत्साहवर्धन करने के लिए नारे लगाये। उनकी लाल रंग की छोटी बाजू की शर्ट चढ़ाई के दौरान सबसे अलग दिख रही थी। ताइवान की राजधानी स्थित इस प्रतिष्ठित



इमारत पर होनोल्ड की चढ़ाई का सीधा प्रसारण नेटफ्लिक्स पर 10 सेकंड की देरी के साथ किया जा रहा था। एलेक्स को इमारत पर शनिवार को चढ़ना था, लेकिन बारिश के कारण 24 घंटे के लिए इसे स्थगित कर दिया गया था। इस इमारत में 101 मंजिल हैं, जिनमें सबसे कठिन हिस्सा मध्य भाग की 64 मंजिल हैं। ये इमारत को इसकी विशिष्ट पहचान देते हैं। आठ भागों में विभाजित इस इमारत के प्रत्येक भाग में आठ मंजिल हैं। एलेक्स ने ऊपर चढ़ते समय हर भाग में थोड़ी-थोड़ी देर आराम किया।

## ऑफ बीट

# नाक से सांस लेने पर आपकी दौड़ हो सकती है आसान

श्वास अवचेतन है। हमें इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है - यह बस हो जाता है। कम और मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम (जैसे पैदल चलना और



साइकिल चलाना) के दौरान, हममें से अधिकांश लोग अपनी नाक से सांस लेते हैं और अपने मुंह से सांस छोड़ते हैं। लेकिन व्यायाम जितना अधिक तीव्र होता जाता है, उतना ही हम पूरी तरह मुंह से सांस लेने लगते हैं। हममें से अधिकांश लोग यह मानेंगे कि गहन व्यायाम के दौरान मुंह से सांस लेना सबसे अच्छी तकनीक है, क्योंकि यह हमारी मांसपेशियों तक अधिक ऑक्सीजन पहुंचने में मदद देता है। लेकिन सबूत इसके विपरीत दिखाते हैं - और यह कि आपकी नाक से सांस लेना वास्तव में गहन व्यायाम (जैसे दौड़ना) के दौरान उपयोग करने के लिए एक बेहतर तकनीक हो सकती है। व्यायाम करते समय, मुंह से सांस लेने की तुलना में नाक से सांस लेने पर कम ऑक्सीजन का उपयोग होता है। हालांकि यह कोई फ़ायदा नहीं लग सकता है, लेकिन मूल रूप से इसका मतलब यह है कि शरीर कम ऑक्सीजन का उपयोग करते हुए भी उतनी ही मात्रा में व्यायाम कर सकता है। और गति को अधिक समय तक बनाए रखना ही सफलता का मूलमंत्र है।

# मानव सेवा में जीवन समर्पित करने वाले गुमनाम नायकों को मिला देश का 'पद्म'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशभर से 45 लोगों को गुमनाम नायकों की श्रेणी में पद्मश्री पुरस्कार के लिए चुना गया है। इनमें दुनिया का सबसे बड़ा निःशुल्क पुस्तकालय बनाने वाले एक पूर्व बस कंडक्टर से लेकर एशिया का पहला मानव दूध बैंक बैंक शुरू करने वाली एक बाल रोग विशेषज्ञ और 90 वर्षीय दुर्लभ वाद्य यंत्र कलाकार शामिल हैं। इनमें हाशिए पर पड़े पिछड़े और दलित समुदायों, आदिवासी जनजातियों और दूरदराज और मुश्किल इलाकों से आने वाले लोग शामिल हैं। इन्होंने दिव्यांगों, महिलाओं, बच्चों, दलितों और आदिवासियों की सेवा में अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया है।

अंके गौड़ा › कर्नाटक

### पूर्व बस कंडक्टर ने बनाया दुनिया का सबसे बड़ा मुफ्त पुस्तकालय

पूर्व बस कंडक्टर अंके गौड़ा ने दुनिया का सबसे बड़ा निःशुल्क पुस्तकालय 'पुस्तक माने' बनाया है। इस पुस्तकालय में 20 भाषाओं की 20 लाख से अधिक किताबें और दुर्लभ पांडुलिपियां शामिल हैं। गौड़ा (75 वर्षीय) कर्नाटक के मैसूर के पास हरलहल्ली गांव में रहते हैं। पुस्तक प्रेमी गौड़ा को देशभर के विद्यार्थियों और पाठकों को सशक्त बनाने के उनके अनूठे प्रयास के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया जाएगा।



अर्मिडा फर्नांडिस › मुंबई

### बाल रोग विशेषज्ञ ने एशिया का पहला मानव दूध बैंक बनाया

उनके साथ मुंबई की बाल रोग विशेषज्ञ अर्मिडा फर्नांडिस को भी पद्मश्री मिलेगा, जिन्होंने एशिया का पहला मानव दूध बैंक स्थापित किया और शिशुओं के जीवन को बचाने की दिशा में अहम योगदान दिया। महाराष्ट्र के जनजातीय तरपा वादक भिकलिया लाडकिया धिंडा (90 वर्षीय) और जम्मू-कश्मीर के समाजसेवी बृज लाल भट्ट को भी इस सूची में शामिल किया गया है।



केके पाजनिवेल › पुडुचेरी

### प्राचीन तमिल हथियार आधारित युद्ध कला को दिया बढ़ावा

पुडुचेरी केके पाजनिवेल को प्राचीन तमिल हथियार आधारित युद्ध कला 'सिलंबम' को संरक्षित और बढ़ावा देने के लिए पद्मश्री के लिए चुना गया है। वहीं, पिछले 60 वर्षों से देशभर में हिंदी के प्रचार-प्रसार में जुटे वरिष्ठ पत्रकार कैलाश चंद्र पंत को साहित्य और शिक्षा श्रेणी में पद्मश्री दिया जाएगा।



### खेमराज सुंदरीयाल हरियाणा



हरियाणा के खेमराज सुंदरीयाल को टेपेस्ट्री और जामदानी (प्राचीन और कलात्मक वस्त्र बुनाई तकनीक) को संरक्षित करने और हरियाणा व हिमाचल प्रदेश के हजारों कारीगरों को इसका प्रशिक्षण देने के लिए पद्मश्री के लिए चुना गया है।

### कासमभाई ने ढोलक को पहचान दिलाई



गुजरात के मीर हाजीभाई कासमभाई को एक्ट्रा ऑर्डिनरी काम के लिए इस साल पद्मश्री अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। कासमभाई ने ढोलक को एक खास पहचान दिलाई। इन्होंने इस वाद्य यंत्र को गजल, संत वाणी, भजन और कव्वाली में इस्तेमाल किया। लेकिन, लोक संगीत की आत्मा को बरकरार रखा। इन्होंने करीबन 3000 से ज्यादा प्रोग्राम गायों के संरक्षण के लिए किए। इसके अलावा 1000 से ज्यादा स्टेज प्रोग्राम 3 जनरेशन के आर्टिस्ट के साथ किए।

## खबर संक्षेप

### अग्निमित्रा को बंगाल भाजपा उपाध्यक्ष बनाया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में भाजपा की कुछ महिला नेताओं की खूब चर्चा होती है। अग्निमित्रा पॉल का नाम इसमें शामिल है और उन्हें भाजपा की प्रमुख महिला नेताओं में शुमार किया जाता हैं। पॉल को प्रदेश भाजपा कासिके साथ ही उन्हें 11 सदस्यों की संकल्प पत्र समिति का भी सदस्य बनाया गया है। नेतृत्व ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है।



### अल्वी ने उठाए कांग्रेस लीडरशिप पर सवाल

**नई दिल्ली।** पूर्व कांग्रेस नेता शकील अहमद ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को दरकिनार कर रहे हैं। अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राशिद अल्वी ने भी पार्टी में कम्युनिकेशन गैप को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि संगठन के अंदर कम्युनिकेशन गैप हो गया है।



### पुलिस ने अपने ही 4 जवानों को किया अरेस्ट

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसकी वजह से क़ानून के रखवाले ही कटघरे में आ गए। मामला बिल्कुल चौंका देने वाला है। राजधानी में बांग्लादेशी नागरिक के खिलाफ ऑपरेशन चलाया गया। एटीसी सेल में कार्यरत 4 पुलिसकर्मियों पर कथित तौर से ऑपरेशन के दौरान पैसे और सोने चोरी के आरोप लगे हैं।



### स्टेशन पर प्रोफेसर की चाकू से गोदकर हत्या

**मलाड।** मुंबई के मलाड रेलवे स्टेशन पर शनिवार को हुई एनएम कॉलेज के प्रोफेसर की हत्या का बोरीवली जीआरपी पुलिस ने 12 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी को कुरार इलाके से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि उसने प्रोफेसर से मामूली बहस के बाद उन पर चाकू से हमला कर दिया था। उतरने के दौरान कहासुनी हो गई थी।



### पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष बिंद्रा का निधन

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट को रविवार को गहरी क्षति पहुंची। बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बिंद्रा का निधन हो गया। आईसीसी के वर्तमान अध्यक्ष जय शाह बिंद्रा के निधन पर शोक जताया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'श्री आई एस बिंद्रा, भारतीय क्रिकेट प्रशासन के एक दिग्गज के निधन पर गहरी संवेदनाएं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे।



## 'मन की बात' में पीएम मोदी ने देश को किया संबोधित

# स्टार्ट अप इंडिया से भजन क्लबिंग तक बात की, युवाओं से आगे आने का किया आह्वान

आज की युवा पीढ़ी ने भक्ति को एक नई शैली दी है और इसके चलते एक नया चलन सामने आया है जिसे 'भजन क्लबिंग' कहा जा रहा है। यह जेन जी के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

### 'मन की बात' कार्यक्रम के 130वें एपिसोड में कई मुद्दों को सामने रखा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के 130वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि भजन और कीर्तन हमारी संस्कृति की आत्मा हैं। हम सभी ने बचपन में मंदिरों में भजन सुने हैं, कथाएं सुनी हैं और हर पीढ़ी ने भक्ति को अपने अंदाज में अपनाया है। अब नई पीढ़ी ने इसे और भी खास अंदाज में अपने जीवन और अनुभवों के साथ जोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी ने भक्ति को एक नई शैली दी है और इसके चलते एक नया चलन सामने आया है जिसे 'भजन क्लबिंग' कहा जा रहा है। यह जेन जी के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। उन्होंने कहा कि आप सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो जरूर देखते होंगे। यह माहौल किसी बड़े कॉन्सर्ट से कम नहीं लगता। लेकिन यहां जो गाया जाता है, वो भजन होता है और वो भी पूरे मन से, पूरी लगन से और पूरी तन्मयता के साथ।

**लोगों की सराहना भी की**

### मतदाताओं को बताया लोकतंत्र की आत्मा



पीएम मोदी ने कहा कि आज 25 जनवरी का दिन भी अहम है। आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस है। मतदाता ही लोकतंत्र की आत्मा होता है। मैं भी आज आपसे अपनी एक याद को साझा करना चाहता हूं। आज से 10 साल पहले हमने एक शुरुआत की। मैं जिस जर्नी की बात कर रहा हूं, वह स्टार्ट अप इंडिया की जर्नी है।मैं युवाओं से आग्रह करना चाहता हूं कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। हम सभी पर एक बड़ी जिम्मेदारी है, वह है गुणवत्ता पर जोर देने की।'स 'यूपी के आजमगढ़ में दिखाई दिया, जहां स्थानीय लोगों ने तमसा नदी को नया जीवन दिया है।

**भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप ईकोसिस्टम**

उन्होंने कहा कि भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम विकसित हो चुका है। यह इकोसिस्टम पारंपरिक सोच से अलग है और ऐसे क्षेत्रों में काम कर रहा है, जिनकी 10 वर्ष पहले तक कल्पना भी कठिन थी। आज भारतीय स्टार्टअप्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, मोबिलिटी, ग्रीन हाइड्रोजन और बायोटेक्नोलॉजी जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### युवा उच्च गुणवत्ता पर ध्यान दें

पीएम मोदी ने खासकर इंडस्ट्री और स्टार्टअप से जुड़े युवाओं से आग्रह करते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। भारत पर दुनिया की नजरें हैं। ऐसे समय में हम सब पर एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी भी है।हम पूरी ताकत से गुणवत्ता को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि हम सबका एक ही मंत्र हो, 'गुणवत्ता, गुणवत्ता और सिर्फ गुणवत्ता।' हम जो भी उत्पादन कर रहे हैं, उसकी गुणवत्ता को बेहतर बनाने का संकल्प लें। हमारे टेक्सटाइल, टेक्नोलॉजी और इलेक्ट्रॉनिक्स, यहां तक कि पैकेजिंग भी, भारतीय उत्पाद का मतलब 'उच्च गुणवत्ता' होना चाहिए।

### गांव के सामुदायिक किचन की चर्चा की

गुजरात में बेचराजी के चंदनकी गांव की परंपरा अपने आप में अनूठी है।अगर मैं आपसे कहूं कि यहां के लोग, विशेषकर बुजुर्ग, अपने घरों में खाना नहीं बनाते तो आपको हैरत होगी। इसकी वजह गांव का शानदार सामुदायिक किचन है। इस सामुदायिक किचन में एक साथ पूरे गांव का सबका खाना बनता है और लोग एक साथ बैठकर भोजन करते हैं।

### स्वच्छता के लिए व्यक्तिगत प्रयासों को जरूरी बताया

पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर के फरीदपुर में एक संस्था है विवेकानंद लोक शिक्षा निकेतन। ये संस्था बीते चार दश्कों से बच्चों और बुजुर्गों की देखभाल में जुटी है। ये संस्था गुरुकुल शिक्षा पद्धति, अध्यापकों की ट्रेनिंग और नागरिकों की सेवा के विभिन्न कामों से जुड़ी है। अरुणाचल प्रदेश में लोग जय हिंद कहकर एक दूसरे का अभिवादन करते हैं। यहां ईटानगर में युवाओं का समूह उन हिस्सों की सफाई में एकजुट है, जहां ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। इन्होंने सफाई को ही अपना मिशन बना लिया है। ये युवा करीब 11 लाख किलो से अधिक कचरे की सफाई कर चुके हैं। असम के नागांव में भी लोगों ने मिलकर गलियों की सफाई की। बेंगलूरू में भी सोफा वेस्ट को दूर करने लोग अपने तरीके अपना रहे।

## केरल में अडाणी समूह का मेगा प्रोजेक्ट

# विझिंजम को बनाएंगे देश का सबसे बड़ा ट्रांसशिपमेंट हब



अडाणी समूह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) ने भारत के समुद्री व्यापार के नक्शे को बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर करण अडाणी ने शनिवार को घोषणा की कि विझिंजम बंदरगाह के विकास में 30,000 करोड़ का निवेश किया जाएगा। यह राज्य के इतिहास में सबसे बड़ा निवेश है। 30,000 करोड़ का यह कमिटमेंट न केवल केरल की अर्थव्यवस्था के लिए गेम-चेंजर साबित होगा, बल्कि यह विझिंजम को एक वैश्विक स्तर के समुद्री हब के रूप में स्थापित करेगा।

- इस विशाल निवेश का ब्लूप्रिंट साझा किया

**परियोजना के बारे में खास**

*करण ने प्रोजेक्ट की सफलता का श्रेय केरल के पूर्व और वर्तमान नेतृत्व को दिया*

- **फाउंडेशनः** उन्होंने दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी को याद करते हुए कहा कि इस प्रोजेक्ट की नींव और शुरुआती गति उन्हीं के नेतृत्व में मिली थी।
- निष्पादनः वर्तमान मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि सीएम का लगातार समर्थन एक निवेशक के लिए 'सबसे बड़ी संपत्ति' है।

### क्षमता में 5 गुना से ज्यादा बढ़ोतरी

इस विशाल निवेश का ब्लूप्रिंट साझा करते हुए करण अडाणी ने बताया कि कंपनी दूसरे चरण के तहत 16,000 करोड़ रुपएका अतिरिक्त निवेश करेगी। इस निवेश का मुख्य उद्देश्य बंदरगाह की क्षमता को कई गुना बढ़ाना है। योजना के अनुसार साल 2029 तक विझिंजम पोर्ट की क्षमता 10 लाख टीईयू(कंटेनर यूनिट) से बढ़कर 57 लाख टीयूई हो जाएगी।

### देश का सबसे उन्नत बंदरगाह होगा

अडाणी समूह का लक्ष्य विझिंजम को भारतीय उपमहाद्वीप का सबसे बड़ा ट्रांसशिपमेंट पोर्ट बनाना है, जहां बड़े जहाज अपना माल उतार और चढ़ा सकें। करण अडाणी ने कहा कि यह भारत का सबसे तकनीकी रूप से उन्नत बंदरगाह होगा। उन्होंने इसे भविष्य के भारतीय बंदरगाहों के संचालन के लिए एक 'लाइटहाउस' (मार्गदर्शक) करार दिया।

## चुनाव आयोग की ड्राफ्ट लिस्ट जारी

# 'सर' में करोड़ों वोटर्स के नाम कटे, इसमें यूपी पहले नंबर पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देश के अलग-अलग राज्यों में एसआईआर के तहत जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट ने सियासी हलचल बढ़ा दी है। निर्वाचन आयोग की तरफ से जारी यह ड्राफ्ट वोटर लिस्ट बताती है कि भारत के तमाम हिस्सों में वोटर डेटा की साफ-सफाई हो गई है। मृतकों, फर्जी और शिफ्टेड वोटर्स को इसमें से हटा दिया गया है। आंकड़े बताते हैं कि कई राज्यों में बड़ी संख्या में शिफ्टेड, मृतक और फर्जी वोटर्स को लिस्ट से बाहर किया गया है, लेकिन इसका सबसे ज्यादा प्रभाव यूपी में देखने को मिला है। उत्तर प्रदेश सबसे ऊपर है। यहां ड्राफ्ट सूची में से 2.89 करोड़ वोटर्स को हटाया गया है। यूपी में पहले 15.44 करोड़ वोटर थे, लेकिन अब घटकर 12.55 करोड़ हो गई है। मतलब हर 100 में से लगभग 19 वोटर को लिस्ट से हटा दिया गया है।

## पटना के शंभू गर्ल्स हॉस्टल का मामला

# नीट छात्रा के अंडरगारमेंट्स में स्पर्म मिले, रेप की पुष्टि की

### डीएनए टेस्ट की तैयारी की जा रही



एजेंसी ▶▶ पटना

यहां के शंभू गर्ल्स हॉस्टल में नीट छात्रा की मौत मामले में एफएसएल जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। छात्रा के साथ मौत से पहले रेप के आरोप की पुष्टि हो गई है। पटना पुलिस ने बताया है कि छात्रा के अंडरगारमेंट्स से मेल स्पर्म पाए गए हैं। एसआईटी अब स्पर्म की डीएनए प्रोफाइलिंग कराने में जुट गयी है। इसका मिलान आरोपियों और संदिग्धों का डीएनए से कराया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी यौन उत्पीड़न की आशंका से इनकार नहीं किया गया था। इससे पुलिस की शुरुआती दावों पर सवाल खड़े हो गए हैं। परिजनों का आरोप है कि रेप की वारदात को दबा कर पुलिस किसी को बचाने की कोशिश कर रही थी।

**अलग- अलग हादसों में 8 लोगों की गई जान**

# हैदराबाद में फर्नीचर की दुकान में भीषण आग से पांच लोगों की मौत

### आग लगने से बाहर निकलने में रहे असमर्थ

एजेंसी ▶▶ नामपल्ली

हैदराबाद शहर के नामपल्ली इलाके में स्थित चार मंजिला फर्नीचर की दुकान में शनिवार रात भीषण आग लग गई थी। आग लगने की से मकान में 5लोग फंस गए थे। अब पांचों लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। पूरी रात रेस्क्यू ऑपरेशन चलाए जाने के बाद पांचों लोगों के शव बरामद किए जा सके। पुलिस ने आग लगने की घटना में मकान में फंसे सभी 5लोगों की मौत की पुष्टि कर दी है। सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं। बताया जा रहा है कि इन लोगों के लिए बेसमेंट में ही रहने की व्यवस्था की गई थी। ये लोग बाहर नहीं निकल पाए।



### दो बसों में टक्कर, 3 की मौत, 15 घायल

**मदुरै।** तमिलनाडु के मदुरै जिले में रविवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो महिलाओं समेत 3लोगों की मौत हो गई। 15 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। सड़क हादसा तिरुचि-मदुरै राष्ट्रीय राजमार्ग पर मेलूर के पास पलापट्टी इलाके में हुआ। चेन्नई से मदुरै जा रही एक निजी बस पलापट्टी इलाके में सड़क किनारे एक चाय की दुकान के पास रुकी थी। चालक कुछ देर के लिए नीचे उतरा हुआ था। इसी दौरान अन्य सब ने टक्कर मारी।

- मदुरै में भीषण सड़क हादसा

## गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति का देश के नाम संदेश

**संविधान में आदर्श गणराज्य समाहित**

# यह देश की स्थिति पर विचार करने का अवसर

### संविधान को बताया लोकतंत्र की जन्मभूमि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को राष्ट्र के नाम संदेश दिया। उन्होंने कहा, हम , भारत के लोग देश और विदेश में उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस मनाने जा रहे हैं। गणतंत्र दिवस का यह पावन अवसर हमें हमारे देश के अतीत, वर्तमान और भविष्य की स्थिति और दिशा पर विचार करने का अवसर देता है। स्वतंत्रता संग्राम की ताकत ने 15 अगस्त 1947 को हमारे देश की स्थिति बदल दी। हम राष्ट्र के भाग्य के स्वयं निर्माता बन गए। 26 जनवरी 1950 से हम अपने गणराज्य को सांविधानिक आदर्शों की दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं। हमारा संविधान लोकतंत्र की जन्मभूमि है। हमारा संविधान विश्व इतिहास के सबसे बड़े गणराज्य की आधारशिला है। संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भ्रातृत्व के आदर्श हमारे गणराज्य को परिभाषित करते हैं।

### वंदे मातरम की भावना मजबूत हुई



उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय महाकवि सब्रमण्यम भारती ने तमिल भाषा में 'वंदे मातरम येन्बोम' अर्थात ' हम वंदे मातरम बोलें' इस गीत रचना करके वंदे मातरम की भावना को और भी व्यापक स्तर पर जनमानस के साथ जोड़ा। श्री ऑरबिंदो ने वंदे मातरम का अंग्रेजी अनुवाद किया। ऋषितुल्य बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम हमारी राष्ट्र-वंदना का स्वर है।

### 'नेताजी' से प्रेरणा लें युवा

राष्ट्रपति ने कहा कि 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के दिन को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है, ताकि देशवासी, खासकर युवा, उनकी अदम्य देशभक्ति से प्रेरणा प्राप्त करें।

### प्रतिमान स्थापित कर रहीं महिलाएं

राष्ट्रपति ने कहा कि हमारी तीनों सेनाओं के बहादुर जवान, मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव सतर्क रहते हैं। अन्नदाता पोषण सामग्री उत्पन्न करते हैं। हमारे देश के कर्मठ और प्रतिभाशाली महिलाएं अनेक क्षेत्रों में नए प्रतिमान स्थापित कर रही हैं।

### वैज्ञानिक और इंजीनियर विकास पथ पर ले जा रहे

उन्होंने कहा कि हमारे सेवाधर्मी डॉक्टर, नर्स और सभी स्वास्थ्य कर्मी देशवासियों के स्वास्थ्य की देखभाल करते हैं। हमारे निष्ठावान सफाई मित्र देश को स्वच्छ रखने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। हमारे प्रबुद्ध शिक्षक भावी पीढ़ियों का निर्माण करते हैं। हमारे विश्व स्तरीय वैज्ञानिक और इंजीनियर देश के विकास को नई दिशाएं देते हैं। हमारे मेहनती श्रमिक भाई-बहन राष्ट्र का नव-निर्माण करते हैं।

## सीएम स्टालिन का बड़ा बयान

# तमिलनाडु में हिंदी के लिए न जगह थी, न है और न होगी

एजेंसी ▶▶ चेन्नई



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक (डीएमके) अध्यक्ष एमके स्टालिन ने रविवार को 'भाषा शहीद दिवस' के अवसर पर केंद्र सरकार को कड़ा संदेश देते हुए दोहराया कि राज्य में हिंदी थोपे जाने के लिए कोई जगह नहीं है। स्टालिन ने 1960 के दशक के हिंदी-विरोधी आंदोलन के बलिदानियों को याद करते हुए कहा कि तमिलनाडु अपनी भाषाई पहचान की रक्षा के लिए हमेशा अडिग रहेगा। सीएम ने एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, भाषा शहीद दिवस के अवसर पर मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि तमिलनाडु में हिंदी के लिए न तब कोई जगह थी, न अब है और न कभी होगी। वीडियो में द्रमुक के दिग्गज नेताओं सी. एन. अन्नादुरई और एम. करुणानिधि के योगदान को भी रेखांकित किया गया। स्टालिन ने चेन्नई में भाषा शहीद थलामुथु और नटरासन के स्मारक पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने चेन्नई महानगर विकास प्राधिकरण भवन पर इन दोनों शहीदों की प्रतिमाओं का अनावरण किया।

## भारत ने इजराइली तकनीकी का किया इस्तेमाल

# स्विस रिपोर्ट में हुआ खुलासा: ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना ने मचा दी थी तबाही...जिससे पाकिस्तान सीजफायर को हो गया मजबूर

ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान में भयंकर तबाही मचाई थी। इसी कारण पाकिस्तानी सेना सीजफायर के लिए भारत से गुहार लगाने लगी। यह खुलासा एक स्विस रिपोर्ट में किया गया है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायु श्रेष्ठता ने पाकिस्तान को सीजफायर के लिए मजबूर किया था। यह खुलासा स्विस थिंक टैंक सेंटर डी हिस्टोयर एट डे प्रॉस्पेक्टिव मिलिटेयर्स (सीएचपीएम) की एक विस्तृत सैन्य रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत की ओर से शुरू किए गए चार दिवसीय ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की वायु श्रेष्ठता ने पाकिस्तान को सीजफायर के लिए मजबूर किया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान की एयरफोर्स ने जैसे ड्रोनों का इस्तेमाल किया, लेकिन भारतीय रक्षा प्रणाली को वह भेद नहीं सका। लिहाजा वे महत्वपूर्ण लक्ष्यों तक नहीं पहुंच सके।

*भारत की रक्षा प्रणाली को नहीं भेद पाए पाक ड्रोन*

*पाकिस्तान के कई विमान भारत ने गिरा दिए थे*


फाइल फोटो

### क्या कहती है रिपोर्ट

पुली (स्विट्जरलैंड) स्थित और 1969 में स्थापित सीएचपीएम ने पिछले हफ्ते यह रिपोर्ट प्रकाशित की है, जिसका शीर्षक है 'ऑपरेशन सिंदूर: द इंडिया-पाकिस्तान एयर वॉर'...और इसे सेवानिवृत्त स्विस वायु सेना के मेजर जनरल एड्रियन फॉन्टानेलाज ने लिखा है। रिपोर्ट के अनुसार भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी कैंपों पर हमला किया।

### भारत ने इन विमानों से किया पाक पर हमला

भारत ने कम से कम एक एचक्यू-9 बैटरी पर हमला किया। इन ऑपरेशनों के संचयी प्रभाव से पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र की कवरेज की मात्रा और गुणवत्ता में भारी कमी आई। हमलों से बचने के लिए कई बचे रडार बंद हो गए, जिससे भारतीय विमानों के लिए आगे बढ़ना आसान हुआ। भारतीय सेना ने पाकिस्तान की हमले की तैयारियों का पता लगाया और तुरंत जवाबी हमला किया। सू-30एमकेआई, जगुआर और राफेल से भारतीय हवाई क्षेत्र से ही ब्रह्मोस आदि मिसाइलें दागी गईं। इनसे पाकिस्तानी क्षेत्र में 200 किमी तक गहरे 7 ठिकानों पर हमला हुआ, जिसमें एक सतह-से-हवा मिसाइल बैटरी और 5 एयर बेस शामिल थे।

### भारत ने पाक में मचाई तबाही

*उत्तर पाकिस्तान में इस्लामाबाद के पास नूर खान एयर बेस पर कमांड-एंड-कंट्रोल सेंटर नष्ट हुआ। मुरिद एयर बेस (पीएएफ के मेल ड्रोन फ्लीट का केंद्र) पर कई हैंगर और कंट्रोल सेंटर क्षतिग्रस्त हुए। मध्य पाक में राहिम यार खान एयर बेस की रनवे पर कई हमले हुए और सिविलियन एयरपोर्ट टर्मिनल (ड्रोन कंट्रोल सेंटर) बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ। रफीकी एयर बेस भी निशाना बना। दक्षिण में सुक्कुर एयर बेस पर ड्रोन हैंगर और रडार पर हमला हुआ। रिपोर्ट में निष्कर्ष निकाला गया कि भारत ने एस्केलेशन डोमिनेंस बनाए रखा।*

## खबर संक्षेप

### दक्षिण कोरिया में एआई कानून लागू हुआ

**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर एक बड़ा और अहम फैसला लिया गया है। इस फैसले ने न सिर्फ तकनीक की दुनिया का ध्यान खींचा है, बल्कि इससे जुड़े नियमों और उनके असर को लेकर नई बहस भी शुरू हो गई है। सरकार इसे भविष्य की जरूरत बता रही है, जबकि स्टार्टअप जगत इससे जुड़ी चिंताओं को खुलकर सामने रख रहा है। दक्षिण कोरिया की सरकार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस्तेमाल को नियंत्रित करने के लिए एक व्यापक कानूनी ढांचा आधिकारिक रूप से लागू कर दिया है।




### ब्रिटेन की फील्डिंग करेगा भारतीय युवा

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने अमेरिका में ब्रिटेन की कारोबारी फील्डिंग सेट करने के लिए एक भारतीय को चुना है। भारतीय मूल के बिजनेस एडवाइजर वरुण चंद्रा को अमेरिका में व्यापार और निवेश के लिए विशेष दूत नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका ब्रिटेन का सबसे बड़ा सिंगल-कंट्री ट्रेड पार्टनर है। चंद्रा का काम ब्रिटेन के आर्थिक हितों को अमेरिका में आगे बढ़ाना होगा। वरुण चंद्रा एक अनुभवी निवेश बैंकर हैं। उन्होंने 2005 से 2008 तक लेहमन ब्रदर्स में काम किया।



## अमेरिका के पावर हाउस ने दिल्ली में डाला डेरा

# ईयू से फाइनल डील की भनक लगते ही ट्रंप के दूतों ने जयशंकर से मुलाकात की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक तरफ भारत और यूरोपियन यूनियन (ईयू) के बीच एक बड़े व्यापार समझौते की चर्चाएं अंतिम दौर में हैं, वहीं दूसरी तरफ अमेरिका ने अपने 'पावर हाउस' कहे जाने वाले तीन दिग्गजों को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मिलने भेजा। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब वाशिंगटन और नई दिल्ली के रिश्ते एक नाजुक मोड़ पर हैं।

अमेरिका ने भारतीय सामानों पर 50% टैरिफ लगा रखा है। इस तनाव के बीच, ट्रंप प्रशासन के करीबी राजदूत सर्जियो गोर की अगुवाई में माइक रोजर्स, एडम स्मिथ और जिमी पैट्रोनिस का भारत आना यह बताता है कि अमेरिका, भारत को अपने पाले से दूर नहीं जाने देना चाहता।

एचएएससी के चेयरमैनमाइक रोजर्स का भारत आना यह संकेत है कि भले ही ट्रेड को लेकर दोनों देशों में झगड़ा हो, लेकिन डिफेंस के मामले में अमेरिका भारत को नाराज नहीं कर सकता। भारत और अमेरिका के बीच जेट इंजन (जीई-414), ड्रोन्स और सेमीकंडक्टर को लेकर जो समझौते हुए हैं, उन्हें संसद से मंजूरी दिलाने में रोजर्स की भूमिका अहम है।


विदेश मंत्री जयशंकर से की मुलाकात

### मुलाकात की खास टाइमिंग

भारत और ईयू के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट लगभग फाइनल होने वाला है। अगर यह हो जाता है, तो जर्मन और फ्रेंच कंपनियों को भारत के विशाल बाजार में बिना टैक्स के एंट्री मिल जाएगी, जबकि अमेरिकी कंपनियों को भारी टैक्स देना होगा। अमेरिका कभी नहीं चाहेगा कि उसकी कंपनियां जैसे फोर्ड, टेस्ला या एप्पल यूरोपियन कंपनियों से पिछड़ जाएं। माइक रोजर्स और उनकी टीम का उद्देश्य यह टटोलना था कि भारत-ईयू डील कितनी आगे बढ़ी है और अमेरिका इसमें कहां फिट बैठता है।

### ये हैं ट्रंप के तीन खास दूत

#### माइक रोजर्स: डिफेंस डील में महारथ

अलाअबामा से रिपब्लिकन सांसद माइक रोजर्स अमेरिकी संसद (कांग्रेस) के सबसे शक्तिशाली व्यक्तियों में से एक हैं। वे 'हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी' (एचएएससी) के चेयरमैन हैं। अमेरिकी सेना को कब, कहां और कितना पैसा मिलेगा, यह माइक रोजर्स तय करते हैं। पेंटागन का बजट उनकी कलम से होकर गुजरता है।



#### एडम स्मिथ: विपक्ष का सबसे बड़ा चेहरा

वाशिंगटन राज्य से डेमोक्रेटिक सांसद एडम स्मिथ, 'हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी' में 'रैंकिंग मेंबर' हैं। इसका मतलब है कि वे इस कमेटी में विपक्ष (डेमोक्रेट्स) के सबसे बड़े नेता हैं। इससे पहले वे इस कमेटी के चेयरमैन रह चुके हैं। रक्षा मामलों में उनकी पकड़ उतनी ही मजबूत है जितनी माइक रोजर्स की। इनका अपना ओहदा है।



#### जिमी: ट्रंप के फायदा नुकसान बताने वाले

जिमी पैट्रोनिस फ्लोरिडा राज्य के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर हैं। हालांकि वे सांसद नहीं हैं, लेकिन डेलिगेशन में उनकी मौजूदगी सबसे दिलचस्प है। वे फ्लोरिडा से आते हैं, जो डोनाल्ड ट्रंप का गृह राज्य है। वे ट्रंप के बेहद करीबी माने जाते हैं और रिपब्लिकन पार्टी के बिजनेस विंग का प्रतिनिधित्व करते हैं।



### टैरिफ वार का शॉक एब्जॉर्बर

*डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय सामानों पर 50% टैरिफ लगाकर एक तरह से आर्थिक युद्ध का ऐलान किया है। इसके जवाब में भारत ने भी कड़े तेवर दिखाए हैं। इतिहास गवाह है कि जब-जब अमेरिका के राष्ट्रपति भारत के खिलाफ सख्त होते हैं, तब-तब वहां की संसद रिश्तों को बचाने के लिए आगे आती है। यह डेलिगेशन एक 'शॉक एब्जॉर्बर' की तरह काम कर रहा है। उनका संदेश है- व्हाइट हाउस के फैसलों से घबराइए मत, अमेरिकी संसद अभी भी भारत को एक दीर्घकालिक साझेदार मानती है।रूस-यूक्रेन का पेच: जयशंकर के साथ बातचीत में यूक्रेन का मुद्दा भी उठा।*

## चार दिवसीय यात्रा पर भारत आईं हैं डेर

# भारत पहुंचीं यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर, फ्री ट्रेड और डिफेंस डील पर लगेगी मुहर



यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयन शनिवार को राजकीय यात्रा पर राष्ट्रीय राजधानी पहुंचीं, जहां वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने उनका स्वागत किया।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के रिश्तों में एक नया और बड़ा अध्याय जुड़ने जा रहा है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेन अपनी चार दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंच गई हैं। उनके साथ-साथ यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा भी रविवार को दिल्ली पहुंच गए हैं। यह यात्रा भारत के लिए दो वजहों से खास है- पहला, ये दोनों यूरोपीय दिग्गज 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे, और दूसरा, 27 जनवरी को होने वाली बैठक में कई बड़े व्यापारिक समझौतों पर मुहर लग सकती है।

### महत्वपूर्ण डील होने की मुख्य वजह

- *यूरोपीय संघ एक ब्लॉक के रूप में भारत का सबसे बड़ा 'गुड्स ट्रेडिंग पार्टनर' (सामान का व्यापार करने वाला साझेदार) है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और ईयू के बीच कुल 136 अरब डॉलर (करीब 11 लाख करोड़ रुपये) का व्यापार हुआ। अच्छी बात यह है कि भारत ने इसमें 76 अरब डॉलर का निर्यात किया, जबकि आयात 60 अरब डॉलर रहा।*
- *वैश्विक संकेत यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिका में ट्रंप प्रशासन की आर्थिक और सुरक्षा नीतियों के कारण वैश्विक स्तर पर चिंताएं बढ़ी हुई हैं। ऐसे में दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्र-भारत और यूरोपीय संघ-आपसी विश्वास और साझेदारी को मजबूत करने पर जोर दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने हवाई अड्डे पर उर्सुला वॉन डेर लेन का स्वागत किया, जिसके बाद विदेश मंत्रालय ने इसे रणनीतिक साझेदारी का 'अगला चरण' बताया।*

### दो और महत्वपूर्ण समझौतों की उम्मीद

*__रक्षा साझेदारी:__ दोनों पक्ष एक रणनीतिक रक्षा समझौते को अंतिम रूप देंगे।*
*__नौकरी और मोबिलिटी:__ भारतीय पेशेवरों के लिए यूरोप में काम करना और आना-जाना आसान बनाने के लिए एक 'मोबिलिटी फ्रेमवर्क' तैयार किया जाएगा।*

## ईरान-अमेरिका के बीच कम नहीं हो रहा तनाव

# टॉमहॉक मिसाइलों की तैनाती के बाद बंकर में छिपे खामेनेई

एजेंसी ▶▶ तेहरान

मिडिल ईस्ट में युद्ध के बादल गहराते जा रहे हैं। अमेरिका द्वारा ईरान की घेराबंदी और घातक टॉमहॉक मिसाइलों की तैनाती के बीच खबर है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई सुरक्षा कारणों से 'अंडरग्राउंड' हो गए हैं।



सूत्रों के अनुसार, उन्होंने तेहरान स्थित एक विशेष सुरक्षित बंकर में शरण ली है। पश्चिमी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ने अरब सागर में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा दी है। विमानवाहक पोत 'अब्राहम लिंकन' की अगुवाई में एक परमाणु पनडुब्बी तैनात की गई है, जो लगभग 150 टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों से लैस है। इसके साथ ही फाइटर स्क्वाड्रन और विध्वंसक जहाजों ने ईरान के रणनीतिक क्षेत्रों को निशाने पर ले लिया है।

खामेनेई के बंकर में जाने के साथ ही ईरान में सत्ता परिवर्तन की अटकलें तेज हैं। अपुष्ट खबरों के अनुसार, खामेनेई ने अपने तीसरे बेटे को सत्ता का संचालन सौंपा है। हालांकि, ईरानी सरकार ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की है।

### ईरान ने दी धमकी.. कहा मिसाइलें तैयार हैं

लेकिन 'ईरान इंटरनेशनल' जैसे संगठनों का दावा है कि यह कदम संभावित अमेरिकी हमले के डर से उठाया गया है। ईरान के रक्षा मंत्रालय ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि उनकी मिसाइल क्षमता अब पहले से कहीं अधिक मजबूत है। ब्रिगेडियर जनरल रेजा तलई-निक के अनुसार, ईरान ने अपनी रक्षा प्रणालियों और घरेलू मिसाइल उत्पादन में भारी इजाफा किया है।

## पीएम मार्क कार्नी ने दिया 'आत्मनिर्भरता' का मंत्र

### वीडियो जारी कर दिया संदेश

# ट्रंप के टैरिफ की धमकी पर कनाडा का पलटवार

एजेंसी ▶▶ ओटावा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच व्यापारिक युद्ध छिड़ गया है। ट्रंप ने कनाडा को चेतावनी दी है कि यदि उसने चीन के साथ कोई भी ट्रेड डील साइन की, तो अमेरिका कनाडाई सामानों पर 100 फीसदी टैरिफ लगा देगा।

इस पर 'बाय कैनेडियन' नीति पर जोर दिया। ट्रंप की धमकी के बाद प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने वीडियो संदेश जारी कर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने सीधे अमेरिका का नाम लिए बिना कहा कि कनाडा की



अर्थव्यवस्था को बाहरी खतरा है। कार्नी ने नई 'बाय कैनेडियन' नीति की घोषणा करते हुए नागरिकों से स्थानीय उत्पादों को खरीदने की अपील की।कार्नी ने स्पष्ट किया कि कनाडा अब स्टील, एल्युमिनियम और तकनीक के मामले में आत्मनिर्भर बनने और अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए घरेलू निर्माण पर ध्यान केंद्रित करेगा।

## बर्फबारी ने आम लोगों की बढ़ा दी मुसीबतें

# देहरादून से सटे पहाड़ी इलाकों में 'बर्फ का कर्फ्यू', स्नोफॉल ने बढ़ाई खूबसूरती

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल चकराता के ऊंचे इलाकों ने सफेद चादर ओढ़ ली है। लोखंडी और आसपास के क्षेत्रों में कुदरत का ऐसा 'सफेद कहर' बरपा है कि पूरा इलाका मानो हिमयुग में तब्दील हो गया हो। ताजा बर्फबारी के बाद लोखंडी, कोटी कनासर और मोईलाटोप जैसे क्षेत्रों में 3 से 4 फीट तक मोटी बर्फ की परत जम गई है, जिससे चारों ओर सिर्फ सन्नाटा और सफेदी नजर आ रही है। लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है।



एक तरह से 'बर्फ का कर्फ्यू' लगा हुआ है। भारी बर्फबारी के कारण चकराता के ऊंचाई वाले इलाकों का जिला मुख्यालय से संपर्क पूरी तरह कट गया है। सड़कें, पेड़ और वाहन सब बर्फ के आगोश में हैं। स्थानीय लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं और दैनिक जरूरतों के सामान की किल्लत होने लगी है।

### प्रशासन अलर्ट मोड पर है और नजर रख रहा है

जो बर्फबारी कल तक पर्यटकों के लिए आकर्षण थी, वह अब स्थानीय निवासियों के लिए आफत बन चुकी है। हालांकि प्रशासन अलर्ट मोड पर है, लेकिन मौसम के तेवर देखते हुए चुनौतियां कम होती नहीं दिख रही हैं। पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश में भी स्थिति गंभीर है। वहां भारी बर्फबारी के चलते 2 नेशनल हाईवे समेत 680 से अधिक सड़कें बंद हैं।

## भारत और अमेरिका रक्षा साझेदारी पर पहले ही समझौता भी कर चुके हैं

### भविष्य में सहयोग के नए अवसरों पर विचार-विमर्श किया

# अमेरिकी सेना सचिव और भारतीय सेनाध्यक्ष की मुलाकात, आर्मी-टू-आर्मी सहयोग पर हुई चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूएस सेक्रेटरी ऑफ द आर्मी (अमेरिकी सेना सचिव) डैनियल पी. ड्रिस्कॉल व भारतीय थल सेना के प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी की एक महत्वपूर्ण मुलाकात हुई है। इस उच्चस्तरीय बैठक के दौरान भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करने, मिलिट्री-टू-मिलिट्री सहभागिता को और गहन करने तथा वैश्विक शांति और सुरक्षा के प्रति दोनों सेनाओं की साझा प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने पर व्यापक चर्चा की गई।बैठक में दोनों पक्षों ने भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी से संबंधित कई विषयों पर बातचीत की। भविष्य में सहयोग के नए अवसरों पर विचार-विमर्श किया।




दोनों देश संयुक्त सैन्य अभ्यासों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, पेशेवर आदान-प्रदान, क्षमता निर्माण तथा आपसी समन्वय को और प्रभावी बनाने जैसे विषयों पर विशेष जोर देते रहे हैं। अब सेना प्रमुख व अमेरिकी सेक्रेटरी ऑफ द आर्मी की यह मुलाकात दोनों देशों के बीच बढ़ते रणनीतिक एवं रक्षा संबंधों को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह मुलाकात साझा मूल्यों, आपसी विश्वास और वैश्विक शांति एवं सुरक्षा के प्रति समान दृष्टिकोण पर आधारित है।

भारत और अमेरिका रक्षा साझेदारी पर एक ऐतिहासिक समझौता भी कर चुके हैं। कुछ महीने पहले भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी रक्षा मंत्री पीटर हेगसेथ से मुलाकात के दौरान 10 वर्षीय 'फ्रेमवर्क फॉर द यूएस-इंडिया मेजर डिफेंस पार्टनरशिप' पर हस्ताक्षर किए थे। रक्षा मंत्री ने कुआलालंपुर में अपने अमेरिकी समकक्ष पीटर हेगसेथ के साथ यह महत्वपूर्ण बैठक व समझौता किया था। इसके तहत दोनों देशों ने 10 वर्षों के लिए 'यूएस-इंडिया मेजर डिफेंस पार्टनरशिप फ्रेमवर्क' पर हस्ताक्षर किए थे।

इसके बाद भारत व अमेरिका के बीच 22वीं मिलिट्री कोऑपरेशन ग्रुप की बैठक भी हुई थी। इस बैठक में इस समझौते से जुड़े विषयों पर आगे की चर्चा हुई। इसमें रक्षा सहयोग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा और संयुक्त प्रशिक्षण जैसे विषय शामिल थे।

### इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में क्षमता निर्माण के नए अवसरों पर मंथन

*वहीं, बीते दिनों भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी अमेरिका यात्रा पर गए थे। यहां उन्होंने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में क्षमता निर्माण के नए अवसरों पर भी विचार किया था। एडमिरल त्रिपाठी की इस यात्रा का उद्देश्य भारतीय नौसेना और संयुक्त राज्य अमेरिका की नौसेना के बीच पहले से प्रगाढ़ और सुदृढ़ समुद्री साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाना था। वहीं, बीते नवंबर महीने में ही भारतीय वायुसेना और संयुक्त राज्य अमेरिका की वायुसेना के बीच एक बेहद महत्वपूर्ण द्विपक्षीय वायु अभ्यास को अंजाम दिया गया था। दोनों देशों के इस संयुक्त अभ्यास का उद्देश्य वायु सेनाओं के बीच आपसी समझ, सामरिक सहयोग और अंतर संचालन क्षमता को बढ़ाना था।*

## कनाडा में भारतीय मूल के युवक की हत्या

# बीच सड़क पर मारी गई गोली पुलिस को गैंगवार का है शक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कनाडा में भारतीय मूल के युवक दिलराज सिंह गिल की हत्या कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि यह हत्या टारगेटेड गैंग वॉर का नतीजा हो सकती है। पुलिस ने बताया कि गिल पुलिस के लिए जाना-पहचाना था।

पुलिस ने शनिवार को इस युवक की पहचान वैंकूवर निवासी दिलराज सिंह गिल के रूप में बताई, जो कि भारतीय मूल का निवासी था।बर्नाबी आरसीएमपी के फ्रंटलाइन अधिकारियों ने कनाडा में 3700 ब्लॉक के पास गोलीबारी की रिपोर्ट पर कार्रवाई की। जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, तो उन्हें एक



पीड़ित मिला। पुलिस ने बताया, 'हमने उसकी जान बचाने की कोशिश की, लेकिन इसके बावजूद उस युवक की जान नहीं बच पाई। अधिकारियों ने आगे बताया, इस घटना के तुरंत बाद बक्सटन स्ट्रीट के 5000 ब्लॉक में एक गाड़ी में आग लगी हुई मिली।


HEG
HAPPY
REPUBLIC DAY
OF INDIA
PROUD TO BE INDIAN
PRIVILEGED TO BE GLOBAL


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक-हार्दिक
शुभकामनाऐं
सलमान अली
जिला महामंत्री भारतीय जनता पार्टी अल्प संख्यक मोर्चा


सभी नगरवासियों को
गणतंत्र दिवस
पर
ASTHA HOSPITAL
मंडीदीप की ओर से
हार्दिक शुभकामनाएं
:: निवेदक ::
अशोक साहू
महावीर कॉलोनी मंडीदीप
JAI HIND


सभी नगरवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
G&G Associate
Mandideep, Satlapur
And Dahod
JAI HIND


सभी नगरवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
:: निवेदक ::
निर्मला जयपाल राजपूत
पार्षद वार्ड क्रमांक 08 मंडीदीप
JAI HIND


सभी नगरवासियों को
गणतंत्र दिवस
पर
BANSAL TRANSPORT
मंडीदीप की ओर से
हार्दिक शुभकामनाएं
JAI HIND



सभी नगरवासियों को
गणतंत्र दिवस
पर
GOLDEN CARRY
मंडीदीप की ओर से
हार्दिक शुभकामनाएं
JAI HIND


सभी नगरवासियों को
गणतंत्र दिवस
पर
VIVEK JAGRATI
मंडीदीप की ओर से
हार्दिक शुभकामनाएं
JAI HIND


सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाए
GIRDHAR PUBLIC SCHOOL
नीलेश पाण्डेय
एम.डी.
अरविन्द पाटीदार
चेयरमेन
वार्ड क्र. 24 गज्जूपिपलिया मंण्डीदीप


सुयश डेन्टल क्लीनिक
22 वर्षो से आपकी सेवा में
सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाए
जरकोनिया एवं सिरामिक के फिक्स दाँत सस्ते
एवं गॉरन्टी के साथ बनाए जाते है
रविवार को क्लीनिक खुला रहेगा
मो : 9993190126


सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाए
बंसल.टी.एम.टी.सरिया
इंन्डस्ट्रीज एरिया मण्डीदीप


सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाए
1. नगर को स्वच्छत एवं सुन्दर बनाए
2. पानी का वहाब काम करे
3. नगर के विकास के लिए समय से कार जमा करें ।
4. नगर हित में सहयोग करें
प्रशांत जैन
C.M.O. Nagar Palika Mandideep


सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाए
SAI CITY
बंगरसिया भोपाल रोड 11 मील



सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाए
कैलांश गुप्ता
सिगांजी ट्रॉन्सफर मण्डीदीप


रघुकुलम विद्यापीठ स्कूल, मण्डीदीप
कक्षा नर्सरी से आठवी तक
समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
दुर्गा मंदिर मंगलवार बाजार, मण्डीदीप


सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाए
जगदीश सोनी
जगदीश शंकर लाल सोनी
राधा कृष्णचौक मण्डीदीप


चावरा विद्या भवन , मण्डीदीप
समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं


सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाए
सद्भावना विकास समिति
मुन्नवर पटेल


बी.एच.ई.एल. थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट को-आपरेटिव सोसायटी लि. भोपाल
HAPPY
REPUBLIC DAY
बचत भवन
ONLY VIMAL
बसंत कुमार
(अध्यक्ष)
एवं संचालक मंडल


St. Joseph's Co-ed School
E-6, Arera Colony, Bhopal
Happy Republic Day
26 JANUARY 2026
Let's salute our India on Republic Day.
May we always have the freedom to choose, freedom to live, and freedom to dream.


Happy Republic Day
CONTACT FOR
URGENT POWER, WILL &
ई-रजिस्ट्री
S@MPADA 2.0
Govt. of M.P.
Mohd. FAROOQ Khan
DOCUMENT WRITER
LICENSE HOLDER (S.P.)
SUB REGISTRAR OFFICE, BHOPAL
Behind Nehru School Square
Ashoka Garden, Bhopal (M.P.)
9893576236
8770327598


गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं ...
अटूट. अनुपम. अनवरत.
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
अच्छे लोग, अच्छा बैंक
77 वें गणतंत्र दिवस
का गौरवमय उत्सव
www.unionbankofindia.bank.in


सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India
महिलाओं के लिए विशेष आवास ऋण योजना
Special Housing Loan Scheme for Women
सेन्ट गृह लक्ष्मी @7.10%
• शून्य प्रसंस्करण शुल्क
• कोई पूर्व-भुगतान शुल्क नहीं
• Zero processing charges
• No pre-payment charges
Give a Missed Call on 922 390 1111
www.centralbankofindia.co.in | Follow us on: CentralBankofIndia | Toll-free no.: 1800 30 30 | 7900 123 123


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सोन पपड़ी गिफ्ट पैक भी उपलब्ध
KUNDAN
NAMKEEN & SWEETS
Rusk
Butter Cookies
Khari
Kaju Chocolate
जो है स्वाद के शौकीन
उनके लिए
कुन्दन के नमकीन
कुंदन नमकीन सेन्टर
घोड़ा नक्कास, भोपाल
ऑनडोर स्टोर के पास, सागर एवेन्यू के सामने, अयोध्या बायपास रोड, भोपाल
0755-2744228


|| श्री गणेशाय नमः ||
"RENTAL-BASED PROJECT ON RAILWAY LAND"
|| श्री लक्ष्मी जी सदा सहाय करे ||
Prime Location.
Unmatched Connectivity. Ultimate Growth.
At the Heart of Transit
Metro Station at 0 km and Nadra Bus Stand just 1 km away.
Seamless Access
Direct Entry, via dedicated Foot Over Bridge from Bhopal Railway Station.
A Mega Commercial Hub
2000+ Premium Showrooms, Modern Offices, and Luxury Service Apartments.
Spacious & Safe
70% Open Area with Advanced Fire Fighting Systems & a Grand 2 Acre Open-Air Atrium.
The Ultimate Lifestyle Destination
Multi Cuisine, Food Zone, Global Standard, Multiplex, and Thrilling Adventure Rides for all ages.
Massive Infrastructure
1000+ Car Parking slots & 24+ High-Speed Lifts & Escalators for effortless movement.
Smart & Secure
Experience Luxury with Smart Washrooms and 24/7 Multi-Tier CCTV Surveillance.
SAMDARIYA HIGH STREET MALL OLD BHOPAL
Happy Republic Day 2026
आदरणीय व्यापारी एवं निवेशक बंधु,
समदड़िया हाई स्ट्रीट मॉल आपके लिए लेकर आया है विश्व प्रसिद्ध ब्रांड्स के साथ जुड़ने का एक सुनहरा अवसर। अब आप 500 से अधिक ग्लोबल और नेशनल ब्रांड्स में से अपना बिज़नेस पार्टनर, फ्रेंचाइजी या डिस्ट्रीब्यूटर चुन सकते हैं।
सही समय पर लिया गया एक सही निर्णय, आपकी "सेकंड इनकम" और सुरक्षित भविष्य की मज़बूत नींव बन सकता है।
METRO STATION
VEER SAVARKAR DHARM KANTA CHAURAHA
CHHOLA VIDISHA ROAD
NEW STATION ROAD
SAMDARIYA HIGH STREET MALL OLD BHOPAL
BHOPAL JN. RAILWAY STATION
METRO STATION
BHOPAL JUNCTION RAILWAY STATION
87650 00013, 80040 00013
साईट ऑफिस : रेलवे कॉलोनी, नादरा बस स्टैण्ड के पास, छोला रोड, भोपाल
कॉर्पोरेट ऑफिस : समदड़िया बिल्डर्स प्रा. लि., होटल समदड़िया इन, रसल चौक, जबलपुर


आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
एक शुभेच्छु

# मां नर्मदा की जयंती पर शीतलदास की बगिया सहित राजधानी में हुए विशेष अनुष्ठान, निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माघ मास की शुक्ल पक्ष सप्तमी पर रविवार को बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मां नर्मदा जयंती मनाई गई। ऐसे में शहर की शीलत दास की बगिया समेत अन्य मंदिरों में मां नर्मदा की विशेष पूजा-अर्चना की गई। तो वहीं नर्मदा मंदिर तुलसी नगर से जल कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में पंडितों द्वारा त्वदीय पाद पंकजम नमामि देवी नर्मदे, नर्मदे हर आदि के मंत्रोच्चारण कर रहे थे। मंदिर में नर्मदाष्टक व विष्णु सहस्त्रनाम पाठ किए गए। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पं.रामजीवन दुबे ने बताया कि इस दिन


कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु।

मां नर्मदा में स्नान करने का विशेष महत्व मना जाता है। इसलिए राजधानी भोपाल से बड़ी संख्या में लोग मां नर्मदा में स्नान करने के लिए उसके तट पर पहुंचे। मां नर्मदा में स्नान करना एवं उसकी पूजा-अर्चना व आरती करने से मन शीतल होता है एवं पुण्य लाभ प्राप्त होता है।

### धूमधाम से निकाली कलश यात्रा

श्री नर्मदा सेवा समाज व नार्मदीय महिला मंडल के तत्वावधान में मां नर्मदा मंदिर में 'नमामि देवी नर्मदे मंगलाचरण के साथ धूमधाम से अलौकिक और पुण्यदायिनी मां नर्मदा जयंती मनाई गई। इस मौके पर मां नर्मदा जी का पूजन एवं महाआरती की गई। इसके बाद प्रसादी वितरित की गई।

### शीतलदास की बगिया में हुई महाआरती

नर्मदा जयंती पर्व श्रद्धा व भक्ति भाव से मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी झील के शीतलदास की बगिया स्तिथ मां नर्मदा की प्रतिमा स्थल पर विभिन्न धर्मिक अनुष्ठान हुए। शीतलदास की बगिया स्थित मंदिर में भी मां गंगा की तर्ज पर मां नर्मदा की घाट आरती की गई। इस मौके पर घाट पर खड़े होकर वैदिक पंडितों ने बड़े दीपक लेकर मां नर्मदा की घाट आरती की। चुनरी अर्पित की गई।

बौद्ध महोत्सव वैश्विक भाईचारे के संदेश के साथ हुआ संपन्न

# भगवान बुद्ध की दुर्लभ अस्थि-धातु कलश के श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दी बुद्धभूमि धम्मदूत संघ के तत्वावधान में गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार को 10वां अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री, चुना भट्टी में सम्पन्न हुआ। इस अंतरराष्ट्रीय महोत्सव का उद्देश्य भगवान बुद्ध द्वारा प्रतिपादित करुणा, अहिंसा, शांति, समता, बंधुत्व एवं मानव कल्याण जैसे शाश्वत मूल्यों का समाज में व्यापक प्रचार-प्रसार करना तथा वैश्विक शांति, सामाजिक समरसता एवं मानवीय


अस्थि-धातु कलश के संग बौद्ध धर्मगुरु, नप अध्यक्ष सूर्यवंशी एवं श्रद्धालु।

चेतना को सुदृढ़ करना रहा। इस मौके पर भगवान बुद्ध की दुर्लभ अस्थि-धातु कलश का दर्शन श्रद्धालुओं को हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ बुद्ध वंदना, त्रिशरण पंचशील एवं सामूहिक ध्यान साधना से हुआ। इसके बाद अअंतरराष्ट्रीय भिक्षु-संघ द्वारा धम्म प्रवचन एवं शांति संदेश प्रदान किए गए।

सम्मेलन में देखने को मिला सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रभक्ति का अनुपम संगम

रजत नगर में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन

# नन्हे कलाकारों की रामलीला, देशभक्ति और समरसता के संदेश से गूंजा पंडाल

**हरिभूमि न्यूज, भोपाल।** रजत नगर बस्ती के सकल हिंदू समाज द्वारा आयोजित 'भव्य हिंदू सम्मेलन' श्रद्धा, उत्साह और संगठन भाव के साथ आयोजित हुआ। कमला नगर स्थित शिव मंदिर परिसर के सामने हुए इस सम्मेलन में धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रभक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला।



मंच पर मध्य भारत प्रान्त सरसंघचालक अशोक पांडे, स्वदेशी जागरण मंच की पदाधिकारी सीमा भारद्वाज और गणमान्य अतिथि।

*प्रतियोगिताएं और सामाजिक सहभागिता का आयोजन*

*जय श्रीराम के जयघोष ढोल नगाड़ों की गूंज से संपूर्ण क्षेत्र हुआ धर्ममय*


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

### कलश यात्रा और शोभायात्रा से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ

सम्मेलन का शुभारंभ प्रातः भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा के साथ हुआ। विभिन्न मोहल्लों से निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में माताएं-बहनें सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। जय श्रीराम के जयघोष और ढोल-नगाड़ों की गूंज से पूरा क्षेत्र धर्ममय हो उठा। शोभायात्रा बस्ती के प्रमुख मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची।

### आयोजन समिति में यह गणमान्य रहे शामिल

डॉ. सुरेश तुलसी, पार्षद ममता विश्वकर्मा, आरती सोनी, ललित गौतम, संतोष त्रिपाठी, रंजीत चंदेल, रत्नाकर सेठिया एवं केके शर्मा, शंकरजी यह भव्य हिंदू सम्मेलन रजत नगर की हर बस्ती में संगठन, जागरण, संस्कार और समरसता का सशक्त संदेश देकर संपन्न हुआ।


हिन्दू सभा में मौजूद लोग।

### विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां बनीं आकर्षण का केंद्र

सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण बच्चों एवं युवाओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे। रामायण पर आधारित 25 मिनट की सजीव रामलीला, भारत माता के गीत, देशभक्ति गीत, शास्त्रीय नृत्य एवं संगीतमय योग ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। 'महापुरुष बनो' प्रतियोगिता के अंतर्गत नन्हे कलाकार श्रीराम, श्रीकृष्ण, छत्रपति शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, देवी अहिल्याबाई एवं रानी दुर्गावती के रूप में मंच पर उतरे। \वीर सावरकर, स्वामी विवेकानंद एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस के ओजस्वी संवादों ने पूरे पंडाल को तालियों की गड़गड़ाहट से भर दिया।

### हिंदू धर्म यानी जाति-पाति से ऊपर उठकर समरसता संगठन का भाव


कार्यक्रम को संबोधित करते पांडे।

मुख्य वक्ता मध्य भारत प्रान्त सरसंघचालक अशोक पांडे ने कहा कि हिन्दवः सोदराः सर्वे सभी हिंदू भाई हैं। हिंदू धर्म केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि जाति-पांति से ऊपर उठकर समरसता और संगठन का भाव है। जब समाज संगठित होगा, तभी हमारी ऋषि परंपराएं और भारतीय संस्कृति विश्व में पुनः प्रतिष्ठित होंगी। संत आचार्य विष्णु कांत तिवारी ने धर्म, ऋषि परंपरा और सामाजिक कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदू दर्शन मानवता और सेवा का मार्ग दिखाता है।

### राष्ट्रभक्त नागरिक बनाने का आह्वान


संबोधित करतीं भारद्वाज।

मध्य भारत प्रान्त महिला कार्य प्रमुख सीमा भारद्वाज ने पंच परिवर्तन विषय पर मातृशक्तियों को संबोधित करते हुए कुटुंब प्रबंधन, सामाजिक समरसता, नागरिक शिष्टाचार, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वदेशी को जीवन में अपनाकर बच्चों को संस्कारित, कर्तव्यनिष्ठ और राष्ट्रभक्त नागरिक बनाने का आह्वान किया।

### सम्मान, महाप्रसाद और भारत माता की आरती

सम्मेलन के अंतर्गत स्वदेशी परिधान प्रतियोगिता, आदर्श हिंदू घर एवं हिंदुत्व ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गईं, जिनका उद्देश्य नई पीढ़ी को सनातन संस्कृति और संस्कारों से जोड़ना रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी बच्चों और मातृशक्तियों को अतिथियों के करकमलों द्वारा सम्मानित किया गया। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने समरसता भाव से एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की सामूहिक आरती के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रभक्ति और एकात्मता के भाव के साथ सहभाग किया।सीमा भारद्वाज ने मातृशक्तियों को हल्दी-कुमकुम, सुहाग सामग्री एवं स्वदेशी पत्रक भी वितरित किए गए।

आईडीए के नेतृत्व में आरसीटी पर संगोष्ठी

# अच्छे इलाज के लिए मरीज को जागरुक बनाना चाहिए


संगोष्ठी को संबोधित करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय दंत चिकित्सक संघ (आईडीए) के नेतृत्व में आरसीटी पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कॉन्फ्रेंस में अहमदाबाद से आए डॉ. नीरज किनारीवाला ने रुट कैनाल ट्रीटमेंट पर बताया कि इलाज की सफलता के लिए मरीजों को समय पर इलाज कराने के लिए जागरूक करना चाहिए, जिससे दांत का अच्छा हिस्सा ज्यादा से ज्यादा मिले और आधुनिक फ़ाइल सिस्टम से इलाज करना चाहिए। आईडीए अध्यक्ष डॉ. सौरव दांतरे ने बताया कि इस वर्ष हमारा लक्ष्य दंत चिकित्सा से जुड़े हुए महत्वपूर्ण विषयों पर कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हर दंत चिकित्सक को इलाज की गुणवत्ता बढ़ाकर सशक्त बनाना है।

### आज बच्चों को फल, मिठाई एवं सामग्री का होगा वितरण

डॉ. दांतरे ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर संगठन ब्लाइंड रिलीफ एसोसिएशन के साथ झंडावंदन के कार्यक्रम में शामिल होगा। बच्चों को फल और मिठाई वितरण के साथ उनको जरुरत की सामग्री भी उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. अखिलेश जैन ने बताया कि पहले के समय की तुलना में आज दंत चिकित्सा दांत निकालने की जगह दांत बचाने के साथ सुंदरता प्रदान करने का भी कार्य कर रही है। विशिष्ट अतिथि डॉ. सुरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि ऐसा आयोजन भोपाल को देश में दंत चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष स्थान दिलाएगा। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुखदा सिंह, सचिव डॉ. वेदांत गुप्ता, कोषाध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र द्विवेदी, डॉ. दीपशिखा सिंह आदि शामिल हुए।

प्रदेश के पहले गो-स्तंभ की रखी आधारशिला

# अगर वेतरणी पार उतरना है तो गो-सेवा करें: डिप्टी सीएम


आधारशिला रखते हुए डिप्टी सीएम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गो-माता में 33 करोड़ देवताओं का वास होता है, सिर्फ गाय एक मात्र ऐसा जीव है जिसका गोबर एवं गोमूत्र हम पूजा में इस्तेमाल करते हैं। हमें वेतरणी पार करना है, तो गो-सेवा करनी होगी। उक्त उद्गार रविवार को उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने हलाली डैम पर स्थित बृजमोहन रामकली गो- संरक्षण केंद्र में गो-गोपाल मंदिर एवं गो-स्तंभ की आधारशिला रखते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा आने वाली पीढ़ी को अगर स्वस्थ रहना है, तो गो-मूत्र गोबर से बनी औषधियों का सेवन करना होगा। विधायक प्रभु राम चौधरी एवं पूर्व सांसद रघुनंदन शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

वीआईएसएम कॉलेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# नारी सशक्तिकरण, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण के लिए आजीवन समर्पित रहीं राजमाता



*राजमाता विजयाराजे सिंधिया की 25वीं पुण्यतिथि पर डॉ. शर्मा ने अर्पित किए श्रद्धासुमन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

वीआईएसएम ग्रुप ऑफ स्टडीज, ग्वालियर में रविवार को जनसंघ की संस्थापक नेता एवं भारतीय राजनीति की प्रेरणास्त्रोत राजमाता विजयाराजे सिंधिया की 25वीं पुण्यतिथि श्रद्धा एवं भावपूर्ण वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत राजमाता विजयाराजे सिंधिया के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के शिक्षक प्रकोष्ठ, प्रदेश संयोजक, डॉ. नितेश शर्मा उपस्थित थे। शर्मा ने राजमाता के राष्ट्रवादी विचारों, सामाजिक समर्पण एवं राजनीतिक संघर्षों को स्मरण करते हुए कहा कि राजमाता ने भारतीय राजनीति को सशक्त नेतृत्व, सिद्धांतनिष्ठा और जनसेवा की दिशा प्रदान की। साथ ही उन्होंने कहा कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी नारी सशक्तिकरण, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण के लिए आजीवन समर्पित रहीं। उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं।

### चंबल संभाग के बड़े-बड़े विद्यालय एवं महाविद्यालय राजमाता की ही देन

डॉ. नितेश शर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि अगर ग्वालियर एवं आसपास के क्षेत्रों में कुछ अनहोनी की घटना की सूचना राजमाता को प्राप्त होती थी तो वो स्वयं वहां पहुंचती थी और उस परिवार को मदद पहुंचाती थी। चम्बल संभाग के बड़े-बड़े विद्यालय एवं महाविद्यालय राजमाता की ही देन है। इस मौके पर संस्थान की चेयरपर्सन सरोज राठौर, ग्रुप निदेशक डॉ. प्रज्ञा सिंह सहित स्टाफ मौजूद रहें। सभी ने उनके आदर्शों को आत्मसात करने एवं समाज सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। अंत में दो मिनट का मौन रखकर राजमाता विजयाराजे सिंधिया को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कई प्रदेशों के युवक-युवतियां जीवनसाथी तलाशने कार्यक्रम में पहुंचे

दिन भर चला परिचय, मेल-मिलाप और बातचीत का दौर

# सर्व ब्राह्मण समाज का परिचय सम्मेलनः विवाह योग्य युवकों ने संस्कारी जीवन संगिनी को बताया पहली पसंद



परिचय सम्मेलन में परिचय देते युवा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिझौतिया ब्राह्मण कल्याण परिषद संगठन की ओर से सर्वधर्म मंदिर मिनाल जेके अयोध्या बाईपास के पास सर्व ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन रविवार को आयोजित किया गया। सम्मेलन में कई प्रदेशों के करीब 1500 से अधिक युवक-युवतियां अपने अभिभावकों के साथ सुयोग्य जीवनसाथी तलाशने पहुंचे थे। दिनभर चले परिचय, मेल-मिलाप और आपसी बातचीत के दौरान कई रिश्ते तो मौके पर ही तय हो गए। इस मौके पर विशेष अतिथि के रूप में मां चामुंडा दरबार के पुजारी पं.रामजीवन दुबे शामिल हुए।


सम्मेलन में पं.रामजीवन दुबे शामिल हुए।

### युवतियों ने कहा- संस्कारित हो जीवन साथी

परिचय सम्मेलन के दौरान जहां कई लोग आपस में रिश्तेदारी निकालते दिखे। तो वहीं युवक-युवतियों ने मंच से अपना परिचय दिया और जीवनसाथी कैसा हो अपनी पसंद बताई। युवतियों ने मंच से बेझिझक परिचय देते हुए कहा जीवनसाथी सर्विस वाला हो या अच्छा बिजनेस करता हो, लेकिन संस्कारित हो और माता-पिता की रिस्पेक्ट करने वाला हो। तो वहीं अधिकांश युवाओं ने मंच से अपना परिचय देते हुए बताया कि उन्हें सुशील और गुणी जीवन संगिनी चाहिए। वधु ऐसी हो जो घर के सदस्यों की रिस्पेक्ट करे और घर में सबके साथ घुल-मिलकर रहे।

## खबर संक्षेप



### माता की आरती कर पूजा-अर्चना की

**औबेदुल्लागंज।** रविवार को खेड़ापति माता मंदिर में धार्मिक आयोजन के लिए समिति के उपाध्यक्ष रामेश्वर नागर, सचिव जेपी मिश्रा ने माता की आरती कर पूजा अर्चना की। उन्होंने धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रार्थना की।

### भव्य हनुमान मंदिर का निर्माण कार्य तेज

**औबेदुल्लागंज।** पुराने रेलवे फाटक के पास भगवान हनुमान मंदिर का निर्माण तेजी से चल रहा है।



भाजपा नेता राजेंद्र गुड्डु साहू एवं पंचू पांडे ने बताया कि सभी लोगों के सहयोग से भव्य और सुंदर मंदिर बनाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। मंदिर निर्माण में पंचू पांडे की मेहनत की प्रशंसा समिति के सदस्यों ने की है। वरिष्ठ राजेंद्र गुड्डु साहू मां नर्मदा की परिक्रमा कर आए। उन्होंने मंदिर निर्माण का कार्य तेजी से करने के लिए सभी से मार्गदर्शन मांगा है।

### गणतंत्र दिवस पर 50 जगह होगा झंडावंदन

**मंडीदीप।** गणतंत्र दिवस पर मंडीदीप में धूमधाम से मनाया जाएगा। अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल नगर पालिका परिषद में झंडारोहण करेंगी। वहीं, सतलापुर, राहुल नगर, गज्जू पिपल्या समेत 50 से अधिक जगहों पर झंडावंदन किया जाएगा। स्कूल, औद्योगिक इकाई, श्रमिक संस्थानों में झंडावंदन होगा।

### गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन 7 फरवरी से

**भोपाल।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन प्रक्रिया का निर्धारण कर दिया गया है। किसान 7 फरवरी से 7 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि निर्धारित समय में पंजीयन करा लें। 3186 पंजीयन केन्द्र बनाए गए हैं। गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो पिछले वर्ष से 160 रुपए अधिक है।

### निर्माणाधीन पुल की सेंट्रिंग गिरी, 1 की मौत

**जबलपुर।** एनएचआई द्वारा निर्माणाधीन पुल पुल की सेंट्रिंग गिरने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे की है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। एनएचआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अमृतलाल साहू ने बताया कि हादसे में दो लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. अरविंद शर्मा के अनुसार दोनों घायलों के हाथ और पैर में फ्रैक्चर है। हालांकि उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## दो लाख रुपए की मेफेड्रोन बरामद

# ऑटो से एमडी ड्रग्स सप्लाई कर रहे दो पैडलर गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

क्राइम ब्रांच पुलिस ने नेहरू नगर स्थित विज्ञान भवन के सामने मैदान से ऑटो में सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर 3.01 ग्राम एमडी बरामद किया है। आरोपी ऑटो से ड्रग्स सप्लाई करने का काम करते थे। बरामद ड्रग्स की कीमत दो लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने नारकोटिक्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपियों का नेटवर्क खंगालना शुरू कर दिया है। पता लगाया जा रहा है कि आरोपी कहां से एमडी ड्रग्स लाए थे और किन लोगों को बेचते थे।

एडिशनल डीसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि सूचना पर नेहरू नगर क्षेत्र स्थित विज्ञान भवन के सामने खाली मैदान से एक ऑटो में बैठे दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया। सूचना मिली थी कि दोनों युवक एमडी ड्रग्स बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। तलाशी लेने पर शाहरूख खान (26) निवासी बाग फरहत अफ्जा ऐशबाग के पास से 1.02 ग्राम एमडी और दूसरे आरोपी सलमान खान (30) निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अशोका गार्डन के कब्जे से 1.99 ग्राम एमडी बरामद हुई। दोनों आरोपियों के पास से कुल 3.01 ग्राम एमडी बरामद हुई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिवत रूप से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों से मोबाइल व ऑटो भी जब्त किया है। आरोपी शाहरूख खान ऑटो चालक है वहीं आरोपी सलमान बकरे बेचने का काम करता है।

## क्राइम ब्रांच पुलिस ने नेहरू नगर इलाके से तस्करों को दबोचा


क्राइम ब्रांच की टीम पकड़े गए मादक पदार्थ के साथ।

### दो तस्करों से एक लाख का गांजा बरामद

क्राइम ब्रांच के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि सुभाष नगर जेजे फ्लाई ओवर के पास रेलवे पटरी किनारे दो लोग अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने के इरादे से ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची टीम ने इलाके की घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम रेवाराम कुचबंदिया (26) निवासी रायसेन और शशांक मरवाह (40) निवासी मंडीदीप जिला रायसेन का होना बताए। तलाशी लेने पर उनके पास पिट्ठू बैग में रखे चार किलो 720 ग्राम के गांजे के दो पैकेट बरामद हुए। दोनों आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिवत रूप से गिरफ्तार किया गया। विवेचना के दौरान पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि गांजा कहां से लाए थे और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं।

## बोलेरो और स्कॉर्पियो वाहन से आए थे आधा दर्जन बदमाश

# स्कॉर्पियो को घेरकर रोका, सड़क पर युवक पर हथौड़े और रॉड से किया जानलेवा हमला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

सरेराह की मारपीट, युवक पर तलवार से भी किया हमला | कोलार थाना क्षेत्र स्थित नेताजी हिल्स के पास हुई वारदात

कोलार थाना क्षेत्र स्थित नेताजी हिल्स में स्कॉर्पियो सवार युवक को घेरकर दो गाड़ियों में आए आधा दर्जन लोगों ने रॉड, हथौड़े और तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। उसके साथ मौजूद उसके भाई से भी मारपीट की गई है। सरेराह स्कॉर्पियो और बोलेरो वाहन से आए बदमाशों द्वारा मुख्य सड़क पर हुई इस घटना से इलाके में दहशत का माहोल है। जिस युवक पर हमला किया गया वह सतना का रहने वाला है। उस पर सतना के चुरहट में एक दर्जन गंभीर अपराध दर्ज है। पुलिस ने घायल के भाई की शिकायत पर अज्ञात हमलावारों पर रास्ता रोकने और हत्या के प्रयास की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस ने बताया कि अशुमित प्रताप सिंह (27) तहसील कोटर, जिला सतना में रहता है और खेती किसानी करता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि अपने बुआ के बेटे कुलदीप सिंह के साथ 27 दिसंबर 2025 को ही नेताजी हिल्स कोलार में किराए के मकान में रहने आया है। रविवार सुबह वह कुलदीप सिंह के साथ स्कॉर्पियो वाहन से अकबरपुर क्लीनिक जा रहा था। नेताजी हिल्स से नीचे की तरफ आते समय उनकी स्कॉर्पियो के सामने एक स्कॉर्पियो आकर रुकी, जबकि पीछे बोलेरो वाहन आकर रुका गया। दोनों तरफ से हमारी स्कॉर्पियो को घेरने के बाद उक्त गाड़ियों से दर्जनभर लोग उतरकर हमारे गाड़ी के पास आए। सभी लोग अपने हाथ में रॉड, हथौड़े और तलवार लिए हुए थे। उन्होंने गालीगलौज करते हुए गाड़ी पर हथौड़े और रॉड बरसानी शुरू कर दी। इसी बीच एक बदमाश ने हथौड़े से कुलदीप सिंह पर हमला किया। वह गेट के पास झुके और हाथौड़ा उन्हें सिर के पास लगा। हथौड़ा लगते ही वह नीचे गिर गए।

### ड्राइवर सीट के पास गिराया, हथौड़े से तोड़ दिए हाथ-पैर


युवक से मारपीट करते आरोपी।

कुलदीप अपनी स्कॉर्पियो की ड्राइवर सीट के पास सड़क पर गिर गया। इसके बाद तीन-चार बदमाशों ने उस पर रॉड और हथौड़े बरसाने शुरू कर दिए। आरोपियों ने हथौड़े और रॉड हाथ पैर और कमर पर मारे थे। लिहाजा उसके हाथ पैर और कमर में गंभीर चोट आई है। लगातार रॉड और हथौड़े से मारपीट होने के कारण कुलदीप बेहोश हो गया था। आरोपी उसे छोड़कर अपने वाहनों से फरार हो गए।

### निजी अस्पताल में चल रहा युवक का इलाज

अशुमित प्रताप ने बताया कि रॉड लगने से उसे भी चोट आई है। हमलावार कुलदीप सिंह को टारगेट कर आए थे और उनके साथ बेरहमी से मारपीट की गई है। उन्हें गंभीर चोट हैं और उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। वह चूनाभट्टी स्थित निजी अस्पताल में भर्ती है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कुलदीप से पूछताछ करने का प्रयास किया, लेकिन वह बयान देने की स्थिति में नहीं है।

### घायल युवक पर चुरहट में केस दर्ज

पुलिस ने कुलदीप के बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला कि कुलदीप सिंह उर्फ कुलदीप पटेल पर चुरहट में मारपीट, अड़ीबाजी, बलवा, चोरी, आर्म्स एक्ट के दर्जनभर अपराध दर्ज है। यह भी बताया जाता है कि वह हत्या के मामले में जेल में था और अभी जेल से छूटकर आया था। घटनास्थल पर एक महिला कुलदीप की मदद करते हुए नजर आ रही है। हालांकि वह महिला कौन है इसके बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है।

## निशातपुरा पुलिस ने निकाला जुलूस

# ऑटो में टक्कर लगने से बाइक सवार का किया अपहरण, मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

निशातपुरा पुलिस ने करोंद में दास मेडिकल के सामने गत 22 जनवरी की रात बाइक सवार युवक का अपहरण करने वाले ऑटो चालक और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, युवक की बाइक से ऑटो में मामूली टक्कर लगी थी। इसे से नाराज ऑटो चालक ने अपने साथी के मिलकर युवक को जबरन आटो में बैठा लिया और उसके साथ मारपीट की थी।

पुलिस के अनुसार विवेक अठ्या पिता मस्तराम अठ्या (20) न्यू एकता नगर, भोपाल में रहता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि गत 22 जनवरी की रात करीब पौने दस बजे वह संजय स्वीट्स करोंद से नाश्ता करने के बाद अपने घर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में उसकी बाइक से सवारी ऑटो में मामूली टक्कर लग गई। इससे नाराज ऑटो चालक ने उसकी बाइक के सामने आटो अड़ा दिया और जबरन उसे आटो में बैठाकर अपने साथ विश्वकर्मा नगर पानी की टंकी के पास ले गए।


आरोपियों का जुलूस निकालती पुलिस।

### पैसे नहीं दिए तो आरोपियों ने मारपीट की

आरोपियों ने विवेक से ऑटो सुधरवाने के लिए खर्चा मांगा, लेकिन उसके पास पैसे नहीं थे। इससे नाराज ऑटो चालक ने अपने साथी के साथ मिलकर विवेक के साथ मारपीट कर दी। बाद में उसे छोड़कर फरार हो गए थे। विवेक ने घटना की शिकायत पुलिस को की थी। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए। इसके बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान शाहरुख खान उर्फ भूरी पिता कल्लू खान और वाजिक शेख पिता अजीज शेख के रूप में की गई।

## छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित मंडी गेट के पास हुआ हादसा

# एक्टिवा सवार युवतियों को बस ने मारी टक्कर, छात्रा की मौत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित मंडी गेट के पास शनिवार रात राजस्थान पासिंग की बस ने एक्टिवा सवार युवतियों को टक्कर मार दी। इस हादसे में छात्रा की मौत हो गई, जबकि उसकी सहेली गंभीर रूप से घायल हुई है।

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस बस बरामद कर आरोपी चालक की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार माही यादव पिता रंजीत यादव (19) शारदा नगर, नारियलखेड़ा में रहती थी और बीकॉम फाइनल ईयर की छात्रा था। शनिवार रात वह अपनी अपनी सहेली के साथ एक्टिवा से मॉल घूमने गई थी। दोनों सहेलियां मॉल से लौट रही थी, तभी मंडी गेट के सामने छोला में उसे सामने से आ रही बस ने टक्कर मार दी। हादसे में माही औरउसकी सहली को गंभीर चोट आई थी। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान माही की मौत हो गई। सहेली की हालत गंभीर होने के कारण उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। माही परिवार की इकलौती बेटी थी। उसके पिता की डीआईजी बंगला क्षेत्र में चाय की दुकान हैं।



## नजीराबाद में भगवान की महाआरती की

# भगवान देवनारायण का जन्मोत्सव मनाया, निकाली शोभायात्रा


भगवान देवनारायण की शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नजीराबाद**

रविवार को कृषि मंडी प्रांगण में श्रद्धालुओं एकत्रित होकर भगवान देवनारायण का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया। इसके उपरांत शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मार्गों से होते हुए खजुरिया जोड़ स्थित देवनारायण भगवान के मंदिर पर पहुंच पहुंची। यहां भगवान देवनारायण की महाआरती की गई। इसके बाद प्रसाद वितरण कर भक्तों ने भगवान देवनारायण से प्रार्थना कर आशीर्वाद लिया। आयोजन में नजीराबाद पुलिस ने भी सहयोग किया।

## खेल उत्सव के विजेताओं को पुरस्कार किए जाएंगे वितरित

# नप प्रांगण में विधायक पटवा करेंगे ध्वजारोहण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज**

नगर परिषद के प्रांगण में गणतंत्र दिवस समारोह होगा। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुरेंद्र पटवा होंगे। स्कूलों के छात्र, नागरिक, पार्षद एवं अधिकारी समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे।



सीएमओ किरण रंहगडाले, नपा अध्यक्ष ने बताया कि इस अवसर पर तीन दिवसीय खेल उत्सव के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। विधायक सुरेंद्र पटवा ने पुण्य सलिला, मध्य प्रदेश की जीवन रेखा, मां नर्मदा प्राकट्योत्सव की लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पटवा ने कहा कि मां नर्मदा की शीतल धारा की तरह हमारा जीवन भी सदा निर्मल, शांत और पवित्र बना रहे। मां की कृपा सदैव हम सभी पर बरसती रहे। पटवा ने गणतंत्र दिवस की भी सभी नागरिकों शुभकामनाएं दी।

### गणतंत्र दिवस पर व्यापार महासंघ मुख्य चौराहे पर करेगा झंडावंदन

गणतंत्र दिवस पर व्यापार महासंघ झंडा वंदन मुख्य चौराहे पर करेगा एवं 27 जनवरी को व्यापार महासंघ के मिलन समारोह में लगभग 350 लोगों के शामिल होने की संभावना है। अध्यक्ष जगदीश चंदानी, उपाध्यक्ष कैलाश डब्बू नागर, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजू, उपाध्यक्ष विवेक मित्तल, सचिव प्रदीप अरोरा, कोषाध्यक्ष आशीष दीक्षित, महामंत्री रतन मेघानी, सहसचिव राजू भाई पटेल, सह कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ मित्तल, मीडिया प्रभारी दिनेश सेन, बल्लू अरोरा, रमेश वासवानी, मनोज मेघानी, अमित राय ने बताया कि 27 जनवरी को व्यापार महासंघ के मिलन समारोह में सुंदरकांड पाठ होगा। आदर्श रामलीला भजन मंडल एवं व्यापार महासंघ द्वारा तारानगर में सुंदरकांड का संगीतमय पाठ होगा। इसके उपरांत व्यापारी महासंघ मिलन समारोह का प्रारंभ होगा।

## कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का हुआ संचारः डॉ. नागर

# भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी की 'मन की बात'



मन की बात कार्यक्रम सुनते डॉ. नागर व पदाधिकारी।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज**

भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया।

भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर ने कहा कि प्रेरक विचारों के माध्यम से राष्ट्रनिर्माण, सामाजिक सहभागिता और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और मजबूती मिली। कार्यक्रम में प्रस्तुत विचारों से कार्यकर्ताओं में सकारात्मक ऊर्जा और जनसेवा के प्रति नई प्रेरणा का संचार हुआ।

इस अवसर पर वचन लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया आदि कार्यकर्ताओं ने मन की बात सुनी।

## सूखीसेवनिया स्थित गांव भदभदा में आत्महत्या करने से बचाया

# महिला ने लगाई फांसी, एएसआई ने फंदे से उतारा, महिला से दिलाई सीपीआर, बची जान

एएसआई दंडौतिया ने मौके पर पहुंचे, डायल 112 में महिला को लेकर एंबुलेंस तक पहुंचा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित गांव भदभदा में रविवार सुबह एक महिला ने अपने घर में फांसी लगा ली। सूचना मिलते ही डायल 112 में तैनात एएसआई राजेश दंडौतिया तत्काल मौके पर पहुंचे और महिला को फंदे से उतारा। महिला की जान बचाने एएसआई ने गांव की महिला को बुलाया और उसे सीपीआर देने का कहा। उसे यह भी बताया कि सीपीआर कैसे देने हैं। महिला ने सीपीआर दी और फांसी लगाने वाली महिला की जान बच गई।

इतना ही नहीं एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंची तो एएसआई पायलेट की मदद से एंबुलेंस से संपर्क में रहे और एंबुलेंस तक महिला को डायल 112 में लेकर पहुंचे। महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा है और उसकी स्थिति खतरे से बाहर हैं।

### सूचना मिलने के दस मिनट के भीतर गांव में पहुंची पुलिस

*गांव की महिला को बुलाया और उसे सीपीआर देने का तरीका भी बताया*

*महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा उसकी स्थिति खतरे से बाहर है*


महिला को एंबुलेंस में लेकर जाते स्वास्थ्य कर्मी।

जानकारी के अनुसार गांव भदभदा में रविवार सुबह पुलिस को सूचना मिली थी कि एक महिला फांसी का फंदा बनाकर फांसी लगा रही है। यह सुनते ही एएसआई राजेश दंडौतिया ने पायलेट को जल्दी मौके पर चलने को कहा। करीब दस मिनट के भीतर पुलिस मौके पर पहुंच गई। महिला फांसी के फंदे पर लटक चुकी थी। राजेश दंडौतिया ने आसपास के लोगों की मदद से महिला को फंदे से उतारा। महिला को सीपीआर की जरूरत थी। साथ में कोई महिला स्टाफ नहीं होने के कारण राजेश दंडौतिया ने गांव की एक महिला को सीपीआर के बारे में बताया और सीपीआर दिलवाई। इसी बीच एंबुलेंस को सूचना दे दी गई थी, लेकिन एंबुलेंस को घटनास्थल पर पहुंचने में देरी होने लगी। लिहाजा दंडौतिया ने डायल 112 में ही महिला को एंबुलेंस तक पहुंचाया। रास्ते में मिली एंबुलेंस में महिला को शिफ्ट कर अस्पताल भेज दिया है।

## कोलार एवं अमरनाथ कॉलोनी के विकास पर किया आयोजन

# विधायक रामेश्वर एवं पार्षद भदौरिया का किया स्वागत और अभिनंदन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

कोलार एवं अमरनाथ कॉलोनी के चहुंमुखी विकास को समर्पित विधायक रामेश्वर शर्मा एवं पार्षद सुनीता गुड्डु भदौरिया का अभिनंदन कर शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस समय अमरनाथ कॉलोनी कोलार की सुव्यवस्थित कॉलोनी के सूची में शामिल है, यह गौरव की बात है। सोसाइटी निर्माताओं ने जिस कल्पना के साथ अमरनाथ कॉलोनी की अमरनाथ यात्रा के बाद स्थापना की थी, उससे भी ज्यादा सुन्दर कॉलोनी हो रही है।

रहवासी प्रबंधन समिति के हर अध्यक्ष समिति ने जन सेवा भावना से कॉलोनी हित में कार्य किया है। किन्तु वर्तमान में कॉलोनी में मंदिर निर्माण के साथ पानी की टंकी का जीर्णोद्धार, सभा भवन (शेड) कमरों का निर्माण और पार्को का विकास प्रशंसनीय हैं। रविवार को विधायक रामेश्वर शर्मा ने मंदिर शेड का फीता काटकर उद्घघाटन किया। अमरनाथ कॉलोनी रहवासी समिति के पधाधिकारियों डीएस भदौरिया, सुरेंद्र सिंह, पीएस राजपूत, संजय मिश्रा, सुरेश राजपूत, अरविंद चौहान, डीके दुबे, बीआर त्रिपाठी, पीसी वर्मा, आरके श्रीवास्तव, योगेंद्र कुशवाह, धोरेन्द्र सिंह, संदीप श्रीवास्तव, मनोज चौधरी, अजीत सक्सेना ने अतिथियों को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। वार्ड 80 की पार्षद सुनीता गुड्डु भदौरिया को कॉलोनी की महिलाएं मीना त्रिपाठी, आशा श्रीवास्तव, पुष्पा दुबे, आशा सिंह आदि ने पुष्प भेट कर स्वागत किया।


विधायक रामेश्वर का सम्मान करते पदाधिकारी।



# सीधे सेटों में जीते अल्काराज, सबालेंका और गॉफ, क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▸▸ मेलबर्न

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और एरिना सबालेंका ने अपनी ख्याति के अनुरुप प्रदर्शन करते हुए सीधे सेटों में जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतकर करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने की कोशिश में लगे अल्काराज ने टॉमी पॉल पर 7-6 (6), 6-4, 7-5 से जीत दर्ज की जबकि महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने कनाडा की नंबर 17 विक्टोरिया एमबोको को 6-1, 7-6 (1) से हराया। सबालेंका का क्वार्टर फाइनल में मुकाबला 18 वर्षीय इवा जोविच से होगा। इस 29वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने यूलिया पुतिनत्सेवा को 53 मिनट में 6-0, 6-1 से हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के अंतिम आठ में जगह बनाई। खिताब की एक अन्य दावेदार कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में लगातार तीसरे वर्ष क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। उन्होंने 19वीं रैंकिंग की खिलाड़ी कैरोलिना मुचोवा को 6-1, 3-6, 6-3 से हराया।

### अल्काराज ने अपने खेल में किए बदलाव

*अल्काराज ने अपने खेल में कुछ बदलाव किए, जो इस मैच में कारगर साबित हुए। उन्होंने कोई डबल-फॉल्ट नहीं किया, अपनी पहली सर्विस को 70 प्रतिशत सही जगह पर पहुंचाया और उनमें से 79 प्रतिशत अंक जीते। उन्होंने अपनी दूसरी सर्विस पर भी 68 प्रतिशत अंक जीते।*

**ऑस्ट्रेलियाई ओपन**




### सबालेंका ने एमबोको को 31 मिनट में हराया

*वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पिछले चार वर्षों में तीसरा खिताब जीतने की कवायद में लगी सबालेंका ने अपनी दमदार सर्विस का शानदार नमूना पेश करते हुए कनाडा की 19 वर्षीय खिलाड़ी को केवल 31 मिनट में हरा दिया। सबालेंका दूसरे सेट में उतनी हावी नहीं रहीं और उन्होंने कुछ बेजा गलतियां की। इस सेट में एमबोको ने अच्छा खेल दिखाया।*

### जोकोविच का मिला वाकओवर क्वार्टर फाइनल में एंट्री

रिकॉर्ड 10 बार के विजेता नोवाक जोकोविच कोर्ट पर उतरे बिना ही ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं क्योंकि चौथे दौर में उनके प्रतिद्वंद्वी जैकब मेनसिक ने पेट की मांसपेशियों में खिंचाव कारण 24 घंटे पहले ही रविवार को अपना नाम वापस ले लिया।






# 10 ओवर में ही चेज कर लिया भारत ने लक्ष्य, 3-0 से बनाई अजेय बढ़त

## टी-20 में कीवियों को 8 विकेट से हराया, अभिषेक की 19 गेंद में सबसे तेज फिफ्टी

एजेंसी ▸▸ गुवाहाटी

भारत ने न्यूजीलैंड को तीसरे टी20 मैच में 10 ओवरों के शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने 3-0 से पांच मैचों की टी20 सीरीज में अजेय बढ़त बना ली। रविवार को गुवाहाटी के बारसपारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने ग्लेन फिलिप्स की 48 रनों की पारी के दम पर 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 153 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने अभिषेक शर्मा और सूर्यकुमार यादव की नाबाद अर्धशतकीय पारियों की बदौलत महज 10 ओवर में 155 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।



### ईशान किशन ने फिर मचाई धूम

सैमसन के पवेलियन लौटने के बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए ईशान किशन ने ओवर की तीसरी गेंद पर छक्का लगाकर अपने इरादे जाहिर कर दिए। उन्होंने अभिषेक शर्मा के साथ दूसरे विकेट के लिए 53 रनों की साझेदारी निभाई। इस दौरान किशन ने 215.38 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 28 रन ठोके। उनके बल्ले से तीन चौके और दो गगनचुंबी छक्के निकले।

### अभिषेक सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले दूसरे भारतीय

न्यूजीलैंड के खिलाफ इस मुकाबले में अभिषेक शर्मा का बल्ला एक बार फिर गरजा और उन्होंने महज 14 गेंदों में अर्धशतक पूरा कर लिया। वह भारत के लिए युवराज सिंह (12 गेंद) के बाद इस प्रारूप में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बन गए। वहीं, किसी फुल मेंबर टीम के खिलाफ सबसे तेज अर्धशतक लगाने के मामले में वह संयुक्त रूप से तीसरे सबसे तेज बल्लेबाज बन गए। उन्होंने कॉलिन मुनरो की बराबरी कर ली, जिन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 2016 में महज 14 गेंदों में ही अर्धशतक जड़ा था।

### 'प्रोग्राम ऑफ द ईयर' से नवाजा गया आर्मी रोइंग नोड

नई दिल्ली। पुणे के कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग में स्थित आर्मी रोइंग नोड ने खेल के विकास में अपनी अहम भूमिका के लिए विश्व रोइंग का 'प्रोग्राम ऑफ द ईयर' पुरस्कार हासिल किया है। उसने इस पुरस्कार की दौड़ में फ्रांस और यूनाइटेड किंगडम को पीछे छोड़ा। आर्मी रोइंग नोड (एआरएन) की स्थापना 2001 में हुई थी।




**फुटबॉल लीग ला लिगा**

## टॉप पर रियाल मैड्रिड, दूसरे स्थान पर खिसका बार्सिलोना



एजेंसी ▸▸ बार्सिलोना

किलियन एमबापे के दो गोल की मदद से रियाल मैड्रिड ने विलारियाल को 2-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में बार्सिलोना को पीछे छोड़कर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

एमबापे ने 47वें मिनट में पहला गोल किया और फिर इंजरी टाइम में पेनल्टी पर गोल करके यह सुनिश्चित किया कि रियाल मैड्रिड अंकतालिका में बार्सिलोना से दो अंक आगे निकल जाए। बार्सिलोना को पहला स्थान वापस पाने के लिए अपने अगले मैच में सबसे निचले पायदान पर काबिज रियाल ओविएडो को हराना होगा।

■ एमबापे ने दागे दो गोल

इस जीत से रियाल 21 मैच में 51 अंक हो गए हैं जबकि बार्सिलोना के 20 मैच में 49 अंक हैं। एटलेटिको मैड्रिड और विलारियाल के 20 मैच में 41 अंक हैं तथा वह क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। फ्रांस के स्टार खिलाड़ी एमबापे अभी तक ला लिगा में 21 गोल कर चुके हैं और वह सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में पहले स्थान पर हैं।

### महिला फुटबॉल टीम की कोच बनीं पामेला कोंटी

नई दिल्ली। इटली की पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पामेला कोंटी को भारतीय महिला अंडर-17 टीम की मुख्य कोच नियुक्त किया गया और वह इस साल भारत के एएफसी एशियाई कप अभियान की जिम्मेदारी संभालेंगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की यह इस महीने में राष्ट्रीय टीम के लिए की गई दूसरी नियुक्ति है। इस महीने की शुरुआत में कोस्टा रिका की एमेलिया वाल्वर्डे को सीनियर महिला टीम का मेंटोर (मार्गदर्शक) नियुक्त किया गया था। 2015 और 2023 में फीफा महिला विश्व कप में कोस्टा रिका टीम का नेतृत्व करने वाली एमेलिया एक से 12 मार्च तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाले एएफसी एशियाई कप तक टीम की देखरेख करेंगी। एएफसी महिला अंडर-17 एशियाई कप 30 अप्रैल से 17 मई तक चीन में आयोजित होगा। एआईएफएफ ने कहा कि 43 वर्षीय कोंटी अंडर-17 महिला टीम के महाद्वीपीय टूर्नामेंट की तैयारी के ट्रेनिंग शिविर में शामिल हो गई हैं, जो आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में चल रहा है।







# पर्थ स्कॉर्चर्स ने रिकॉर्ड छठी बार जीता बीबीएल का खिताब, सिडनी सिक्सर्स को 6 विकेट से हराया



एजेंसी ▸▸ पर्थ

सिडनी सिक्सर्स को 6 विकेट से मात देकर पर्थ स्कॉर्चर्स ने रिकॉर्ड छठी बार बिग बैश लीग (बीबीएल) खिताब अपने नाम कर लिया है। इससे पहले पर्थ स्कॉर्चर्स ने 2013/14, 2014/15, 2016/17, 2021/22 और 2022/23 का खिताब अपने नाम किया था। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी सिडनी सिक्सर्स पारी की अंतिम गेंद पर 132 के स्कोर पर सिमट गई।

इस टीम को डेनियल ह्यूज (7) के रूप में पहला झटका लगा। यहां से जोश फिलिप ने स्टीव स्मिथ के साथ दूसरे विकेट के लिए 27 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभालने की कोशिश की। स्मिथ 13 गेंदों में 24 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद फिलिप ने कप्तान मोइसेस हेनरिक्स के साथ तीसरे विकेट के लिए 32 रन जोड़े। फिलिप और हेनरिक्स 24-24 रन बनाकर आउट हुए। विपक्षी खेमे से झाय रिचर्डसन और डेविड पायने ने 3-3 विकेट हासिल किए, जबकि महली बियर्डमैन ने 2 विकेट निकाले। आरोन हार्डी को 1 सफलता हाथ लगी।

### स्कॉर्चर्स ने 17.3 ओवरों में मैच किया अपने नाम

इसके जवाब में पर्थ स्कॉर्चर्स ने 17.3 ओवरों में खिताबी मैच अपने नाम कर लिया। इस टीम को मिचेल मार्श और फिन एलन की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 50 गेंदों में 80 रन की साझेदारी की। फिन 22 गेंदों में 1 छक्के और 4 चौकों के साथ 36 रन बनाकर आउट हुए। कुछ देर बाद टीम ने आरोन हार्डी (5) का विकेट भी खो दिया। इसके बाद मार्श ने जोश इंगलिस के साथ तीसरे विकेट के लिए 33 रन जुटाकर टीम को जीत के बेहद करीब पहुंचा दिया। मार्श 43 गेंदों में 2 छक्कों और 4 चौकों के साथ 44 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद जोश ने मोर्चा संभाला। जोश इंगलिस ने 29 रन की नाबाद पारी खेली। विपक्षी खेमे से सीन एबॉट ने सर्वाधिक 2 विकेट हासिल किए। इनके अलावा, मिचेल स्टार्क और जैक एडवर्ड्स ने 1-1 विकेट अपने नाम किया।



गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन, अशोक चक्रधर, सुरेंद्र शर्मा, वसीम बरेलवी ने सुनाई रचनाएं

रचनाओं में रिश्तों व मूल्यों को सादगी से किया प्रस्तुत

# राष्ट्रभक्ति, ओज, हास्य और संवेदना की बही काव्य-धारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रवींद्र भवन में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। रविवार की शाम आयोजित इस कार्यक्रम में देश के सुविख्यात कवि-कवयित्रियों ने राष्ट्रभक्ति, सामाजिक सरोकार और मानवीय संवेदनाओं से ओतप्रोत कविताओं का पाठ कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

**रवींद्र भवन में आयोजन**

दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ संचालक संस्कृति एनपी नामदेव एवं उप संचालक डॉ. पूजा शुक्ला सहित सभी कविजनों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत शॉल भेंट कर किया गया। डॉ. सीता सागर ने सरस्वती वंदना से कवि सम्मेलन की शुरुआत की।

## राष्ट्रप्रेम से भरी पंक्तियों 'हम रहें न रहें, देश जिंदा रहे' ने किया भावुक



शैलेन्द्र सिंह की राष्ट्रप्रेम से भरी पंक्तियों 'हम रहें न रहें, देश जिंदा रहे' ने भावुक कर दिया। हिमांशी बावरा की ग़ज़लों में रिश्तों का दर्द झलका। कैलाश मंडेला और श्रद्धा शौर्य ने ओजस्वी कविता पाठ से खूब तालियां बटोरीं। अशोक चक्रधर ने 'सिक्के की औक़ात' से तीखा व्यंग्य प्रस्तुत किया, वहीं डॉ. सुरेन्द्र शर्मा ने अपने चिर-परिचित हास्य से माहौल को जीवंत बना दिया। अंत में वसीम बरेलवी की ग़ज़लों ने रिश्तों और मूल्यों की गहराई को सादगी से प्रस्तुत कर कार्यक्रम को यादगार बना।

# मैनिट में मैफिक एक्सटेक्नो सर्च 2026 का हुआ समापन

**भोपाल।** मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में आयोजित चार दिवसीय मैफिक एक्सटेक्नो सर्च 2026 का चौथा एवं समापन दिन रविवार संगीत और उत्साह के नाम रहा। समापन समारोह में प्रसिद्ध गायक मोहम्मद इरफान की लाइव परफॉर्मेंस ने छात्रों और दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

## परिणामों की घोषणा के साथ पुरस्कार वितरण

प्रतियोगिताओं के परिणामों की घोषणा के साथ पुरस्कार वितरण समारोह हुआ, जिसमें विजेताओं को सम्मानित किया गया। शाम ढलते ही रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और संगीतमय क्लोजिंग नाइट ने माहौल को उत्सवमय बना दिया।

फेमिना मिस इंडिया मप्र 2025 ऑडिशन्स 2.0

# चंदेरी, महेश्वरी, वाघ प्रिंट से मप्र की पारंपरिक पहचान हुई जीवंत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फेमिना मिस इंडिया मध्य प्रदेश 2025 के दूसरे चरण के ऑडिशन्स 2.0 का आयोजन रविवार को इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में हुआ। यह आयोजन केवल सौंदर्य प्रतियोगिता तक सीमित न रहकर सतत विकास, स्थानीय हस्तशिल्प और मध्य प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को समर्पित एक सशक्त मंच के रूप में उभरा।

राज्य के विभिन्न जिलों से आई प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास और गरिमा के साथ ऑडिशन्स में भाग लिया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने चंदेरी, महेश्वरी, वाघ प्रिंट, बंधेज सहित अन्य स्वदेशी हथकरघा वस्त्रों में प्रस्तुति देकर मध्य प्रदेश की पारंपरिक पहचान को जीवंत किया। यह पहल स्थानीय कारीगरों के सम्मान के साथ-साथ सतत फैशन और जिम्मेदार चयन का प्रभावशाली संदेश देने में सफल रही।

ऑडिशन्स का आयोजन फेमिना मिस इंडिया मध्य प्रदेश की आधिकारिक लाइसेंसी संस्था ब्राइट स्टेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया। जूरी पैनल में अंतरराष्ट्रीय पेजेंट क्वीन एवं यूमर अपेक्षा श्रीवास्तव, सेलिब्रिटी व सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रश्मि गोल्या, प्रसिद्ध डिज़ाइनर एवं ट्रेडिशनल राउंड पार्टनर ऐसी कोशी और मिसेज यूनिवर्स अमृता त्रिपाठी शामिल रहीं। जूरी ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन आत्मविश्वास, संवाद कौशल, मंच उपस्थिति व्यक्तित्व के आधार पर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्राइट स्टेज के फाउंडर डायरेक्टर्स डॉ. सुबोध श्रीवास्तव एवं निखला गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि संस्था का उद्देश्य प्रतिभा को मंच देने के संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है।










TOLL FREE NO. 1800-266-0018

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ˜Based on the combined & cumulative dispatch volume of the Splendor range of motorcycles till March 2025. *Internal benchmarking on the basis of data available in public forums for 100cc segment bikes in India. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. #Ex-showroom price of SPLENDOR+ XTEC 2.0 DRUM BRAKE in Madhya Pradesh.

अधिकृत डीलरः भोपालः वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूलः खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावराः आनंद हीरो 9289922871, गुनाः गगन हीरो 9289922358, अशोक नगरः आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदाः राहुल हीरो 9289922491, विदिशाः पाल हीरो 9289922379, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, छतरपुरः आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियरः तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिण्डः शिवम हीरो 9289922787, दतियाः शिव हीरो 9289923172, मुरैनाः गगन हीरो 9289922678, श्योपुरः आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरीः रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौरः सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानीः शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुरः श्रीजी हीरो 9289922372, देवासः खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धारः साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलियाः श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआः नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षीः अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवाः ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोनः निमाड़ हीरो 9289922378, महूः लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुरः रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, एसोसिएट डीलरः आष्टाः श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोनाः आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेलीः श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपालः मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीपः सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, बंडाः श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरूल्लागंजः जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदाः ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसीः रेवा मोटर्स 9425630406, जताराः शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेराः आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरियाः राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़ः गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोरः प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेनः युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीनाः राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़ः एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुरः हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़ः बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुरः गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरीः श्याम हीरो 7748890061, जामनेरः अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंजः प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिरालीः भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनीः गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाहः उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबराः दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोरः दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़ः शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारसः भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़ः लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवासः बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहदः ओम साईं मोटर्स 8358994876, लहारः लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुरः विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़ः न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावरः नज्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़ियाः कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियांः अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेराः गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमाः अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोदः अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौरः क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडीः अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमलः हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावदः भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरीः कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊः अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवाः डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवालीः श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदाः कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, पुंजापुराः पटेल मोटर्स 9755567226, सतवासः शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोटः आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छः भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लोदः लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोदः जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलियाः श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौराः विजयानंद मोटर्स 9754451762, राणापुरः सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबटः धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवाः राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्राः श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौरः आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़ः रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़ः महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमलीः न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, नेहरू नगर, भोपालः रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53,
Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुनाः गगन हीरो 9289922358, विदिशाः पाल हीरो 9289922379, भिण्डः शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुरः रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेराः गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगीः श्री मोटर्स, 9340927342
RS/Hero/06/25

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930